**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.8 | 25.7 |
| धनबाद | 32.7 | 27.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 14 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 97 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## ब्रीफ न्यूज

### गडकरी में पीएम बनने के सभी गुण मौजूद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने कहा है कि अगर पीएम मोदी 75 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद पद छोड़ते हैं, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी देश के अगले पीएम के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हो सकते हैं. विधायक का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 75 वर्ष की उम्र के बाद नेताओं को खुद को राजनीतिक पद से अलग कर लेना चाहिए.

### उर्वरकों की गुणवत्ता के लिए अभियान चलाएं

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में उर्वरकों की गुणवत्ता के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. इसका उद्देश्य नकली उर्वरकों की बिक्री को रोकना और किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना है. कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें सही समय पर किफायती और गुणवत्ता वाले उर्वरक मिलना जरूरी है.

### तेलुगू फिल्मों के दिग्गज अभिनेता का निधन

**हैदराबाद।** वरिष्ठ अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव (83) का रविवार सुबह निधन हो गया. वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और रविवार तड़के फिल्मनगर स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली. कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई, 1942 को कृष्णा जिले के कांकीपाडु में हुआ था. उन्होंने 1968 में रुक्मिणी से विवाह किया था. उनकी दो बेटियां और एक बेटा है. कोटा श्रीनिवास राव के पुत्र कोटा प्रसाद का 21 जून, 2010 को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था.

### खुद को आग लगाने वाली छात्रा गंभीर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर है. एम्स भुवनेश्वर के अधिकारियों ने उसकी स्थिति को लेकर जानकारी दी है. कहा कि अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण हैं और पीड़िता की हालत में सुधार नहीं दिख रहा. इसी बीच सीएम मोहन चरण माझी दिल्ली से तीन दिवसीय दौरे के बाद सीधे एम्स पहुंचे. वहां उन्होंने पीड़िता की स्थिति का जायजा लिया. और कहा कि छात्रा को दिल्ली एम्स के प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज दिया जा रहा है.

### अमरनाथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई. इस हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गए. यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं. हादसे में घायल सभी श्रद्धालुओं को तत्काल अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टर ने बताया श्रद्धालुओं को उपचार देने के बाद रेफर कर दिया गया है.

**बिहार में गड़बड़झाला:** चुनाव आयोग के 'एसआईआर' में हुए चौंकाने वाले खुलासे

# बिहार वोटर लिस्ट में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के घुसपैठिए भी शामिल!

शुभम संदेश डेस्क

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग ने चौंकाने वाले खुलासे करने शुरू कर दिए हैं. आयोग में उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, बिहार में एसआईआर के दौरान घर-घर जाकर किए गए दौरे में बूथ लेवल अफसरों यानी बीएलओ को नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं.

**30 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगी अंतिम सूची :** चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि 1 अगस्त 2025 के बाद, उचित जांच के बाद उनके नाम 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली अंतिम सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे. उम्मीद है कि 30 सितंबर के बाद आयोग इस संख्या के आंकड़े भी उजागर करे. बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के तहत मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है.

**80% वोटर्स ने दी जानकारी :** अब तक 80 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने बारे में आवश्यक जानकारी यानी नाम, पता, जन्मतिथि, आधार नंबर, वोटर पहचान पत्र नंबर सहित दर्ज कर फॉर्म जमा कर दिए हैं. हालांकि आयोग ने इस काम के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की हुई है. लेकिन उम्मीद है कि तय समय सीमा से पहले ही ये काम पूरा हो जाएगा.

**नाम नहीं आया तो क्या करें? :** जिन लोगों के नाम एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाताओं की ड्राफ्ट सूची यानी मसौदा सूची में नहीं होंगे तो वो क्रमशः मतदान रजिस्ट्रेशन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर प्रमाण पत्रों के साथ दावा कर सकते हैं. वोटर्स की फाइनल लिस्ट 30 सितंबर को प्रकाशित होगी.

**चुनाव आयोग के दावों को तेजस्वी ने किया खारिज**

## कहा-फर्जी अपलोडिंग हो रही है

**पटना ।** चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दौरान 80 प्रतिशत फॉर्म जमा होने का दावा किया है. अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने चुनाव आयोग के दावों को खारिज कर दिया है. कहा कि चुनाव आयोग का 80 फीसदी फॉर्म जमा होने का दावा जमीनी हकीकत से पूरी तरीके से विपरीत है. उन्होंने कहा कि कई जगह फर्जी तरीके से फॉर्म अपलोड किए जा रहे हैं. हमलोगों ने इस पर सवाल भी उठाया लेकिन चुनाव आयोग इस गंभीर मामले पर चुप है.

**आंकड़े मात्र अपलोडिंग का दर्शा रहे हैं :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग ने ये नहीं बताया कि कितने प्रपत्र सत्यापित, स्वच्छ और वैध तरीके से भरे गए हैं? जमीन से लगातार हमें सूचना मिल रही है कि बिना मतदाता के जानकारी और बिना सहमति के बीएलओ द्वारा फर्जी अंगूठा या हस्ताक्षर लगाकर प्रपत्र को अपलोड किया जा रहा है. आंकड़े मात्र अपलोडिंग का दर्शा रहे हैं जबकि आयोग ने प्रमाणिकता, सहमति और वैद्यता की कोई गारंटी नहीं दी है.




**केवल उपस्थिति की सूचना दर्ज की जा रही है :** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि सुप्रीम द्वारा दस्तावेजों में लचीलापन लाने की सलाह के बावजूद निर्वाचन आयोग ने कोई औपचारिक संशोधित अधिसूचना जारी नहीं की है. चुनाव आयोग ने यह नहीं बताया कि कितने प्रपत्र बिना दस्तावेज या बिना मतदाता के प्रत्यक्ष भागीदारी के अपलोड हुए हैं? चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों की भागीदारी का उल्लेख तो किया गया है लेकिन यह नहीं बताया गया कि बीएलओ को वास्तविक निरीक्षण की भूमिका दी गई या केवल उपस्थिति की सूचना दर्ज की जा रही है. कई जिलों में विपक्षी दलों के बीएलओ को सूचित नहीं किया गया है और प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी से रोका गया है. बीएलओ और ईआरओ पर 50%+ अपलोडिंग का लक्ष्य थोपे जाने के कई रिपोर्ट आ चुके हैं. इसकी जांच होनी चाहिए.

**एक-एक वोटर पर हमारी नजर है :** तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट में सफलता के दावे किए गए हैं लेकिन जमीनी सतह पर कहीं सर्वर डाउन, ओटीपी की समस्या, लॉगिन एरर, दस्तावेज अपलोड फेल, गलत मैपिंग जैसी गंभीर तकनीकी समस्याएँ लगातार सामने आई हैं. तकनीकी शिकायतों की लगातार अनदेखी की जा रही है. इन शिकायतों के लिए बीएलओ या मतदाता को कोई सपोर्ट सिस्टम, टिकटिंग पोर्टल या हेल्पलाइन उपलब्ध नहीं कराई गई है. 25 जुलाई की समय सीमा के पहले ही अपलोडिंग पूरा करने की बात कही जा रही है, जिससे गुणवत्ता और वैधता की जगह संख्या और गति पर जोर है. ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चुनाव आयोग की यह एस.आई.आर प्रक्रिया एक आई वॉस है. चुनाव आयोग ने बीजेपी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर बूथ के आंकड़ों के हिसाब से पहले ही जोड़-तोड़ कर रखा है. लेकिन हम भी कम नहीं है, एक एक वोटर पर हमारी नजर है और सबका आंकड़ा हमारे पास है. केस सुप्रीम कोर्ट में है.

### ये दस्तावेज मांग रहे बीएलओ

- मान्यता प्राप्त बोर्ड या विवि द्वारा निर्गत शैक्षिक प्रमाण पत्र
- जाति प्रमाण पत्र
- राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी)
- पासपोर्ट
- राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकार द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर
- बैंक, डाकघर, एलआईसी आदि द्वारा 1 जुलाई 1987 के पूर्व निर्गत किया गया कोई भी प्रमाण पत्र
- वन अधिकार प्रमाण पत्र
- नियमित कर्मचारी या पेंशनभोगी कर्मियों का पहचान पत्र
- स्थाई निवास प्रमाण पत्र
- सरकार की कोई भी भूमि या मकान आवंटन का प्रमाण पत्र
- सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र



### देशभर में सूची संशोधन की तैयारी चुनाव आयोग ने शुरू किया काम

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है. यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा. चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी. बता दें कि, चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पुनरीक्षण के खिलाफ चुनौती दी थी, उनका कहना था कि इससे योग्य नागरिकों को वोट डालने का अधिकार मिल सकता है.

### इससे पहले किन राज्यों में कब किया गया था विशेष पुनरीक्षण?

अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है. दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था. उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है. चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा.




वकील, शिक्षाविद् व पूर्व राजनयिक को मिला मौका

## राष्ट्रपति ने निकम सहित 4 सदस्यों को किया मनोनीत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राज्यसभा के लिए चार नए सदस्यों उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टे, हर्षवर्धन श्रृंगला और मीनाक्षी जैन को मनोनीत किया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 की उपधारा (1) के उपखंड (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उक्त अनुच्छेद की उपधारा (3) के साथ पठित होकर राष्ट्रपति ने नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्तियों की पूर्ति हेतु राज्यसभा में उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला तथा डॉ. मीनाक्षी जैन को नामित किया है.

नामित सदस्यों में उज्ज्वल देवराव निकम जाने-माने अधिवक्ता हैं, जिन्होंने मुंबई आतंकी हमले में जिंदा पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. जबकि सी. सदानंदन मास्टर केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् हैं. हर्षवर्धन श्रृंगला भारत के पूर्व विदेश सचिव हैं. मीनाक्षी जैन प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् हैं. ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं.

### पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम मोदी ने राज्यसभा के लिए नामित चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपलब्धियों और योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी. मोदी ने एक्स पर साझा की. मोदी ने कहा कि अधिवक्ता उज्ज्वल निकम का न्यायिक क्षेत्र में समर्पण अनुकरणीय है. सी. सदानंदन मास्टर के बारे में कहा कि उनका जीवन साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है. उन्होंने उनके शिक्षा और सामाजिक सेवा क्षेत्र में योगदान की सराहना की और कहा कि वे युवा सशक्तिकरण के प्रति अत्यंत समर्पित हैं. हर्षवर्धन श्रृंगला को मोदी ने कुशल राजनयिक, विचारशील बुद्धिजीवी और चिंतक बताया. डॉ. मीनाक्षी जैन की प्रशंसा करते हुए पीएम ने कहा कि उन्होंने शिक्षा, साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य किया है.



**पटना :** हमलावरों ने दागी तीन गोलियां, जांच शुरू

## वकील की दिनदहाड़े हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े गोलीबारी की बड़ी वारदात सामने आई है. अज्ञात हमलावरों ने एक वकील की तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी. जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. घायल व्यक्ति की पहचान जितेंद्र कुमार महतो (उम्र लगभग 58 वर्ष) के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के एएसपी अतुलेश झा और सुल्तानगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी. पुलिस ने घटनास्थल से 2 खाली कारतूस के खोखे भी बरामद किए हैं, जो गोलीबारी की पुष्टि करते हैं. फिलहाल एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी बुलाया लाय गया है, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान में मदद मिल सके. इससे पहले पटना के पिपरा इलाके के शेखपुरा गांव में एक ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की शनिवार शाम खेत में काम करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

**गुंडागर्दी:** महाराष्ट्र में मराठी न बोलने पर यूपी के ऑटो चालक की पिटाई

## निशिकांत बोले-ठाकरे परिवार की पार्टी, लातों के भूत बातों से नहीं मानते

एजेंसियां। नयी दिल्ली

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मराठी नहीं बोलने पर एक ऑटो चालक के साथ शिवसेना (यूबीटी) के लोगों ने मारपीट की. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वहीं अब इस घटना को लेकर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे का बयान सामने आया है. मराठी ना बोलने पर ऑटो ड्राइवर से की गई मारपीट पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, ठाकरे परिवार की पार्टी- लातों के भूत बातों से नहीं मानते.

### मारपीट मामले में मामला दर्ज नहीं हुआ है

पुलिस ने रविवार को कहा कि हमने ऑटो चालक से मारपीट वीडियो देखा है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, इसलिए अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है. उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के एक स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. गौरतलब है कि पालघर के विरार इलाके में रहने वाले यूपी के प्रवासी ऑटो चालक ने कथित तौर पर मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिस पर सोशल मीडिया और राजनीतिक समूहों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी थीं. वीडियो में देखा गया कि कथित तौर पर एक समूह, व्यस्त सड़क पर चालक को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है, बाद में उस व्यक्ति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए कहा गया.



पीसीआई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को बताया बड़ा 'विलेन'

## भारत से सीजफायर की भीख मांग रही थी पाक सेना

एजेंसियां। इस्लामाबाद

भारत के साथ बीती मई में चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान पाकिस्तानी सेना ने भारत के सामने युद्धविराम की गुहार लगाई थी. पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है. पाकिस्तान-चाइना इंस्टिट्यूट (पीसीआई) की रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने ही अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क किया था. इस तरह इसने डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावे को खारिज कर दिया है. इसमें यह भी कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान ट्रंप की मध्यस्थता की कोशिश से अमेरिका की प्रतिष्ठा को गहरा धक्का पहुंचा है.

### अमेरिकी रणनीति को नुकसान

दक्षिण एशिया को नया आकार देने वाले 16 घंटे' शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट में पांच बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है. सबसे पहले यह दावा करती है हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रणनीति को ट्रंप के मध्यस्थता प्रयास ने नुकसान पहुंचाया है. ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान से एक तरह व्यवहार किया और कश्मीर पर मध्यस्थता की पेशकश की. इस रुख ने क्षेत्रीय स्थिरता के रूप में चीन की भूमिका को बढ़ाया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन दक्षिण एशिया में अमेरिकी प्रभुत्व बनाए रखने में विफल रहा है.

**अमेरिका और नाटो को धमकी :** रिपोर्ट में अमेरिका और नाटो को अप्रत्यक्ष रूप से चीनी हथियारों की धमकी दी गई है. कहा गया कि अमेरिका और नाटो को चीन के सथ तकनीकी अंतर के बारे में अपनी धारणाओं का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान में इस्तेमाल होने वाली चीनी सैन्य प्रणालियां पश्चिमी तकनीकों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं.

**ट्रंप कैसे बन गए संघर्ष में विलेन :** इसमें अमेरिका का अपने सहयोगी भारत का समर्थन करने के बजाय ट्रंप का एक्स पर मध्यस्थता करने की घोषणा करने को एक कूटनीतिक चूक बताया गया है. इसमें कहा गया कि पाकिस्तान की प्रशंसा करके और कश्मीर पर मध्यस्थता की पेशकश करके अमेरिका ने अनजाने में पाक के प्रमुख समर्थक चीन का प्रभाव बढ़ा दिया. इसने ट्रंप की वैश्विक नेता के रूप में छवि को कमजोर किया है.

**पाकिस्तान सेना ने किया युद्धविराम के लिए संपर्क :** रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि 10 मई को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष से सीधे सैन्य स्तरीय संवाद के लिए संपर्क किया था. हालांकि, यह रिपोर्ट इस्लामाबाद में लोगों को नाराज कर सकती है, लेकिन इसने साफ कर दिया है कि युद्धविराम की मांग पाकिस्तान की तरफ से की गई थी.

**चौंकाने वाला खुलासा :** नेचर जर्नल में छपी अध्ययन रिपोर्ट ने डराया

## 2008 के बाद जन्मे बच्चों में गैस्ट्रिक कैंसर का खतरा

शुभम संदेश डेस्क

कैंसर वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, ये दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण भी है. कुछ दशकों पहले तक माना जा रहा था कि कैंसर सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी है, हालांकि हाल के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि अब कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 से कम उम्र वाले बच्चे भी कैंसर का शिकार हो रहे हैं. यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस गंभीर रोग से बचाव के लिए उपाय करते रहने की सलाह देते हैं.

कम उम्र के लोगों में कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर एक हालिया अध्ययन में कई डराने वाली जानकारियां सामने आई हैं. नेचर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भारत सहित कई एशियाई देशों में कम उम्र के लोगों में पेट के कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है.

एक नए वैश्विक अनुमान में चेतावनी दी गई है कि 2008 से 2017 के बीच पैदा हुए 15.6 मिलियन (1.56 करोड़) से अधिक बच्चों को उनके जीवनकाल में पेट का कैंसर हो सकता है. इनमें से अधिकांश एशिया में और कई भारत में हैं. 185 देशों में अपेक्षित और रोके जाने योग्य गैस्ट्रिक कैंसर के अनुमान के आधार पर ये निष्कर्ष निकाले गए हैं.

### एच पाइलोरी संक्रमण और कैंसर का खतरा

शोधकर्ताओं ने बताया कि अकेले भारत में 1.6 मिलियन (16 लाख) से अधिक लोगों में गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर का खतरा हो सकता है. अध्ययन के दौरान विशेषज्ञों ने पाया कि भविष्य में पेट के कैंसर के इन मामलों में से 76 प्रतिशत हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (एच पाइलोरी) से संबंधित हो सकते हैं, ये एक प्रकार का खतरनाक बैक्टीरियल संक्रमण है जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, हालांकि अच्छी बात ये है कि ये संक्रमण उपचार योग्य होता है. शोधकर्ताओं ने एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को रोकने के लिए तत्काल निवेश, जांच और एच. पाइलोरी के उपचार को बढ़ाने का सलाह दी है.



**गैस्ट्रिक कैंसर और इसके जोखिम कारक**

गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर को लेकर वैसे तो कम चर्चा की जाती है, हालांकि इसका खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है. यह वैश्विक स्तर पर कैंसर से मृत्यु चार्ट में पांचवें स्थान पर है. चूंकि इसके लक्षण आमतौर पर पेट की अन्य कई समस्याओं से मिलते जुलते होते हैं यही कारण है समय पर इसका निदान हो पाना कठिन हो जाता है.

**अध्ययन में क्या पता चला :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इकाई, अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में, ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी के डेटाबेस का उपयोग किया गया. संयुक्त राष्ट्र के जनसांख्यिकीय अनुमानों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि 2008 और 2017 के बीच पैदा हुए बच्चों को उनके जीवनकाल में गैस्ट्रिक कैंसर हो सकता है.

### अंतरिक्ष की यात्रा से कल लौट रहे शुभांशु शुक्ला

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को अंतरिक्ष से वापस लौट रहे हैं. जहां शुभांशु की पूरी टीम को कैलिफोर्निया के तट पर उतरने के बाद 7 दिनों तक पुनर्वास में रखा जाएगा. ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक आइएसएस पर प्रवास में अंतरिक्ष की यात्रा से होकर लौट रहे हैं. नासा ने बताया कि एक्सिओम-4 के चारों अंतरिक्ष यात्री 14 जुलाई को अंतरिक्ष से 4:35 मिनट पर आइएसएस से रवाना होंगे. वहीं उनका यान 15 जुलाई को अपराह्न 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर उतरेगा. बता दें कि शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन, टेस्ट पायलट और इसरो के अंतरिक्ष यात्री हैं. वे उन 4 अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं जिन्हें अंतरिक्ष उड़ान के लिए चुना गया है.




**ढाका :** बांग्लादेश में 'धृतराष्ट्र' बने मोहम्मद यूनुस!

## ढाका में हिंदू व्यापारी की हत्या शव पर नाचते रहे हमलावर

एजेंसियां। ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हिंदू कबाड़ व्यापारी लाल चंद सोहाग की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. घटना के बाद देशभर में गुस्से की लहर दौड़ गई है. यह हत्या ऐसे समय पर हुई है जब देश की अंतरिम सरकार पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते रहे हैं. पुराने ढाका के मिटफोर्ड अस्पताल के सामने जबरन वसूली करने वाले कुछ लोगों ने लाल चंद को घेर लिया और कंक्रीट के स्लैब से उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वायरल वीडियो में हमलावरों को उनके शव पर नाचते हुए भी देखा गया, जिससे माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया.



### छात्रों ने किया सड़कों पर विरोध प्रदर्शन

घटना के खिलाफ ढाका के कई विवि के छात्रों ने प्रदर्शन किया. छात्रों ने सरकार से पूछा– जब जबरन वसूली करने वाले हिंसा कर रहे हैं, तो अंतरिम सरकार क्या कर रही है? पुलिस ने हत्या के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो के पास अवैध हथियार भी मिले हैं. लाल चंद की बहन मंजुआरा बेगम ने कोतवाली थाने में हत्या का केस दर्ज कराया है.

## सबकुछ ठीक रहा, तो रांची, जमशेदपुर और धनबाद में भी दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन !

# राज्य सरकार ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को भेजा आधिकारिक प्रस्ताव

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के लोग जल्द ही मेट्रो की सवारी का सपना सच होते देख सकते हैं. राज्य सरकार ने रांची, जमशेदपुर और धनबाद जैसे प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की पहल करते हुए भारत सरकार को आधिकारिक प्रस्ताव भेजा है. यह प्रस्ताव शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय के सचिव को भेजा गया है. यह कदम राज्य में बढ़ते ट्रैफिक, प्रदूषण और समय की बर्बादी जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान देने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है.



### प्रस्ताव में क्या-क्या शामिल है?

सरकार के प्रस्ताव में इन बिंदुओं को प्रमुखता से रखा गया है:

- मेट्रो परियोजना की फिजिबिलिटी स्टडी और एलाइनमेंट सर्वे कराया जाए
- डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने की अनुमति दी जाए
- केंद्र सरकार से योजना को जल्द स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया है

### क्यों जरूरी है मेट्रो झारखंड के लिए

झारखंड के शहर अब पहले जैसे नहीं रहे. शहरीकरण बढ़ रहा है, गाड़ियां सड़कों पर बेतहाशा बढ़ रही हैं और ट्रैफिक जाम अब रोज की परेशानी बन चुका है. ऐसे में मेट्रो एक आधुनिक, तेज और इको-फ्रेंडली समाधान हो सकता है.

### जानिए मेट्रो से क्या होंगे सीधे फायदे

- यातायात का दबाव कम होगा
- प्रदूषण घटेगा, लोगों की सेहत सुधरेगी
- सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा का अनुभव मिलेगा
- रोज़गार और व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा
- शहरों की प्लानिंग और बुनियादी ढांचा होगा स्मार्ट

**टीओडी मॉडल से शहर बनेंगे और भी स्मार्ट:** इस मेट्रो योजना में झारखंड सरकार ट्रांसिट ओरियेंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) मॉडल को भी अपनाने जा रही है. इससे मिश्रित ज़ोनिंग, बेहतर कनेक्टिविटी और उच्च घनत्व वाले क्षेत्र विकसित होंगे, जिससे शहरी जीवन और भी बेहतर होगा.

**सरकार की प्रतिबद्धता:** झारखंड सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मेट्रो रेल नीति 2017 के सभी मापदंडों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है. इसमें सीएमपी (कांम्प्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान, पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) और वीसीएफ (वैल्यू कैप्चर फाइनेंशिंग) जैसे इनोवेटिव मॉडल शामिल होंगे.

**मुख्यमंत्री ने खुद उठाई थी यह मांग :** इस मेट्रो योजना की नींव हाल ही में 10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में रखी गई थी, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह से रांची में मेट्रो परियोजना की मांग की थी. इसके बाद, 11 जुलाई को शहरी विकास विभाग ने केंद्र को विस्तृत प्रस्ताव भेज दिया.

## सऊदी अरब में हादसे में मृत धनंजय महतो का पार्थिव शरीर स्वदेश आया

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशीलता और श्रमिकों/कामगारों के प्रति सम्मान का प्रतिफल है कि विदेशों में हादसे में मृत कामगारों का पार्थिव शरीर स्वदेश उनके परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है. धनंजय महतो भी उनमें से एक हैं जिनका पार्थिव शरीर राज्य सरकार के श्रम विभाग के अधीन राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के प्रयास से सऊदी अरब के तबूक से ग्राम बंडखड़ी, पोस्ट उचाघना, थाना विष्णुगढ़, जिला हज़ारीबाग उनके परिजनों तक पहुंच गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय धनंजय महतो लार्सन एंड टुब्रो कंपनी में कार्यरत थे. सऊदी अरब के तबूक में कार्य के दौरान दिनांक 24 मई 2025 को उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी.



### परिजनों को मिलेगा मुआवजा

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा कंपनी एवं परिजनों के साथ समन्वय स्थापित कर मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा.

## बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

### स्कूली बच्चों की साइकिल भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



**रांची।** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा साधा है. उन्होंने कहा, राज्य सरकार में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है. स्कूली छात्रों को दी जाने वाली साइकिल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है. कल्याण विभाग द्वारा सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को कबाड़ साइकिलें वितरित की जा रही हैं.
साइकिलें या तो पहले से पंचर थीं, या उनके टायर-ट्यूब ही फटे हुए थे. कुछ के हैंडल ढीले तो कुछ की चेन जाम. मजबूरन बच्चे साइकिलें कंधे पर ढोते या हाथ में थामे पैदल लौटे. उन्होंने आगे कहा, प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि हर बच्चों की योजनाएं तक इससे अछूती नहीं रही.
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खराब हो चुकी सारी साइकिलें वापस लेकर बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए.

## सुनील कुमार साहू ने 500 समर्थकों के साथ थामा राजद का दामन

# केंद्र सरकार पर राजद नेताओं ने साधा निशाना

शुभम संदेश। रांची



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में रविवार को एक बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिला जब लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने अपने 500 समर्थकों के साथ आरजेडी का दामन थाम लिया. इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, यह सरकार ना सिर्फ पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है, बल्कि उन राज्यों के भी खिलाफ काम कर रही है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है. ऐसी सरकार को तत्काल हटाने की जरूरत है.

इस अवसर पर पार्टी के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा, "बिहार की जनता डबल इंजन की सरकार से त्राहिमाम कर रही है. वहीं राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने तेली समाज की एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह वही तेली समाज है जिसे मनुवादियों ने दुत्कारा था, सुबह उठकर जिनका चेहरा तक नहीं देखना चाहते थे. यह लालू यादव की दूरदर्शिता और महानता है कि उन्होंने वंचित और पिछड़े समाज को सशक्त बनाया.

झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा, झारखंड का उद्धार केवल लालू यादव की विचारधारा से ही संभव है. सभा में बिहार राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कहा, "आज अगर पिछड़ों, दलितों और गरीबों को कहीं सम्मान और हक मिलता है, तो वह सिर्फ राष्ट्रीय जनता दल में ही है. उन्होंने सुनील साहू से उम्मीद जताई कि वे झारखंड में साहू समाज को एकजुट करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे.

पूर्व मंत्री सुरेश पासवान और सत्यानंद भोक्ता ने लालू यादव की विचारधारा को नमन करते हुए कहा कि उन्हीं की सोच की बदौलत आज पिछड़े, दलित और आदिवासी समाज की आवाज सदन तक पहुंच रही है. पार्टी के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजन यादव और मंजू साह ने भी अपनी बात रखते हुए लालू यादव का आभार व्यक्त किया. राजद में शामिल होते हुए सुनील कुमार साहू ने कहा कि वे लालू यादव की विचारधारा और सामाजिक न्याय के आंदोलन से प्रभावित होकर ही राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए हैं. इस कार्यक्रम का मंच संचालन पार्टी की उपाध्यक्ष अनीता यादव ने किया. इस अवसर पर कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे, जिनमें झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बिहार राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, झारखंड के मंत्री संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गौतम सागर राणा, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रंजन यादव, मंजू साह, कमलेश यादव, डॉ. मनोज, मनोज पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे.





## झारखंड में मानसून एक्टिव : आईएमडी का अलर्ट

# अगले 3 दिन तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश का दौर जारी है. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्यभर में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश और तूफानी हवाओं का अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

**किसानों के लिए अलर्ट :**

- बारिश के इस मौसम में किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है.
- खेतों में जलभराव की स्थिति से बचने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था करें
- बिजली चमकने या गरज के दौरान खुले में ना जाएं, न ही पेड़ों और खंभों के नीचे खड़े हों

### राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जिसका असर अगले कुछ दिनों तक राज्य के मौसम पर पड़ेगा. तूफानी हवाएं चलेंगी, झमाझम बारिश होगी कई जिलों में वज्रपात की भी संभावना जताई गई है. इस दौरान तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे मौसम सुहावना लेकिन अस्थिर बना रहेगा.

### तारीख अनुसार बारिश का पूर्वानुमान

**14 जुलाई :** राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश की संभावना
**15 जुलाई :** उत्तर-पूर्वी जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान
**16-17 जुलाई :** बारिश थोड़ी कम हो सकती है, कोई बड़ा सिस्टम सक्रिय नहीं

### किन जिलों में प्रभाव अधिक रहेगा

बारिश और तेज हवाओं का असर खासकर रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, दुमका, गढ़वा, लोहरदगा जैसे जिलों में अधिक देखने को मिल सकता है.

आईएमडी ने किसानों को कहा है कि फसलों की रक्षा के लिए सावधानी पूर्वक कार्य करें और मौसम की जानकारी पर नजर बनाए रखें.

**सावधानी ही सुरक्षा:** मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार अगले 72 घंटे झारखंड के लिए अहम हैं. जनता और प्रशासन को सतर्क रहना होगा ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से निपटा जा सके.

## गिरिडीह पुलिस का बड़ा कदम

# 600 'पुलिस मित्रों' को किया सम्मानित

शुभम संदेश। रांची/गिरिडीह

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार को नगर भवन में पुलिस मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गिरिडीह जिले के 600 पुलिस मित्रों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान रामनवमी, मुहर्रम जैसे पर्व-त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन में उनके सहयोग के लिए दिया गया.

**समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति :** इस मौके पर गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. साथ ही एएसपी अभियान सुरजीत कुमार, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी नीरज कुमार सिंह, डीएसपी कौसर अली, साइबर डीएसपी आबिद खान सहित कई पुलिस पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए.

**एसपी डॉ. विमल कुमार ने क्या कहा?** समारोह को संबोधित करते हुए एसपी डॉ. विमल कुमार ने कहा कि "गिरिडीह के नागरिकों ने हर पर्व में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का परिचय दिया है. अमन-शांति बनाए रखने में पुलिस मित्रों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है. ये सभी लोग पुलिस के सच्चे सहयोगी हैं, जिन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया."

**अन्य अधिकारी भी रहे मौजूद:** समारोह में नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद, इंस्पेक्टर सह मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, कमाल खान सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे.



### इन थाना क्षेत्रों से चुने गए पुलिस मित्र

सम्मानित किए गए पुलिस मित्र सदर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थाना क्षेत्रों से थे : नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, पचम्बा थाना, गांडेय थाना, बेंगाबाद थाना, ताराटांड थाना, अहिल्यापुर थाना

# झारखंड कांग्रेस के विधायकों और सांसदों के साथ राहुल गांधी आज दिल्ली में करेंगे बैठक

शुभम संदेश। रांची

सोमवार 14 जुलाई को दिल्ली में राहुल गांधी झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक करेंगे. हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से सभी मंत्री और विधायकों को विशेष रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं. झारखंड में संगठन विस्तार के साथ-साथ गठबंधन की सरकार की परफॉर्मेंस और जनता में वर्तमान सरकार के प्रति सोच को जानने की कोशिश राहुल गांधी करेंगे.

**राहुल गांधी से लेंगे दिशानिर्देश: केशव महतो कमलेश:** सोमवार को दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा ली जाने वाली बैठक की जानकारी देते हुए झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हम लोगों ने ही राहुल गांधी से समय मांगा था. हर दो-तीन महीने पर इस तरह की बैठक होती रहती है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 14 जुलाई की बैठक में संगठन सृजन कार्यक्रम के साथ-साथ वर्तमान महागठबंधन सरकार की अभी तक की उपलब्धियों की जानकारी भी कांग्रेस नेतृत्व को दी जाएगी.
उन्होंने कहा कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल रहेंगे.झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस की बैठक पर बोलने या तंज कसने के हक भाजपा को नहीं है. उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव में क्या हुआ था, यह सब जानते हैं.

**बैठक का लाभ झारखंड कांग्रेस को नहीं मिलेगा: भाजपा**

इधर, दिल्ली में झारखंड के कांग्रेसी विधायक मंत्रियों की लगने वाली 14 जुलाई की पाठशाला पर प्रदेश बीजेपी ने तंज कसा है. झारखंड भाजपा के प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी चाहे लाख पाठशाला लगा लें, लेकिन उसका कोई असर झारखंड कांग्रेस पर नहीं पड़ने वाला है. उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस झामुमो की पिछलग्गू पार्टी ही रहेगी. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि उनके नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य का निर्माण किया, लेकिन कांग्रेस ने क्या किया. झारखंड के विकास के लिए कांग्रेस के नेताओं के पास न कोई नीति है और न नियत. राज्य के विकास के लिए कोई ब्लू प्रिंट भी कांग्रेस के नेता या राहुल गांधी के पास नहीं है. ऐसे में कोई भी पाठशाला लगा लें, उसका कोई फायदा कांग्रेस को मिलने वाला नहीं है.

**आज रांची कांग्रेस कार्यालय में नहीं लगेगा जनता दरबार: रिंकू तिवारी**

कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों और विधायकों की दिल्ली में होने वाली बैठक की वजह से कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में हर सप्ताह लगने वाला जनता दरबार 14 जुलाई को स्थगित रहेगा. कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी की कोशिश होगी कि सोमवार की जगह किसी अन्य दिन जनता दरबार लगाया जाए, ताकि जनता की परेशानी दूर हो.

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सोशल मीडिया अकाउंट हुए हैक

# साइबर थाना में एफआईआर दर्ज

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा का आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स एकाउंट हैक करने के बाद अब साइबर अपराधी झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को भी साइबर अपराधियों के द्वारा हैक कर लिया गया है. फिलहाल इस मामले में साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. शिकायत मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आप्त सचिव मनोरंजन कुमार के द्वारा दर्ज किया गया है.

**साइबर थाना में शिकायत दर्ज :** शिकायत में बताया गया है कि मंत्री के नाम से संचालित फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक्सेस कर अनुचित तरीके से चलाया जा रहा है, जिससे उनकी गोपनीयता और सार्वजनिक छवि को क्षति पहुंच सकती है. उन्होंने आशंका जताई कि इन अकाउंट्स का दुरुपयोग कर भ्रामक या आपत्तिजनक जानकारी प्रसारित की जा सकती है. शिकायतकर्ता ने पुलिस से आग्रह किया है कि संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स को त्वरित प्रभाव से निलंबित किया जाए और तकनीकी जांच के माध्यम से हैकर की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए.



### जांच में जुटी पुलिस

साइबर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच शुरू कर दी है. फिलहाल, तकनीकी टीम सोशल मीडिया कंपनियों से संपर्क कर डाटा ऐक्सेस व लॉग की जानकारी जुटाने में लगी हुई है, ताकि दोषी तक जल्द पहुंचा जा सके.

## उपलब्धि — खनन सुरक्षा के क्षेत्र में की समर्पित सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए

# अविजित घोष को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

शुभम संदेश ।रांची/ बड़बिल (ओडिशा)

खनन सुरक्षा के क्षेत्र में दशकों की समर्पित सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए अविजित घोष को 42वें वार्षिक मेटलिफेरस माइंस सेफ्टी वीक 2024 के समापन समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. वर्तमान में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली में विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) के सदस्य घोष को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सीताराम रूंगटा म्यूनिसिपल टाउन हॉल, बड़बिल में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया.

सम्मान प्रदान करने वालों में एएम एंड एनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक (खनन एवं रणनीतिक परियोजना) आलोक कुमार मेहता, खान सुरक्षा निदेशक (भुवनेश्वर क्षेत्र-1) एके मिश्रा और खान सुरक्षा निदेशक (भुवनेश्वर क्षेत्र-2) एन बालसुब्रमण्यम शामिल रहे.



### मलंजखंड कॉपर प्रोजेक्ट से अपने करियर की शुरुआत की थी

घोष ने 1980 में मलंजखंड कॉपर प्रोजेक्ट से अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में कई प्रतिष्ठित खनन कंपनियों में योगदान दिया, जिसमें हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में निदेशक (खनन) के रूप में उनका कार्यकाल (2010-2014) उल्लेखनीय रहा. उन्हें पूर्व में भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें डॉ. जे कॉगन ब्राउन मेमोरियल स्वर्ण पदक (2010-11), एमिनेंट माइनिंग इंजीनियर की उपाधि (2015) और ₹सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन₹ अवॉर्ड (2015) प्रमुख हैं .घोष ने तकनीकी शोध पत्र भी प्रकाशित किए हैं और 2015 में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी), रांची के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला था .यह सम्मान न केवल उनकी व्यावसायिक सफलता का प्रमाण है, बल्कि खनन उद्योग में सुरक्षा और उत्कृष्टता के लिए उनके निरंतर प्रयासों को भी रेखांकित करता है. समारोह में उद्योग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, हितधारक और गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी.

# विधायक सरयू राय ने डीसी को लिखा पत्र

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

विधायक सरयू राय ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त को पत्र लिखा है. विधायक ने बताया कि उपायुक्त को पत्र लिखकर कदमा क्षेत्र के कई सामुदायिक भवनों, रैन बसेरा और कौशल विकास केंद्र को अवैध कब्जे से मुक्त करने का मुद्दा उठाया गया है. उन्होंने इन सरकारी भवनों को कब्जा मुक्त कर सार्वजनिक हित में उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है. सरयू राय ने कहा कि पांच जुलाई को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया कि कदमा के शास्त्रीनगर रोड नंबर पांच स्थित नानकी बाबा मंदिर के समीप रैन बसेरा और स्वर्णवाणिक, विश्वकर्मा समाज सामुदायिक भवन पर असामाजिक तत्वों का कब्जा है और इनका व्यावसायिक उपयोग हो रहा है. छह जुलाई को इस संबंध में कई अखबारों में समाचार भी प्रकाशित हुआ था लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं हुई.



विधायक ने कहा कि शास्त्रीनगर रोड नंबर चार स्थित मिलन समिति मैदान के सामुदायिक भवन को भी एक राजनीतिक दल कार्यालय के रूप में इस्तेमाल कर रहा है. मैरीन ड्राइव घोड़ा बाबा चौक के पास कौशल विकास केंद्र भवन पर असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर लिया है और उसके प्लेटफॉर्म पर कूड़ा-कचरा का व्यवसाय हो रहा है. यहां सरकारी मद से तीन दुकानें बनीं, लेकिन उनका आवंटन नहीं हुआ, जिससे परिसर की स्थिति जर्जर हो गई है.

राय ने पत्र में यह भी लिखा कि खरकई नदी किनारे पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता की अनुशंसा पर दो छठ घाट द्वार का निर्माण कार्य हो रहा है, जो दुर्गा पूजा विसर्जन को बाधित नहीं करेगा. उन्होंने उपायुक्त से इन भवनों को अविलंब कब्जा मुक्त कर विधिसम्मत आवंटन और कौशल विकास केंद्र का उपयोग युवाओं के प्रशिक्षण में करने का आग्रह किया है.

# शुभम संदेश

रांची, सोमवार 14 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित। वर्ष : 3, अंक : 97
मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

एक राज्य - एक अखबार




## सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**देवघर।** आज सावन की पहली सोमवारी है. श्रावणी मेले की शुरुआत होते ही मंदिर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. रविवार को करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी-लबी कतार देखने को मिल रही है. मंदिर के हर कोने में बोल बम के नारे की गूंज सुनाई दे रही है. रविवार को चार बजे सुबह ही मंदिर का पट खोल दिया गया था. इसके बाद से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अरघा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक करते दिख रहे हैं. रविवार की भीड़ को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि पहली सोमवारी के दिन बाबाधाम में श्रद्धालुओं की संख्या दो लाख से ऊपर होगी. मंदिर के वरिष्ठ पंडा लंबोदर परिहस्त ने बताया कि रविवार का दिन बहुत खास है क्योंकि इस दिन तृतीया तिथि है. उन्होंने कहा कि सावन की पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ दोगुनी देखने को मिलेगी. वहीं, मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि आज की भीड़ काफी अधिक है. एक व्यक्ति को पूजा करने में सात से आठ घंटे लग जा रहे हैं.

### ब्रीफ न्यूज

## स्वच्छता मामले में जमशेदपुर को राष्ट्रपति और बुंडू को केंद्रीय मंत्री करेंगे सम्मानित

**रांची।** राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व में नगर विकास एवं आवास विभाग शहरी स्वच्छता को लेकर लगातार गंभीर प्रयास कर रहा है. इसी का नतीजा है कि हर वर्ष आयोजित होनेवाले स्वच्छ सर्वेक्षण में झारखंड के शहर राष्ट्रीय पटल पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का परिणाम 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित होगा. इस अवसर पर जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्वारा और बुंडू को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा. साथ ही, इसी दिन देशभर के शहरों की स्वच्छता रैंकिंग भी जारी होगी.

- **शहरी स्वच्छता के लिए किए गए प्रमुख प्रयास :** राज्य के 49 नगर निकायों में हाल के वर्षों में कई स्तरों पर सुधारात्मक पहल की गई है.
- डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उसका पृथक्करण और समुचित निपटान की दिशा में तीव्र गति से काम हुआ है.
- ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कई शहरों में संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जबकि कई में निर्माण कार्य जारी है.
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 से पहले सभी निकायों में बैठकें, कार्यशालाएं और व्यापक जन-अभियान आयोजित हुए.
- पीट कंपोस्टिंग और ऑनसाइट कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए निकायों और नागरिकों को प्रेरित किया गया.
- कैरी बैग पर प्रतिबंध और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई गई.
- स्वच्छता ऐप के माध्यम से शिकायतों का त्वरित समाधान.

# राज्य की जेलों में क्लर्क संभाल रहे जेल अधीक्षक की जिम्मेदारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की जेलों की हालत चिंताजनक होती जा रही है. राज्य की 31 जेलों में से 20 जेलों में जेलर की जिम्मेदारी निम्नवर्गीय लिपिकों के हाथों में है, जो नियमों के खिलाफ है. इसके अलावा, 3 जेलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, और 5 में सहायक कारापाल जेलर का प्रभार संभाल रहे हैं. सिर्फ 3 जेलों में ही वास्तविक जेलर तैनात हैं, लेकिन ये भी लिपिक पद से प्रोन्नत होकर बने हैं. झारखंड जेल मैनुअल 2025 के 3, जेलर और सहायक जेलर जैसे पदों पर वर्दीधारी अधिकारी ही नियुक्त किए जा सकते हैं. मैनुअल के नियम 105, 224 और 225 में स्पष्ट है कि लिपिकीय कर्मचारियों को जेल संचालन का अधिकार नहीं है, न ही वे कैदियों से बातचीत कर सकते हैं. इसके बावजूद, कई जेलों का संचालन ऐसे ही कर्मचारियों के हाथों में है.

### यहां क्लर्क संभाल रहे जेलर की कुर्सी

- केंद्रीय कारा दुमका- अर्चना कुमारी
- मंडल कारा सिमडेगा- मोहम्मद युसूफ आज़ाद
- मंडल कारा लातेहार- प्रदीप मुंडा
- मंडल कारा गढ़वा- मेशाद आलम
- मंडल कारा कोडरमा- अभिषेक सिंह
- मंडल कारा धनबाद, चतरा, लोहरदगा, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, साकची, रामगढ़, खूंटी, घाटशिला, मधुपुर, राजमहल, बरही, ओपेन जेल हजारीबाग में लिपिक या दैनिककर्मी स्तर के अधिकारी



### जहां कंप्यूटर ऑपरेटर बने जेलर

- केंद्रीय कारा डालटनगंज :आशीष सिन्हा, मंडल कारा चास : निखिल पांडेय, मंडल कारा तेनुघाट : नीरज कुमार. **जहां सहायक कारापाल को मिला प्रभार**- होटवार : देवनाथ राम, घाघीडीह, हजारीबाग, गुमला, सरायकेला- विभिन्न सहायक कारापाल. **सिर्फ 3 जेलों में हैं जेलर :** कारा देवघर- प्रमोद कुमार, गिरिडीह- धर्मशीला, चाईबासा- अजय श्रीवास्तव.

झारखंड जेल मेंस एसोसिएशन ने इस गंभीर अनियमितता पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर ध्यान दिलाया है. संघ के प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिर्की ने बताया कि कक्षपालों के पास स्नातक और तकनीकी डिग्रियां होने के बावजूद उन्हें प्रोन्नति नहीं दी जा रही है, जबकि अनुकंपा या दैनिक भुक्तान वाले लिपिकों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है.

## लातेहारः भाकपा माओवादी का नक्सली हुआ गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने लोहरदगा पुलिस के मदद से अभियान चलाकर पेशरार थाना क्षेत्र से माओवादी नक्सली जगन लोहरा को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सली कमांडर नकुल यादव व छोटू खरवार का सहयोगी था. प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी भरत राम ने बताया कि लातेहार एसी को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने नक्सली जगन को गिरफ्तार किया.

उन्होंने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली जगन लोहरा अपने गांव लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत करंज टोली आया हुआ है. सूचना के बाद थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और सीमा सुरक्षा बल की टीम तथा लोहरदगा पुलिस की टीम के साथ छापेमारी की गई. पुलिस ने इस दौरान नक्सली जगन को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि नक्सली जगन लोहरा पिछले कई वर्षों से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन में सक्रिय था. पुलिस के साथ 2020 में हुई मुठभेड़ में भी यह शामिल था. इसके खिलाफ लातेहार के छिपादोहर के अलावे अन्य सीमावर्ती थाना क्षेत्र में नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं.

# झामुमो का आधिकारिक एक्स हैंडल किया गया हैक

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जांच के दिए आदेश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का आधिकारिक एक्स हैंडल @JMMJharkhand साइबर अपराधियों के निशाने पर आ गया है. इसे असामाजिक तत्वों द्वारा हैक कर लिया गया है. इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से दी है. उन्होंने बताया कि झामुमो का एक्स हैंडल हैक हो गया है और उन्होंने इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस को निर्देश भी दे दिए हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद झारखंड की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हो गई है. जांच की जा रही है कि हैंडल को हैक कर किस तरह का कंटेंट शेयर किया गया या उसमें कोई छेड़छाड़ की गई है या नहीं. यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह महज साइबर क्राइम है या इसके पीछे कोई साजिश है. पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है.




### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद झारखंड की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हो गई है। अब यह जांच की जा रही है कि हैकिंग के दौरान अकाउंट से किस प्रकार का कंटेंट पोस्ट किया गया? क्या अकाउंट में कोई तकनीकी छेड़छाड़ की गई है? यह घटना सिर्फ एक साइबर अटैक है या इसके पीछे कोई राजनीतिक या आपराधिक साजिश है?

# जेएसबीसीएल को मिली झारखंड में खुदरा शराब दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने राज्य में शराब के खुदरा संचालन को लेकर बड़ा फैसला लिया है. हाल ही में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड राज्य पेय पदार्थ निगम लिमिटेड 5 जुलाई से सभी खुदरा शराब दुकानों का संचालन अपने स्तर पर करेगा. यह व्यवस्था 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगी. इसके बाद 1 सितंबर से शराब की खुदरा बिक्री का संचालन निजी हाथों को सौंपा जाएगा.

**दैनिक वेतन पर श्रमिकों के माध्यम से हो रहा संचालन :** जेएसबीसीएल ने अल्पकालिक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खुदरा दुकानों का संचालन दैनिक वेतनभोगी मानव बल से शुरू कर दिया है. ये श्रमिक श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के आधार पर कार्यरत हैं. पूर्व में शराब दुकानों के संचालन हेतु जिन निजी एजेंसियों से मानव बल की आपूर्ति की जा रही थी, उनके अनुबंध की अवधि 30 जून को समाप्त हो गई. जेएसबीसीएल ने 5 जुलाई से सभी दुकानों का नियंत्रण स्वयं संभाल लिया है.

**वर्तमान नियमावली के तहत हो रही है खुदरा बिक्री :** राज्य में शराब की खुदरा बिक्री आबकारी नियमावली, 2022 के तहत हो रही है, जिसमें जेएसबीसीएल दुकानों का संचालन कर रहा है. इस नियमावली के अंतर्गत ही यह नवीनतम बदलाव लागू किया गया है ताकि राजस्व हित में राज्य को किसी प्रकार का नुकसान न हो.

## ऑटो चोरी कर भाग रहे दो शातिर चोरों को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**जमशेदपुर।** आज़ाद नगर के ओल्ड पुरुलिया रोड नं 3 स्थित अहतेमात हाइट्स फ्लैट के पास से रात 11 बजे चोर ऑटो ले भागे. ऑटो मालिक ने बताया कि रोज की तरह वाहन पार्क कर वह घर चले गए थे, लेकिन देर रात बाहर आने पर ऑटो गायब मिला. तत्काल स्थानीय लोगों को सूचना दी गई. पता चला कि दो युवक ऑटो लेकर नेचर पार्क की ओर भागे हैं. लोग पीछा करते हुए नेचर पार्क पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों की मदद से दोनों चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया.

# मानव तस्करी की शिकार 9 लड़कियों का किया रेस्क्यू, 3 आरोपी गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची

रांची आरपीएफ द्वारा मानव तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन एएएचटी के तहत कार्रवाई की गई. आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में प्लेटफॉर्म नंबर-1 के फुटओवर ब्रिज के पास 9 लड़कियां व 2 पुरुष संदिग्ध अवस्था में पाए गए. पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर आरपीएफ पोस्ट लाया गया. पूछताछ के बाद स्पष्ट हुआ कि श्रुति, कुंदन व रंधीर नामक तीनों आरोपी लड़कियों को चेन्नई में नौकरी दिलाने के बहाने फुसलाकर ले जाने की साजिश में शामिल थे. पूछताछ में यह भी सामने आया कि ये लोग हर लड़की से 2000-3000 रुपए तक की राशि कमीशन के रूप में वसूलते थे. आरोपियों के पास कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे. कुंदन के मोबाइल में लड़कियों के आधार की तस्वीरें और व्हाट्सएप चैट्स भी बरामद किए गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों को गिरफ्तार कर एएचटीयू/एलपीएस कोतवाली को सौंप दिया गया. एएचटीयू ने दिनांक 12.07.2025 को धारा 143(3)/3(5) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

### आरपीएफ ने की कार्रवाई



### अजब-गजब : खूंटी जिला परिषद दोहरा रहा इतिहास

# जेल की हवा खानेवाले दूसरे अध्यक्ष बन गए हैं गुड़िया



शुभम संदेश। खूंटी

नई पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद खूंटी जिले में तीन पंचायत चुनाव हो चुके हैं और जिला परिषद के तीन अध्यक्ष भी चुने गये, लेकिन जिले का दुर्भाग्य कहें या कुछ और, इनमें दो जिला परिषद अध्यक्ष को जेल की हवा खानी पड़ी. दोनों के जेल जाने का कारण लगभग एक समान है. खूंटी जिला परिषद के वर्तमान अध्यक्ष मसीह गुड़िया को चुटिया थाना की पुलिस ने शनिवार को जिला परिषद के चेंबर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इसके पूर्व 2011 में निवर्तमान जिलाध्यक्ष अगस्तुस गुड़िया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

जिला परिषद अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद खूंटी जिले की राजनीति में हलचल मच गई है. आमजन से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस विषय पर तरह-तरह की चर्चा तेज हो गई है. मसीह गुड़िया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए दस में से सात जिला परिषद सदस्यों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को आवेदन दिया था, पर कोरम पूरा नहीं होने के कारण इसे निरस्त कर दिया गया. लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि अब परिषद के अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसको दी जाएगी. वैसे तो अध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रावधान अनुसार अध्यक्ष की जिम्मेदारी जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी को सौंपी जा सकती है और दोबारा अध्यक्ष का चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर होगा. जानकारों का कहना है कि जिला परिषद अध्यक्ष का पद रिक्त होने से विकास कार्यों पर पड़ना तय है.

### 2010 में भी एक युवती की खुदकुशी करने के मामले में गुड़िया की हुई थी गिरफ्तारी

वर्ष 2010 में हुए पंचायत चुनाव में अगुस्तुस गुड़िया जिला परिषद अध्यक्ष बने थे. एक वर्ष तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन 11 नवम्बर 2011 को एक युवती ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली. इस मामले में अगुस्तुस गुड़िया को आरोपित बनाया गया और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. उनके जेल जाने के बाद उपाध्यक्ष संगीता कुमारी ने कार्यभार संभाला था. अगस्तुस गुड़िया के त्यागपत्र देने के बाद अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में मायलीना टोपनो जिला परिषद की अध्यक्ष चुनी गई थीं.

### लोहरदगा

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार, 7 बाइक जब्त

**लोहरदगा।** मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को लेकर लोहरदगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की सात मोटरसाइकिल के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया. जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार चारों चोर गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र और पुसो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और आपस में रिश्तेदार हैं. गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अफराज अंसारी, सईदुल अंसारी, मकबूल अंसारी और आफताब अंसारी के रूप में हुई है. यह गिरोह लोहरदगा के अलावा रांची और गुमला जिले में भी सक्रिय था और एक जिले से बाइक चोरी कर दूसरे जिले में बेच देता था.

# 31 जुलाई को झारखंड दौरे पर आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

- बाबा बैद्यनाथ मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना

शुभम संदेश। रांची

झारखंड फिर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मेजबानी के लिए तैयार है. राष्ट्रपति 31 जुलाई को झारखंड दौरे पर आएंगी. जानकारी राष्ट्रपति भवन की ओर से राज्य सरकार को भेजी गई सूचना से प्राप्त हुई है.



**1 अगस्त को देवघर में रहेंगी राष्ट्रपति :** दौरे के दूसरे दिन, 1 अगस्त को राष्ट्रपति मुर्मू देवघर पहुंचेंगी, जहां वे बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना करेंगी. यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और श्रावण मास के अवसर पर यहां लाखों श्रद्धालु जुटते हैं.

**एम्स देवघर के दीक्षांत समारोह में होंगी मुख्य अतिथि :** मंदिर दर्शन के बाद राष्ट्रपति एम्स देवघर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी. समारोह के दौरान वे नवस्नातकों को सम्मानित करेंगी और मेडिकल शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी अपने विचार रखेंगी.

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद :** राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए देवघर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं. जिला प्रशासन, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है. मंदिर परिसर से लेकर एम्स तक सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है.

**दौरे के बाद गंतव्य के लिए रवाना होंगी राष्ट्रपति :** देवघर के कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने अगले गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करेंगी.

# रांची में खुले नाले बने खतरा, 773 खुले नाले चिन्हित - क्या है निगम की योजना..!

शुभम संदेश। रांची

बारिश का मौसम शुरू होते ही रांची शहर में खुले नाले जानलेवा साबित हो रहे हैं. डोरंडा, हरमू, बरियातू, चुटिया और मोरहाबादी जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में टूटे और खुले स्लैब आम लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं. हर दिन हादसों का डर और लोगों की शिकायतों के बीच अब रांची नगर निगम ने नालों को कवर करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है. नगर निगम के मुताबिक शहर में 773 स्थानों पर तत्काल स्लैब लगाने की जरूरत है. इनमें सबसे अधिक प्राथमिकता स्कूल, अस्पताल, बाजार और मुख्य सड़कों को दी जा रही है.

**निगम ने शुरू किया सर्वे, लिस्ट तैयार :** नगर निगम के उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार के निर्देश पर निगम की टीम ने शहरभर में सर्वे किया और चिन्हित किया कि कहां-कहां स्लैब टूटे हैं या गायब हैं. सर्वे में सामने आया कि 45 से अधिक स्थान ऐसे हैं, जहां आरसीसी स्लैब की तत्काल जरूरत है. कई इलाकों में नाले पूरी तरह खुले हैं, जहां न पैदल चलना सुरक्षित है, न ही गाड़ियों का गुजरना.

### निगम की योजना में ये शामिल

- 773 स्थानों पर नए स्लैब लगेंगे
- पहले चरण में स्कूल, अस्पताल, बाजार क्षेत्र को प्राथमिकता
- आरसीसी स्लैब से ढका जाएगा हर नाला
- ठेकेदारों की जवाबदेही तय होगी



**स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ी:** हरमू रोड निवासी विनोद पासवान ने बताया, "रोज ऑफिस जाते वक्त डर लगता है कि कहीं पैर फिसल कर नाले में न गिर जाएं. बारिश के दिनों में पानी भर जाता है और खुले नाले दिखते भी नहीं. कई बार बच्चे और बुजुर्ग गिर चुके हैं." वहीं डोरंडा की रीता देवी ने कहा, "हमने कई बार निगम से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. अब मरम्मत की बात हो रही है तो उम्मीद है कुछ सुधार होगा."

**कोकर रोड के दुकानदारों की जुगाड़ सुरक्षा:** कोकर रोड के व्यापारियों ने बताया कि वे अपने स्तर पर लकड़ी की पटिया और पत्थर रखकर नालों को ढकते हैं, लेकिन यह समाधान अस्थायी है और बेहद खतरनाक भी. दुकानदार संजय साहू कहते हैं, "यहां रोज ग्राहक आते हैं, कई बार कोई नाले में गिरते-गिरते बचा है. नगर निगम को पहले ही ध्यान देना चाहिए था."

### निगरानी और जवाबदेही की मांग

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा कश्यप ने कहा, "हर साल बारिश से पहले नगर निगम योजनाएं बनाता है, लेकिन अमल अधूरा रह जाता है. इस बार अगर निगरानी मजबूत हो और समय पर काम हो, तभी शहर सुरक्षित होगा." रांची के खुले नाले सिर्फ गंदगी या जलजमाव का कारण नहीं, बल्कि अब जानलेवा खतरे बन चुके हैं. नगर निगम की सक्रियता स्वागतयोग्य है, लेकिन जरूरी है कि काम समयबद्ध हो और दिखे भी. लोगों को अब आश्वासन नहीं, ज़मीनी कार्रवाई चाहिए.

**बच्चों और बुजुर्गों के लिए बना खतरा:** शहर के कई हिस्सों में स्कूलों के सामने भी नाले खुले पड़े हैं. अभिभावकों की चिंता है कि स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा खतरे में है. बारिश में जलजमाव के कारण खुले नाले नजर नहीं आते और हादसों की आशंका और बढ़ जाती है.

जल्द शुरू होगा काम

नगर निगम के अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि स्लैब की मरम्मत और नए स्लैब लगाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा. "हमने स्लैबों की जरूरत वाली जगहों की लिस्ट तैयार कर ली है. बजट और संसाधन तय करते हुए जल्द ही काम को धरातल पर उतारा जाएगा."

## महानगर कांग्रेस की बैठक धुमकुड़िया भवन में

**रांची।** कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान के तहत रविवार को महानगर कांग्रेस की पहली बैठक धूमकुड़िया भवन, मोरहाबादी में आयोजित की गई.जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बड़ी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके निराकरण पर विचार-विमर्श करना था. बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अरुण चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू लगभग प्रत्येक महीने ही झारखंड का दौरा कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने हेतु हरसंभव प्रयास कर रहे हैं. तो हमारा भी यह नैतिक दायित्व है कि रांची लोकसभा और विधानसभा सीट पर अगले चुनाव में जीत हासिल करने हेतु हम भी कोई कसर नहीं छोड़ें.

- पार्टी को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

## भारतीय तटरक्षक बल में करियर अवसरों के लिए आज रांची में चार जगहों पर होगा कार्यक्रम : संजय सेठ

शुभम संदेश। रांची



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची के चार जगहों पर 14 जुलाई को भारतीय तटरक्षक बल में करियर अवसरों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. मंत्री सेठ ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान है कि देश के अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं.

इस परिप्रेक्ष्य में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है. इसी उद्देश्य से रांची में भारतीय तटरक्षक बल के जरिये एक ऐसे अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ.

उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को रामटहल चौधरी विद्यालय ओरमांझी में 10:00 बजे ,एसएस मेमोरियल कॉलेज कांके 12:00 बजे, लाला लाजपत राय स्कूल पुनदाग 1:00 बजे, गोसनर कॉलेज क्लब रोड में 2:00, बजे से संगोष्ठी आयोजित की गई है. उन्होंने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल की ओर से देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है, जो रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा. यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई, 2025 तक आयोजित होगा. यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है. उन्होंने कहा कि यह बल भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण का संरक्षण करता है.

## झारखंड में पेसा कानून लागू करने में 25 वर्षों की देरी, आदिवासी अधिकारों की अनदेखी : नायक



**रांची।** झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में पेसा कानून को 25 वर्षों से लागू न करना संविधान के 73वें संशोधन की भावना के खिलाफ है. यह कानून 1996 में आदिवासियों को स्वशासन, प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार और सांस्कृतिक संरक्षण देने के लिए बनाया गया था, लेकिन राज्य सरकारों की उदासीनता, प्रशासनिक सुस्ती और खनन माफिया के दबाव ने इसे अमल में नहीं आने दिया. 2022 और 2023 में नियमावली के दो ड्राफ्ट आए, परंतु अब तक अधिसूचित नहीं हो सके. राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, विभागीय टकराव और जागरूकता की भारी कमी भी बड़ी बाधाएं रहीं. पेसा के लागू होने से ग्राम सभाएं जल-जंगल-जमीन पर नियंत्रण, स्थानीय विवादों का निपटारा और सांस्कृतिक संरक्षण कर सकती हैं. मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने इसके सफल उदाहरण दिए हैं. आज झारखंड में आदिवासी संगठन आंदोलनरत हैं और हाईकोर्ट की निगरानी जारी है. समय की मांग है कि सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर नियमावली को तुरंत अंतिम रूप दिया जाए और केंद्र सरकार भी सख्त हस्तक्षेप करे, ताकि आदिवासियों को उनका संवैधानिक हक मिल सके.

## ग्रीन झारखंड की संकल्पना को साकार करेगा पासवा
## आज से 20 जुलाई तक पर्यावरण जागरूकता सप्ताह

# एक लाख पौधरोपण से हुई थी अभियान की शुरुआत

**अब और 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य**



शुभम संदेश। रांची

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने रविवार को घोषणा की कि झारखंड में सोमवार से 20 जुलाई 2025 तक पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा. इस अभियान का उद्देश्य "ग्रीन झारखंड" की परिकल्पना को साकार करना है, जिसमें राज्य के 47,000 से अधिक निजी विद्यालयों को शामिल किया गया है. इससे पहले विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं आलोक कुमार दूबे के दिशा निर्देशन में एक लाख पौधे लगाकर इस पर्यावरण जागरूकता अभियान से जोड़ा गया है, ताकि पर्यावरण के प्रति समग्र समाज में चेतना विकसित हो सके. कहा कि अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधे लगाए जाएंगे. प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा दिया जाएगा, जिसे वह अपने अभिभावक के सहयोग से घर में लगाएगा. स्कूली बच्चों के लिए पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता होगी. छात्र-छात्राएं पर्यावरण विषयक निबंध लिखेंगे. इसके अलावा बच्चे पर्यावरण पर भाषण तैयार कर प्रस्तुति देंगे, जिससे उनमें विषय के प्रति जागरूकता बढ़ेगी. पर्यावरण संरक्षण थीम पर आधारित नाट्य व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होंगी. सप्ताह के अंतिम दिन इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा.

### खास बातें

- स्कूली बच्चों व अभिभावकों की भागीदारी से बढ़ेगी पर्यावरण के प्रति जागरूकता
- राज्य भर के 47 हजार से अधिक निजी स्कूलों को पासवा ने अभियान में किया शामिल

राज्य भर में और 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सिर्फ विद्यालय ही नहीं, बल्कि बच्चों के अभिभावकों को भी इस

पासवा अध्यक्ष ने झारखंड के सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्यों, डायरेक्टर्स, शिक्षकों, मीडिया संस्थानों, बच्चों व अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे तन-मन-धन से इस अभियान में हिस्सा लें, ताकि "ग्रीन झारखंड" की अवधारणा साकार हो सके.उन्होंने कहा कि यह बरसात का मौसम पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है और प्रत्येक नागरिक को इस समय का लाभ उठाकर इस नेक कार्य में सहभागी बनना चाहिए.

## एक नजर

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति 16 और 17 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी मनाएगी



**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 और 17 अगस्त को मनाया जाएगा. मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने रविवार को बताया कि इस अवसर पर दही हांडी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है. दही हांडी प्रतियोगिता उत्सव के साथ भजन संध्या सहित देश भक्ति के गीतों का भी कार्यक्रम रखा गया है. उन्होंने बताया कि समिति रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड पर 16 और 17 अगस्त को दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा. वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक सीपी सिंह, संरक्षक अजय मारू और समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा हैं. उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय 16 और 17 अगस्त 2025 को मनाने का निर्णय लिया गया है. सेठ ने बताया कि समिति के सानिध्य में हम 15 वर्षों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाते आ रहे हैं. 16 अगस्त को झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा. दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगी. इसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोविंदाओं की टीम को करवाना अनिवार्य होगा. उन्होंने कहा कि अगली बैठक में समिति के पदों और कार्यो के लिए सदस्यो के नाम के साथ समिति का विस्तार किया जाएगा. मुकेश काबरा ने बताया कि 100 से भी ज्यादा सदस्यों को समिति में रखा जाएगा. साथ ही जल्द उनके बीच व्यवस्था निमित कार्यों का वितरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा.

### 24 दिन बाद मिला जोन्हा फॉल में डूबे डीपीएस स्कूल के टीचर का शव

**रांची।** डीपीएस रांची के म्यूजिक टीचर माइकल घोष का शव 24 दिन बाद जोन्हा फॉल से बरामद किया गया. वह 19 जून को दोस्तों के साथ जोन्हा जलप्रपात घूमने गए थे, जहां फोटो खिंचवाने के दौरान फिसलकर तेज बहाव में बह गए थे. घटना के वक्त भारी बारिश के कारण फॉल का जलस्तर बहुत अधिक था. 13 जुलाई को उनका शव फॉल से करीब 4 किलोमीटर दूर एक झाड़ी में फंसा मिला. पिछले एक महीने से राहत टीम और पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी. शव मिलने के बाद परिजनों को सूचित कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

## रांची रेल प्रशासन द्वारा बाबा धाम यात्रा पर विशेष अलर्ट

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

शुभम संदेश। रांची

सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है और देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है. हर साल की तरह इस बार भी देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु जल लेकर बाबा की नगरी पहुंच रहे हैं. इस धार्मिक उत्सव को देखते हुए केंद्र सरकार और रेलवे मंत्रालय ने सुरक्षा के मद्देनजर विशेष अलर्ट जारी किया है. खासकर रेलमार्ग से देवघर आने वाले यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए रेलवे प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं.



**रेलवे सुरक्षा बल सतर्क, चप्पे-चप्पे पर निगरानी:**दक्षिण-पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल समेत अन्य जोन से होकर देवघर की ओर जाने वाली ट्रेनों में अभूतपूर्व भीड़ देखी जा रही है. ऐसे में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और स्थानीय रेल प्रशासन ने सुरक्षा मोर्चा संभाल लिया है. ट्रेनों में स्कॉट की टीम तैनात की गई है, जो लगातार निगरानी कर रही हैं. प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर और ट्रेन डिब्बों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है. डॉग स्क्वायड की टीम भी लगातार स्टेशनों पर गस्त कर रही है.कमांडेंट पवन कुमार ने बताया कि इस बार सावन के दौरान विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है. जिन स्टेशनों पर भीड़ अधिक होती है, वहां विशेष फोर्स तैनात की गई है. स्पेशल रेलवे टास्क फोर्स गठित की गई है, जो लगातार गश्त कर रही है.

**यात्रियों से सहयोग की अपील, सुरक्षा पर भी ध्यान :**कमांडेंट पवन कुमार ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा 'कृपया यात्रा के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत RPF या स्टेशन प्रबंधन को दें. कोई भी अफवाह न फैलाएं और न ही उस पर विश्वास करें. हम चाहते हैं कि हर श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में बाबा के दर्शन कर सकें'. इसके साथ ही सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है. देवघर और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर शुद्ध पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, अस्थायी शौचालय और विश्राम स्थल की व्यवस्था की गई है. रेलवे हेल्पलाइन नंबर और कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे सक्रिय हैं.

### प्रमुख सुरक्षा उपाय

- सभी प्रमुख स्टेशनों और मार्गों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं.
- स्टेशन के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर एक्स-रे मशीनें और बॉडी स्कैनर लगाए गए हैं.
- नशाखुरानी और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए विशेष जांच दल तैनात हैं.
- सभी ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ, सिगरेट और तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है.
- ट्रेनों में फायर अलर्ट सिस्टम सक्रिय किया गया है.
- महिला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला कांस्टेबल की तैनाती भी की गई है.
- डॉग स्क्वायड की टीम लगातार गस्त में मौजूद है.

## रांची की मंईयां योजना की लाभुकों के लिए खुशखबरी!

### 3.25 लाख महिलाओं को 2500 की सम्मान राशि ट्रांसफर

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत रांची जिले के 3,25,051 महिला लाभुकों को मई माह की 2500 रुपए की सम्मान राशि उनके बैंक खातों में सफलतापूर्वक ट्रांसफर कर दी गई है. यह भुगतान आधार बेस्ड किया गया है, जिसकी कुल राशि 81 करोड़ 26 लाख 27 हजार 500 रुपए है. इस संबंध में जानकारी रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा साझा की गई है.

**जिनका आधार खाता से लिंक नहीं, वे जल्द कराएं सीडिंग:**जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन लाभुकों ने अभी तक अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग नहीं कराई है, वे जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करें. बिना आधार लिंकिंग के भविष्य में योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया जा सकेगा.

## रांची रिंग रोड पर शराब से लदा वाहन पलटा, बोतलें लूटने की मच गई होड़

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब रिंग रोड पर विदेशी शराब से लदा एक वाहन पलट गया. हादसे के बाद शराब की पेटियां और बोतलें सड़क पर बिखर गईं, जिसे देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बोतलें उठाने की होड़ मचा दी.

**शराब लूटने की मची होड़, कई बोतलें टूटीं:**वाहन पलटते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई. कुछ लोगों ने शराब की पेटियां और बोतलें उठा लीं, तो कई बोतलें टूटकर सड़क पर फैल गईं. घटना के चलते यातायात भी कुछ देर बाधित रहा और माहौल पूरी तरह से अराजक हो गया.

**पुलिस ने पहुंच कर भीड़ को खदेड़ा:** घटना की जानकारी मिलते ही कांके थाना पुलिस मौके पर



पहुंची. पुलिस को देखकर शराब लूट रहे लोग वहां से भाग खड़े हुए. पुलिस ने वाहन को साइड में लगवाकर ट्रैफिक सामान्य कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है.

**अब आगे क्या:**फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि शराब की खेप कहां से कहां ले जाई जा रही थी और वाहन पलटने का कारण क्या रहा. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर लूटपाट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है.

**आंदोलन**

## हटिया विस्थापित परिवार समिति की बैठक में विस्थापन को जोरदार विरोध

# विकास के नाम पर दोबारा विस्थापन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : पंकज शाहदेव

शुभम संदेश। रांची

हटिया विस्थापित परिवार समिति की एक अहम बैठक रविवार को को समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में कुटे में हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य कोर कैपिटल क्षेत्र के तहत आने वाले कुटे, आनि, तिरील, लाबेद और मुड़मा जैसे इलाकों में यदि सरकार कोई भी निर्माण कार्य शुरू करती है तो ग्रामीण उसका कड़ा विरोध करेंगे. बैठक को संबोधित करते हुए पंकज शाहदेव ने कहा कि सरकार बार-बार विकास के नाम पर रैयतों की जमीन छीनकर आदिवासी और मूलवासी समुदायों को उजाड़ने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि पहले भी इस क्षेत्र में कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाएं बनाकर लोगों को जमीन से बेदखल किया गया है.



**विस्थापितों के साथ अन्याय के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी :**शाहदेव ने कहा कि सरकार ने उस वक्त कहा था कि लोगों को मुआवजा, आवास और रोजगार दिया जाएगा, लेकिन आज तक न आवास मिला, न रोजगार और न मुआवजा ही. उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में यदि सरकार निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाती है, तो ग्रामीण एकजुट होकर उन कार्यों को बाधित करेंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि विस्थापितों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी.

### ताज होटल निर्माण का भी होगा विरोध : महावीर मुंडा

बैठक को संबोधित करते हुए महावीर मुंडा ने कहा कि आने वाले समय में केवल सड़क चौड़ीकरण ही नहीं, बल्कि प्रस्तावित ताज होटल के निर्माण का भी विरोध किया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी हालत में लोगों को उजाड़ने नहीं दिया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि पहले की तरह इस बार भी एकजुट होकर सरकार को अपने फैसले बदलने के लिए मजबूर करें.

**जल्द ही बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा :** बैठक में वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकार ने विस्थापितों की मांगों की अनदेखी की, तो जल्द ही एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा. विनय उरांव, तरुण नाथ शाहदेव,विजय सिंह,प्रभात शाहदेव, कालीचरण लोहार, रामेश्वर महतो,धीरंजय शाहदेव,विनोद सिंह, संजय लोहार ने भी अपनी-अपनी बात रखी. वक्ताओं ने सभी को विस्थापन के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए चट्टानी एकता बनाए रखने का संकल्प दिलाया और विस्थापितों के हक के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही.बैठक में बाहा उरांव, महावीर नायक, जय प्रकाश साहु, पारस शाहदेव, अर्जुन महतो, राहुल बैठा, ऋषि सिंह देव, रवि लोहार, सरजू महतो, सोनू कुमार, जय नारायण सिंह, सुमित कुमार, मृत्युंजय लोहार, नीरज लोहार, रामेश्वर सिंह, ध्रुव सिंह, दीपक महतो, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र बैठा, मोनू बैठा, सत्यम बैठा, संजू महतो सहित क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

## श्री श्याम मित्र मंडल के नए पदाधिकारियों की घोषणा टली

# फिर से बैठक बुलाने की मांग उठी, सहमति भी बन गई

शुभम संदेश। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) में मंडल सभागार में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने किया. बैठक में सत्र 2025-2027 के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियो व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा होनी थी. बैठक में सुझाव आया कि फिर से एक बैठक करनी चाहिए, जिसमें पदाधिकारियों की घोषणा की जाए. मौके पर अजय मारू, अनुज मोदी, राजीव रंजन मित्तल,राजकुमार केडिया आदि ने अपने विचार रखे. मंडल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने अध्यक्ष सुरेश सरावगी से विचार-विमर्श कर जल्द से जल्द बैठक फिर से बुलाने की घोषणा की. बैठक में गोपाल मुरारका, श्रवण ढांढनिया, संजय सर्राफ, पंकज गाड़ोदिया, गौरव अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, कविता मित्तल, राजेश ढांढनिया, अशोक लाडिया, रोहित अग्रवाल, विष्णु चौधरी, अनिल नारनोली, रतन सिंघानिया, आदित्या लोहिया, रतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे. चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया.



## ब्रीफ न्यूज

### खरौंधी में 40 कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के बजरमरवा गांव से रविवार को 40 सदस्यीय कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ. रवाना होने से पूर्व सभी कांवरिया नाचते-गाते खरौंधी स्थित देवी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर देवी मां से आशीर्वाद लिया. जत्थे के सदस्य अनुज कुमार गुप्ता ने बताया कि वह बीते 20 वर्षों से लगातार देवघर जाकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते आ रहे हैं. इस वर्ष भी बजरमरवा से 40 श्रद्धालु देवघर के लिए रवाना हुए हैं. देवघर में जल चढ़ाने के बाद सभी कांवरिया बासुकीनाथ धाम में भी भगवान शिव पर जलाभिषेक करेंगे.

### पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया पोस्टर

**उंटारी रोड (पलामू)।** पुलिस ने रविवार को फरार वारंटी सफीक अंसारी के घर इश्तिहार चिपकाते हुए न्यायालय के स्पष्ट आदेश का अनुपालन किया. थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सफीक अंसारी के घर पर वारंट के अनुरूप पोस्टर चिपकाया.थाना प्रभारी ने बताया कि वारंटी के विरुद्ध अदालत ने कई बार हाजिरी लगाने का निर्देश जारी किया था, लेकिन सफीक अंसारी अनुपस्थित रहा. इस वजह से कोर्ट ने उसकी कुर्की की चेतावनी भी जारी की है. पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि अगर सफीक अंसारी न्यायालय में उपस्थिति नहीं देता है, तो उसकी संपत्ति की जब्ती भी की जा सकती है.

### हुसैनाबाद चार धाम परिसर में पौधरोपण किया गया

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला नहर मोड़ स्थित चार धाम परिसर में पौधरोपण किया गया. मौके पर भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित व हुसैनाबाद को स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ पौधरोपण एक अभियान के रूप में की जा रही है. वातावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पेड़-पौधों का होना बेहद जरूरी है. इस दौरान आचार्य द्रोणाचार्य ने कहा कि इसमें जनसहभागिता की जरूरत है. आज सभी लोगों को पौधा लगाकर संरक्षित करने की जरूरत है. वहीं चार धाम अध्यक्ष ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर दर्जनों से अधिक पौधरोपण किये जाने की बात कही. मौके पर भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, आचार्य द्रोणाचार्य ,शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, दिनेश साव, कुंडल साव, कमलेश साव, विनोद चौधरी, सुरजीत गुप्ता आदि मौजूद थे.

### सभी विभागों में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति की मांग

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. बैठक में पलामू जिले में चल रही चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति में स्थानीयता को प्राथमिकता देने की मांग के साथ ही लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाने की मांग की गई. बैठक में कहा गया कि 585 पदों पर चतुर्थ वर्गी कर्मचारी को नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है, जबकि उपायुक्त के अधीन 19 विभाग आते हैं. सभी विभागों में कर्मचारियों का पद रिक्त हैं कर्मचारियों की कमी के कारण काम काज प्रभावित होता है. सभी विभागों में रिक्त पदों की संख्या मंगाकर सभी विभागों में नियुक्ति कराई जाए. 18 जुलाई को उपायुक्त से मिलने का भी निर्णय लिया गया.

### संत मरियम स्कूल में हैप्पी क्लास रूम पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# शिक्षकों को तनावमुक्त व प्रेरणादायक कक्षाओं के लिए दी गई ट्रेनिंग

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



संत मरियम स्कूल में शनिवार को सीबीएसई की पहल 'हैप्पी क्लासरूम' के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य शिक्षकों को ऐसा सकारात्मक और तनावमुक्त शिक्षण माहौल तैयार करने में प्रशिक्षित करना था, जिससे कक्षाएँ छात्रों के लिए अधिक सुखद और प्रेरक बन सकें. पटना रीजन से आए सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे ने 'हैप्पी क्लासरूम' अवधारणा की आवश्यकता और क्रियान्वयन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने व्यावहारिक गतिविधियों, प्रश्नोत्तरी और पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया. उन्होंने यह स्पष्ट किया कि "हैप्पीनेस बाहर से आती है, जबकि सैडनेस हमारे भीतर जन्म लेती है," और कहा कि स्वयं खुश शिक्षक ही छात्रों की खुशी और प्रेरणा को संभव बना सकता है.उन्होंने किशोरावस्था, मानसिक विकास, करियर निर्माण, स्कूल परिवेश और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला. इसी तरह के कार्यशालाओं का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर भी किया गया है, जहां शिक्षकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता, पारस्परिक संबंध निर्माण और सकारात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करने के उपाय सिखाए जाते हैं .

**प्रधानाध्यापक और चेयरमैन ने पहचानी कार्यशाला की भूमिकाः** विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों को छात्रों की भावनात्मक जरूरतों को समझने में मदद करती हैं और एक रचनात्मक व सहयोगात्मक माहौल तैयार करने में सहायक होती हैं. प्राचार्य कुमार आदर्श ने भी जोर देकर बताया कि "खुश और तनावमुक्त छात्र बेहतर सीखते हैं और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आता है."कार्यशाला में उप-प्राचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, एकता सहाय, निकिता गुप्ता सहित संपूर्ण शिक्षण स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की. अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा राकेश चौबे को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया.संचालन के दौरान शिक्षकों को आत्मचिंतन, समय-प्रबंधन और तनाव-प्रबंधन के उपकरण सिखाए गए. वे पुनः सोचने एवं महसूस करने, समूह चर्चाओं और गतिविधियों में शामिल हुए—जिससे पूरे शिक्षण अनुभव में सुधार की संभावना मजबूत हुई. इस कार्यशाला ने सेंट मरियम स्कूल में संभावित रूप से सकारात्मक बदलाव की राह बनाई है, जिससे शिक्षक भावनात्मक रूप से सशक्त होंगे और उनके माध्यम से कक्षाएँ अधिक प्रेरणादायक एवं सीखने योग्य बनेंगी.

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तृतीय वार्षिकोत्सव गरिमापूर्वक संपन्न

# संघ जीवन की पाठशाला है,मिलती है समाज सेवा की प्रेरणाः ब्रजेश तिवारी



शुभम संदेश । मेदिनीनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मेदिनीनगर इकाई द्वारा आयोजित साप्ताहिक मिलन का तृतीय वार्षिकोत्सव समारोह उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सीताराम जी के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण से हुई. मौके पर सह जिला संघचालक श्याम किशोर ने कहा संघ का कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं है, यह जीवन निर्माण की प्रक्रिया है. हर स्वयंसेवक समाज का दीपक है, जो राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाता है. वार्षिकोत्सव आत्ममंथन और नवचेतना का अवसर है. विभाग प्रचारक व्यापक जी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संस्कार, संगठन और सेवा की आवश्यकता है. संघ इन तीनों को एकत्र कर राष्ट्र को मजबूत करता है. स्वयंसेवक का जीवन अनुशासन, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक होना चाहिए. सीता राम जी ने कहा कि युवाओं को संघ के विचारों से जुड़कर अपने जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाना चाहिए. ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी ने कहा कि संघ जीवन की पाठशाला है, जहां से मिलती है समाज सेवा की प्रेरणा और आत्मविश्वास. ऐसे आयोजनों से संगठन की शक्ति और उद्देश्य का विस्तार होता है. संघ का कार्य राष्ट्र की आत्मा को जगाना है. अधिवक्त लाला प्रसाद यादव ने कहा कि आज के समय में समाज को संगठित करने की आवश्यकता है. संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक सामाजिक समरसता, सेवा और जागरूकता का प्रतिनिधि है. शाखा एक साधना है, जो राष्ट्र को दिशा देती है. पूर्व मुखिया विनय त्रिपाठी ने कहा कि संघ युवाओं को न केवल नेतृत्व देता है, बल्कि उन्हें जीवन की दिशा भी देता है. कार्यक्रम में कार्यक्रम में नरेश प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश दूवे,जय दूबे,रवि शंकर,नरेन्द्र शुक्ला ,विरेन्द्र तिवारी, मिथलेश पांडेय, सुधीर तिवारी सुधीर,अरूण पांडेय, वेद प्रकाश,सीता राम सिंह, कपिल देव शर्म, अश्विनी मिश्रा,रामनारायण सिंह, गोपीनाथ मिश्रा, ब्रजेश कुमार, संजय उपाध्याय, अमित यादव, अजय कुमार, सुरेश पांडेय, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

### मारवाड़ी युवा मंच का श्रावणी मेला संपन्न

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने महाराजा अग्रसेन भवन में शानदार श्रावणी मेला आयोजित किया. मेले का उद्घाटन नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने फीता कटाकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया.मेयर अरुणा शंकर ने स्टॉल का निरीक्षण कर आयोजन की सराहना की और कहा, "प्रेरणा शाखा की यह पहल अनुकरणीय है, इससे समाज के लोगों को आगे बढने में सहयोग मिलेगा. सामाजिक संगठनों की सक्रियता से समाज के सभी वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है." उन्होंने गर्मी के दिनों में जल संकट से राहत के लिए अन्य संगठनों द्वारा भी पानी वितरण की सराहना की और उनका मानना था कि अन्य संस्थाओं को भी मारवाड़ी युवा मंच की गतिविधियों से प्रेरणा लेनी चाहिए.मेले में मारवाड़ी समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए और उन्होंने आयोजन का भरपूर आनंद उठाया. नवल तुलस्यान, विजय सांवड़िया, विमल उदयपुरी, राजेश अग्रवाल, विकास उदयपुरी, गिरधारी गर्ग, भरत सांवड़िया, पुनीत लाठ, सौरभ सर्राफ, संजय केजरीवाल, विकास सिंघानिया, राकेश सुरेका, निशांत सिंघानिया, ज्ञानचंद भूत जैसे गणमान्य उपस्थित थे. प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष रीमा भीवानिया, अलका सिंघानिया, मीना लाठ, लवली मोदी, वीणा लाठ, निधि केजरीवाल, नीतू केजरीवाल, मीरा कामदार, गुड्डी पोद्दार एवं दीपा सर्राफ समेत अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका में दिखे.

### सेवा सदन में डायलिसिस यूनिट का हुआ उदघाटन

**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन में रविवार से डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध हो गई.पलामू की डीसी समीरा एस ने सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव और सेवा सदन प्रबंधन के पदाधिकारियों के साथ डायलिसिसि यूनिट का उदघाटन किया.डीसी ने कहा कि सेवासदन में डायलिसिस सेंटर खुलना अच्छी पहल है.यहां सेवाभाव देखने को मिला.बहुत कम शुल्क में यहां इलाज किया जाता है.इसी तर्ज पर अब डायलिसिस भी होगा.इससे समाज के लोग लाभान्वित होंगे.सेवा सदन डायलिसिस सेंटर के माध्यम से उन मरीजों को राहत मिलेगी जो अब तक इलाज के लिए बाहर जाते थे.इस सुविधा से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेष राहत मिलेगी. सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा सदन में डायलिसिस सेंटर खुलना स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक कदम है.उन्होंने टीबी मुक्त भारत बनाने में मदद का आह्वान किया.सेवासदन के महासचिव ने सुरेश जैन ने जिले को कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी का सुपरस्पेशलिटी अस्पताल देने के सपने को शीघ्र पूरा कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की.कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल प्रबंधन के अध्यक्ष अजीत सिंह नामधारी व संचालन संयुक्त सचिव सुमित्रो भट्टाचार्य ने किया.समारोह में प्रथम उप मेयर मंगल सिंह कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, डॉ. विकास चन्द्र अग्रवाल, दुर्गा जौहरी, डॉ. रिशिता सिंह, डॉ. मुरली मिश्रा, मुकेश जैन, मुरारी गोयल, सुरेश उदयपुरी, ओम प्रकाश अग्रवाल, सरस जैन, कृष्ण कुमार ओझा आदि शामिल थे.

# अवैध विदेशी शराब के बड़े भंडार का भंडाफोड़, एक तस्कर धराया

शुभम संदेश ।नावाबाजार



नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तमदागा में अवैध विदेशी शराब के बड़े भंडारण का भंडाफोड़ किया गया है. गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार नावाबाजार थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की. रविवार को जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने पूरी जानकारी दी.बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी दल का गठन किया गया. 12 जुलाई को यह कार्रवाई की गई.

तमदागा में संजय सिंह के नए पक्के मकान में छापा मारा गया. मौके पर एक व्यक्ति भागने की कोशिश कर रहा था जिसे पुलिस बल की सतर्कता से गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में उसने अपना नाम योगेन्द्र सिंह, पिता बिशुनधारी सिंह, ग्राम तमदागा बताया.घर की तलाशी लेने पर दो कमरों में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद हुई, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया. आरोपित ने पूछताछ में यह भी स्वीकार किया कि वह इस अवैध कारोबार में मकान मालिक संजय सिंह, बिहार निवासी सोनू सिंह और अन्य के साथ संलिप्त है. वह वाहन के माध्यम से शराब की लोडिंग, अनलोडिंग एवं रेकी का काम करता था, जिसके बदले उसे पैसे मिलते थे.मौके से 180 एमएल की 10 हजार 320, 350 एमएल की सात हजार 200 एवं 750 एमएल की 240 बोतल बरामद की गई. कुल 17 हजार 770 बॉटल शराब बरामद हुई है.इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित योगेन्द्र सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

# दवा व्यवसायियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन,कार्रवाई की मांग

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

केमिस्टस् एण्ड ड्रगिस्टस फेडरेशन मेदिनीनगर के पदाधिकारियों ने दवा व्यवसायियों के साथ रविवार को डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपने के साथ ही औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा विगत एक वर्ष से पलामू जिले के खुदरा एवं थोक व्यवसायियों को नए-नए कानून का भय दिखाकर किए जा रहे दोहन व प्रतिदिन स्पष्टीकरण, नोटिस, निलम्बन व बर्खास्तगी की दी जा रही धमकी से उन्हें अवगत कराया. फेडरेशन के रमेश शुक्ला व अमिताभ मिश्रा ने विधायक श्री चौरसिया को बताया कि दवा निरीक्षक के इस तरह की धमकी से दवा व्यवसायियो के बीच भय का माहौल है. करीब एक दर्जन से अधिक पूरानें एवं प्रतिष्ठित थोक एंव खुदरा व्यवसायियों को नोटिस जारी कर एक महीने से लेकर दो महीने तक निलंबित करने का फरमान जारी किया गया है. उन्होंने यह भी बताया कि शहर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी अमित मेडिकल एजेन्सी, अनविका डिस्ट्रीव्यूटर, सिद्धथा मेडिकल एजेन्सी, श्री भवानी फार्मा, सुमित्रा मेडिकल एजेन्सी, मेदिनीनगर में स्थित एवं शाहपुर के आदर्श मेडिकल एजेन्सी, एवं बुलबुल मेडिकल एजेन्सी के दुकान को 60 दिनों के लिए निलबिंत कर दिया गया है. मौजूदा स्थिति में बड़े प्रतिष्ठान के बंद होने से पलामू जैसे जिले में जीवन रक्षक वैक्सिन एवं अन्य महत्वपूर्ण दवाई की उपलध पर संकट उत्पन्न हो गया है. विदित हो कि दवा एजेन्सी के दुकानों में बहुत सी दवाइयों का ऐसा भंडारण होता है जो केवल उसी प्रतिष्ठान से पूरे जिले में आपूर्ति होती है. इस अराजक स्थिति में दवाईयों की आपूर्ति बाधित होने से जन जीवन के समुचित इलाज में बाधा उत्पन्न होगी. उन्होंने जनहित में इस मामले में विधायक श्री चौरसिया से पहल की मांग की.

### इलाज के दौरान गुलबास मियां की मौत,शोक

**पाटन (पलामू).** पाटन प्रखंड के सधपुर निवासी गुलबास मियां कि इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई है.मालूम हो कि मोहर्रम के दिन हिन्दू-मुस्लिम समुदाय में रास्ता विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई थी, जिसमें दोनों पक्षों के लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे.घायल गुलबास मियां का इलाज अस्पताल में चल रहा था.सूचना के बाद सुरक्षा को लेकर पाल्हे कला कर्बला के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थी.एएसपी राकेश सिंह, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय, नावाजयपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार दल बल के साथ मुस्तैद थे.वहीं पाल्हे कला, गमहेथा व सधपुर में भी पुलिस तैनात थी।एसडीपीओ मणीभुषण प्रसाद, पाटन थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी निलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ जनाजे को पालहे कर्बला तक लाया.

### आक्रोश | परहिया टोला में दशकों से पानी और सड़क की विकट समस्या

# नल-जल योजना फेल, कुएं के सहारे जी रहे आदिम जनजाति परिवार

शुभम संदेश ।चंदवा



चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत दामोदर गांव स्थित परहिया टोला के आदिम जनजाति परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने हाल ही में इस टोले का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही.

परहिया टोला एनएच 99 (नई 22) से सटा हुआ है और प्रखंड कार्यालय से इसकी दूरी महज 4 किलोमीटर है, बावजूद इसके यहां के करीब 100 की जनसंख्या वाले बीस परिवार आज भी साफ पेयजल और बेहतर सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं. आदिम जनजाति वर्ग के ये लोग सूप-दौरा बनाकर, मजदूरी करके और कई बार पलायन कर जीवन यापन करते हैं.सरकार की बहुप्रचारित नल-जल योजना के तहत इस टोले में दो बोरिंग कर पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन दोनों जगह पानी निकला ही नहीं. नल-जल यूनिटें आज तक एक बूंद पानी नहीं दे पाईं. गर्मी के मौसम में जब कुएं और चापानल का जलस्तर गिर जाता है, तो ग्रामीणों की स्थिति बेहद दयनीय हो जाती है. शादी-ब्याह या किसी विशेष मौके पर पानी की किल्लत और भी गंभीर हो जाती है.ग्रामीण असरीता परहिया, शीला परहिया, धर्मदेव परहिया, रमेश परहिया, सीताराम परहिया और राजेश परहिया सहित कई लोगों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें दशकों पुराने दूषित कुएं के पानी से ही प्यास बुझानी पड़ती है. कई बार बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है.

**सड़कें कीचड़ में तब्दील, आवागमन बाधितः** टोले की सड़क की स्थिति भी बेहद खराब है. बारिश के चलते सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है, जिससे पैदल चलना तक दूभर हो गया है. गांव की आंतरिक सड़कों का कोई नामोनिशान नहीं है. बरसात में स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमारों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

**अधिकारियों से की गई है गुहारः** पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने बताया कि वे कई बार अधिकारियों से इस टोले की समस्याओं को लेकर पत्राचार कर चुके हैं. लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. उन्होंने उपायुक्त से अपील की है कि परहिया टोला की गंभीर समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए, ताकि आदिम जनजाति समाज को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें.

## एक नजर



### झारखंड वन श्रमिक यूनियन की बैठक सम्पन्न

**बरवाडीह।** रविवार को बेतला में झारखंड वन श्रमिक यूनियन डालटनगंज की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष सिद्धिनाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में यूनियन के सदस्यों ने श्रमिकों की समस्याओं और 6 सूत्री मांगों पर चर्चा की.यूनियन अध्यक्ष सिद्धिनाथ झा ने बताया कि 10 जुलाई को मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, डालटनगंज को मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक अधिकारियों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है. उन्होंने कहा कि यदि 28 जुलाई तक मांगों पर कोई सकारात्मक मंतव्य नहीं मिलता है, तो 29 जुलाई (मंगलवार) को डालटनगंज स्थित परियोजना कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा.उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारी होंगे. बैठक में उपाध्यक्ष सुधीर कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव मुकुट स्टेफन तिर्की, क्षेत्रीय मंत्री छिपादोहर बेनेदिक लकड़ा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, ललित उरांव, मनोज कुमार पासवान, जीतवाहन सिंह और फैज अंसारी समेत यूनियन के कई सदस्य उपस्थित रहे. सभी ने आंदोलन के लिए एकजुटता दिखाई और मांगों को लेकर संघर्ष का ऐलान किया.

### बरवाडीह में दो दुकानों से चोरी ,इलाके में दहशत

**बरवाडीह (लातेहार)।** थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है. रविवार की देर रात दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को चुनौती दी है.पहली घटना उत्क्रमित प्राथमिक मध्य विद्यालय पहड़तली के पास सीधी उमेश चंद्रवंशी के घर में हुई. रविवार देर रात लगभग 2:30 बजे चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर बक्से से लाखों रुपये के जेवर, मोबाइल और नकदी चुरा लिए. घटना के दौरान परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, लेकिन बेटी (10) ने चोरों को जाते हुए देखा और तुरंत घर वालों को सूचना दी. ग्रामीणों ने रातभर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली. सुबह बक्सा कुछ दूरी पर एक नाले के पास बरामद हो गया, जिसमें कुछ सामान और चांदी का कमरबंध मिला. बरवाडीह थाना के एएसआई अनवर अंसारी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की.दूसरी घटना बाजार क्षेत्र में पीपल के समीप स्थित विनोद ठाकुर की हेयर कटिंग दुकान में हुई. चोरों ने ताला तोड़कर दुकान पर हमला किया और हेयर कटिंग मशीन, नकदी तथा लगभग 20 लीटर पेट्रोल चोरी कर लिया. इस दौरान दुकान के भीतर तोड़फोड़ भी की गई, जिससे दुकानदार को आर्थिक नुकसान हुआ.इन दोनों घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी है. ग्रामीणों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, गश्त बढ़ाने और चोरों की गिरफ्तारी की कड़ी मांग की है.

### शिक्षा विभाग के बीपीओ को जान से मारने की धमकी

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के शिक्षा विभाग में पदस्थापित प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा ने शनिवार को थाने में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है. उन्होंने सरकारी स्कूलों में सामग्री सप्लाई करने वाले राम अवतार चौधरी पर जान से मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है.दिए गए आवेदन में जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि शनिवार शाम वे बाजार में थे, तभी राम अवतार चौधरी ने उन्हें देख कर गंदी-गंदी गालियां दीं और धमकी दी कि "शिक्षा विभाग किसी की बपौती नहीं है, स्कूलों में केवल हम ही सामान सप्लाई करेंगे, कोई रोका-टोकी करेगा तो जान से मरवा देंगे.जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि जिला के वरीय अधिकारियों के आदेश पर उन्होंने शिक्षकों को व्हाट्सएप ग्रुप से हटने की सूचना दी थी ताकि स्कूलों में समिति बनाकर खरीदारी की जा सके. यह सूचना जब राम अवतार को मिली, तो उसने आपा खो दिया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सप्लायर की आपराधिक तत्वों से मिलीभगत है और वह शिक्षकों पर दबाव डालकर जबरन सप्लाई करता है.उन्होंने बताया कि राम अवतार खुलेआम कहता है कि "मैंने ऐसे ही बिजनेस खड़ा नहीं किया, मेरी पकड़ शिक्षा विभाग से लेकर अपराध जगत तक है." जितेंद्र सिन्हा ने आशंका जताई है कि वह कभी भी उन्हें या उनके परिवार को नुकसान पहुंचा सकता है.

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिले झामुमो नेता

**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान ने शनिवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की गंभीर समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया.उन्होंने बताया कि अस्पताल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से क्षेत्र की महिलाओं, खासकर गर्भवती और सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए दूरदराज के जिलों में जाना पड़ता है. इससे गरीब तबके को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है. उन्होंने अस्पताल में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया.स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और बालूमाथ अस्पताल की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा.औरंगजेब खान ने उम्मीद जताई कि सरकार के सकारात्मक हस्तक्षेप से बालूमाथ की स्वास्थ्य सेवाओं में जल्द सुधार होगा.

### खबर का असर, पांडेपुरा रोड मरम्मत कार्य शुरू

**लातेहार।** शुभम संदेश में पांडेपुरा रोड की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है. खबर के प्रसारण के बाद नगर पंचायत लातेहार के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर रविवार को जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क मरम्मत कार्य की शुरुआत की गई. मरम्मत कार्य की शुरुआत के दौरान मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष आर्सेन तिर्की एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे. उन्होंने नगर प्रसाशक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर संतोष जताया तथा शुभम संदेश की पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका से ही जनता की समस्याएं उजागर हो पा रही हैं. श्री अरसान तिर्की ने नगर प्रशासक राजीव रंजन का आभार जताते हुए कहा कि प्रशासनिक सक्रियता से आम लोगों को राहत मिलेगी. पांडेपुरा रोड की मरम्मत से स्कूली बच्चों, राहगीरों व ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी. स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में सड़क का स्थायी समाधान किया जाएगा.

### देसी कट्टा और दो गोली के साथ एक गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथराटाड़ से शनिवार देर शाम एक युवक को एक देसी कट्टा और दो गोली के साथ गिरफ्तार किया गया . गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद पुलिस ने यह कार्रवाई की. रविवार दोपहर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया. युवक की पहचान चनकार कस्तुरी के 20 वर्षीय सुभाष कुमार चौधरी पिता सुनील चौधरी के रूप में हुई है.हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पथरा टाँड के पास सुभाष कुमार चौधरी नामक युवक अवैध हथियार एवं गोली के साथ एस्बेस्टस के मकान में है. सूचना के आलोक में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया.तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल की घेराबंदी की गई. घर के अंदर प्रवेश करने पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल की मदद से पकड़ा गया. पूछताछ में उसने अपना नाम सुभाष कुमार चौधरी बताया. उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसकी कमर के पीछे से एक देशी कट्टा, पैंट के बाएं पॉकेट से दो जिंदा गोली एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ.

शुभम संदेश
रांची, सोमवार 14 जुलाई, 2025



## ब्रीफ न्यूज

### बिजली चोरी के खिलाफ 15 से अधिक पर कार्रवाई

**चौपारण (हजारीबाग)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के निर्देश पर 11 जुलाई 2025 को चौपारण प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई मुख्यालय रांची के पत्रांक 217/APTके आलोक में की गई.छापामारी दल में कनीय अभियंता सौरभ लिंडा, सहायक अभियंता सत्य नारायण भोगता सहित विद्युत विभाग के कर्मी शामिल थे. अभियान के दौरान चौपारण थाना क्षेत्र के महाराजगंज और चतरा मोड़ इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई.बिजली चोरी में लिप्त 15 से अधिक उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभाग ने कुल 3 लाख से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं.

### कल विशेष बैंकिंग शिविर

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सभी लाभुकों के लिए एनपीसीआई मैपिंग कराना अनिवार्य कर दिया गया है. बीडीओ सह सीओ गौतम कुमार ने बताया कि बिना एनपीसीआई मैपिंग के योजना की राशि लाभुकों के खाते में नहीं जाएगी. उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देशानुसार 15 जुलाई को प्रखंड सभागार में विशेष बैंकिंग शिविर का आयोजन किया गया है. इसमें सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. उन्होंने बताया कि प्रखंड के वैसे लाभुक जिनका पीएम आवास (ग्रामीण) स्वीकृत हो चुका है लेकिन प्रथम किश्त नहीं मिली है, वे इस शिविर में अपने संबंधित बैंक प्रतिनिधियों से एनपीसीआई मैपिंग करवा सकते हैं. इसके लिए लाभुकों को आधार कार्ड की छाया प्रति, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और बैंक पासबुक की छाया प्रति साथ लानी होगी. शिविर में ऑन द स्पॉट एनपीसीआई मैपिंग की जाएगी.बीडीओ ने कहा कि जो लाभुक एनपीसीआई मैपिंग नहीं कराएंगे.

### तिरंगा यात्रा को लेकर की गयी बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोच के द्वारा आज रविवार को तिरंगा यात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक होटल एचएमटी इम्पायर नीरु पहाड़ी डोमचांच में हुई. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने किया, जबकि संचालन सचिव सुजीत कुमार ने किया. इस बैठक में मुख्य रूप से शिक्षण संस्थान के निदेशक एवं युवा शक्ति एक नई सोच के सदस्य मौजूद रहे.बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई.वहीं बैठक में बताया गया कि इस बार समय को परिवर्तन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा. इस मौके पर होटल एचएमटी के निदेशक उदय मेहता, प्रेमांशु कुमार, सुनील सिंहा, अमरदीप कुमार, मिथिलेश मेहता, संतोष यादव, प्रिंस सिंह,सुजीत मेहता,रवि प्रकाश, राम पुकार भारती, उपेंद्र यादव, दिनेश कुमार, कुलदीप कुमार,पिंटू पेंटर,आशीष कुमार आदि मौजूद थे.

### चितरपुर में ब्लीचिंग पाउडर से जागरूकता अभियान शुरू

**चितरपुर (रामगढ़)।** स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मुस्कुराहटें' संस्था ने रविवार को चितरपुर के शिवालय रोड क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव कार्यक्रम आयोजित किया. इस पहल के तहत संस्था के कार्यकारी सदस्य शेखर कुमार दांगी, मीडिया प्रभारी राज कुमार और सदस्य कुन्दन कुमार ने स्थानीय दर्जनों कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए जल स्त्रोतों को संक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया .शेखर कुमार दांगी ने बताया कि वर्षा के मौसम में जल स्रोत प्रदूषित हो सकते हैं.

प्रचार वाहन लूटकांड का कोडरमा पुलिस ने आठ घंटे में किया खुलासा

# तीन अभियुक्त गिरफ्तार ,वाहन बरामद

**शुभम संदेश । कोडरमा**



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार वाहन लूट कांड का साधारण सोचा जा रहा था, लेकिन कोडरमा पुलिस ने महज 8 घंटे के भीतर इस मामले का सफल खुलासा किया. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 12 जुलाई 2025 की शाम प्रचार वाहन कोडरमा थाना क्षेत्र के फरेन्दा की ओर जा रहा था.

जब चालक और सहयोगी ने मरियमपुर स्थित सरहुल मैदान के पास भोजन हेतु वाहन रोका. उसी समय चार संदिग्ध अपराधी एक टेम्पो से आए, उन्होंने वाहन चालक और सहयोगी को पीटा, मोबाइल छीन लिया और वाहन ले भागे.एसपी ने बताया कि सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. तकनीकी व मानवीय सुरागों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके परिणाम स्वरूप 8 घंटे के अंदर वाहन रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र से बरामद हो गया और तीन अभियुक्त गिरफ्तार हुए. एक अन्य आरोपी अब भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम:** संदीप कुमार, दिलीप कुमार, राहुल कुमार शामिल है. संदीप कुमार पर पहले से कोडरमा थाना में कांड 117/23, 222/23 और ओरमांझी थाना मामला 76/22 दर्ज है, जबकि दिलीप कुमार पर नवादा जिले में कांड 293/25 दर्ज है.घटना की प्राथमिकी कोडरमा थाना में संख्या125/25, 12-07-2025, धारा 132/309(2)भादवि के तहत दर्ज की गई है. पुलिस ने एसपी अनुदीप सिंह की त्वरित रणनीति और टीम की सफलता पर विशेष टीम के अधिकारियों को ₹1,000 तथा अन्य पुलिसकर्मियों को ₹500 नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया है.

**छापामारी दल में शामिल रहे:** थाना प्रभारी विकास पासवान (कोडरमा), तिलैया प्रभारी विनय कुमार, नवलशाही प्रभारी शशि भूषण कुमार, चंदवारा प्रभारी धनेश्वर कुमार, एसओजी प्रभारी अभिमन्यु कुमार, साथ ही सशस्त्र बल व पैंथर के जवान भी शामिल थे.एसपी ने कहा, "पुलिस की सक्रियता और तकनीकी-सह आधारित कार्रवाई का यह परिणाम है. शेष अपराधी की धरपकड़ के लिए छापामारी जारी है." एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस प्रेस वार्ता में मौजूद थे.

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी का हुआ विस्तार

# आधी आबादी को देगा आधी भागीदारी विश्वकर्मा समाज

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी की बैठक स्थानीय भाग्यमणि विवाह भवन में आयोजित की गई . विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने किया और मंच संचालन महिला जिला महासचिव कौशल्या देवी ने किया बैठक में बतौर मुख्य झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित थे . विशिष्ठ अतिथि के रूप में हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा, जिला महासचिव बृजलाल राणा एवं जिला सचेतक महावीर राणा शामिल हुए . बैठक में मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग महिला जिला कमेटी का विस्तार किया गया और 27 जुलाई 2025 को भाग्यमणि विवाह भवन हज़ारीबाग महिला जिला कमेटी द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया जायेगा. जिसमें हज़ारीबाग जिला के सभी प्रखंडों से विश्वकर्मा समाज की महिला सैकड़ो की संख्या में भाग लेगी .मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा विश्वकर्मा समाज पुरे झारखण्ड में मजबूत हुआ है .आधी आबादी को आधी भागीदारी देगा विश्वकर्मा समाज सभी जिला में विश्वकर्मा समाज की महिला कमेटी का होगा गठन .बैठक की अध्यक्षता करते हुए महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने कहा कि 27 जुलाई को विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया जाएगा महिला जिला कमेटी का विस्तार कर विश्वकर्मा समाज को मजबूत करने का प्रयास है.

**महिला जिला कमेटी का विस्तार किया गया :** जिला अध्यक्ष - मनोरमा राणा ,जिला उपाध्यक्ष - सुनीता राणा, देवंती देवी,पूर्णिमा राणा, कविता राणा, निर्मला राणा , जिला महासचिव - कौशल्या देवी , जिला सचिव -पूनम राणा, अंजली राणा, सबिता देवी, बसंती देवी ,जिला संयुक्त सचिव -सोनी देवी, रूमा राणा, रिंकी राणा, सुषमा राणा ,जिला संगठन सचिव -बबीता राणा, कविता विश्वकर्मा, जंयती देवी ,जिला कोषाध्यक्ष - कंचन शर्मा ,जिला सहायक कोषाध्यक्ष - संगीता देवी , जिला प्रवक्ता - चंचला कुमारी , जिला कार्यकारिणी सदस्य -ममता देवी, सरस्वती देवी,पूर्णिमा राणा,पूनम राणा, बिजुल देवी, आशा देवी,ममता देवी, अनिता देवी, सुनीता राणा, पिंकी राणा उपरोक्त महिलाओं को हज़ारीबाग महिला जिला कमेटी का पदाधिकारी नियुक्त किया गया . बैठक में मुख्य रूप से काजल देवी रेखा देवी, रीना राणा, पूर्णिमा राणा, पूनम राणा, रेखा देवी, आशा देवी, बिजली देवी, ममता देवी आदि शामिल हुई .

### सतगावां में भारी मात्रा में बीयर बरामद, एक धराया

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध बीयर जब्त की. यह कार्रवाई एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना पर की गई. दर्शननाला के पास वाहन चेकिंग में स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी लेने पर 18 पेटी विभिन्न ब्रांड की बियर मिली. वाहन चालक राजन कुमार को गिरफ्तार किया गया.पांच छानबीन में पीछे से आ रही पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. पिकअप में कुल 22 पेटी बियर मिलीं. दोनों वाहनों से कुल 40 पेटी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग ₹1.5लाख बताई गई है.पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि यह खेप बिहार में अवैध व्यापार के लिए तस्करी की जा रही थी. स्थानीय ग्राम—राहतपुर, थाना बलिया (बेगूसराय) के राजन कुमार (28 वर्ष, पिताअशोक सिंह) को गिरफ्तार कर लिया गया है. सतगावां मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है.थाना प्रभारी सौरभ कुमार और टीम—अनिल कुमार सिंह, आरक्षी पवन कुमार, सुनिल यादव, चालक बाबुलाल यादव एवं सशस्त्र बल के जवानफरार चालक की तलाश में सक्रिय हैं.क्षेत्र में शराब तस्करी की निरंतर बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सतगावां थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल तोड़ने के लिए सतत कार्रवाई जारी रहेगी. सामाजिक सुरक्षाबलों के सहयोग से अवैध शराब की आवाजाही को रोकने का हर संभव प्रयास किया जाएगा.

1960 में दाहोद के शहीद रेलकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

## मंहगाई भत्ते की मांग को लेकर हुई थी हड़ताल

**शुभम संदेश । रामगढ़**



12 जुलाई 1960 को दाहोद स्टेशन (पश्चिम रेलवे) पर हड़ताल कर रहे रेलकर्मियों को हटाने के लिए पुलिस ने गोलीबारी कर दी. जिसमे पांच रेलकर्मी रंजीत सिंह, साखा राम, सीताराम, कृपाशंकर और खदेरन उर्फ गिरधर शहीद हो गए. जिसको लेकर ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा कार्यालय में शनिवार संध्या को श्रद्धांजलि आयोजित की गयी. इस मौके पर ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह एआईआरएफ वर्किंग कमिटी मेम्बर मो ज़्याऊद्दीन ने कहा की आंदोलन मे मंहगाई भत्ते के भुगतान की मांग को स्वीकार किया गया प्रारंभिक स्तर पर पांच रूपए मासिक से मंहगाई भत्ते की शुरुआत हुई. बताया की आज जो भी सुविधाओं का हम उपभोग कर रहे हैं उसको पाने के लिए फेडरेशन और उसके जोनल यूनियनों के काफी संघर्ष किया है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद शाखा परिषद की बैठक हुई जिसमें रेलकर्मियों से सम्पर्क कर उनके समस्याओं के संकलन करने पर सहमति बनी. ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा कार्यालय में शनिवार संध्या को आयोजित हुई श्रद्धांजलि सह शाखा परिषद की बैठक की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष पी के गांगुली तथा संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद महतो ने किया. उपस्थित एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने कहा कि विभिन्न समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए हमें पहले ही की तरह अपने संघर्ष को जारी रखना है. उन्होंने उपस्थित सदस्यों और युवा रेलकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि अपने अधिकारों के संघर्ष के लिए ईसीआरकेयू को मान्यता नहीं बल्कि मानवता और एकता की जरूरत है. बैठक में सरयू प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, कमल किशोर, संजय कुमार, डी के नायक, ईश्वर, आनंद मांझी, इकरार अहमद, अशोक कुमार महतो, मुकेश लाल, अनिल कुमार राय, हीरालाल, शादाब आलम, रामचंद्र प्रसाद, आर के प्रसाद, चन्द्रदेव, बैजनाथ, नारायण, सुनील कुमार पाठक, मो कुतुबुद्दीन, नयन प्रकाश, ओमप्रकाश यादव, सुभाष कुमार, दिलीप कुमार सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया.

## रामगढ़ के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हूं : विधायक



**शुभम संदेश । रामगढ़**

चितरपुर प्रखंड के मायल स्थित शमशान घाट में डीएमएफटी योजना से लगभग 65 लाख की लागत से चारहदीवारी व शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया.

शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल द्वारा शीलापट का अनावरण कर किया गया. मौके पर उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में विकास को लेकर मैं पूरी तरह से कृतसंकल्पित हूं. अब यहां चहारदीवारी के निर्माण होने से एसटीएससी समाज को काफी सुविधा होगा. साथ ही वे यहां सुरक्षित ढंग शवों को मिट्टी देने का कार्य कर सकते है.

वहीं विशिष्ट अतिथि ने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया. इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुँचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया.मौके पर पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, मायल मुखिया फ़िरोज अंसारी, राजेन्द्रनाथ चौधरी, अमित महतो, संवेदक हर्ष चौधरी, लक्ष्मण महतो, लुमनाथ महतो, दिनेश महतो, प्रदीप महतो, मानिक पटेल, गौरीशंकर महतो सहित कई मौजूद थे.

जनचौपाल

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरौनी गांव में लगाया जनचौपाल

# ग्रामीणों ने सड़क व जलजमाव को लेकर जताई नाराजगी

**शुभम संदेश.हजारीबाग**



हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को सदर प्रखंड के चुटियारो पंचायत अंतर्गत सरौनी गांव का दौरा कर ग्रामीणों के बीच चौपाल का आयोजन किया.

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और अपनी समस्याओं को खुलकर रखा।चौपाल में सबसे बड़ी समस्या गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले केसुरा से सरौनी तक के जर्जर सड़क और जलजमाव की रही.ग्रामीणों ने बताया की सड़क पर गड्ढे व कीचड़ के कारण आवागमन में भारी तकलीफ होती है, विशेषकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है.विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को आवागमन में भारी दिक्कत होता है विधायक प्रदीप प्रसाद ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर समस्या से अवगत कराया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया की प्राथमिकता के आधार पर सड़क मरम्मत, जल निकासी और स्थायी समाधान की दिशा में तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाए.विधायक ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है . विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.उन्होंने कहा की क्षेत्र में जो भी अधूरे कार्य हैं, उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं.इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा, भाजपा नेता एवं पूर्व जिप सदस्य कौलेश्वर रजक, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश रजक, पंचायत समिति सदस्य सतीश दास, प्रभु राम, सोनेलाल ठाकुर, अर्जून केसरी, शंकर सिन्हा, उपेन्द्र सिन्हा, अर्जुन रविदास, विपिन सिंह, प्रेम कुमार, सुबाश कुमार, मनोज यादव, सुरेश कुशवाहा, अमृत पासवान, राजू प्रसाद समेत पंचायत के कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

### गांव से महिला का शव पुलिस ने किया बरामद

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम पंचायत के टोंगराटांड गांव में रविवार के सुबह एक महिला का शव को चंदवारा पुलिस ने बरामद महिला किया गया, जिसका पहचान उर्मिला देवी (उम्र 45 वर्ष), पति डोमन भुइंया ग्राम थाम थाना चंदवारा के रूप में की गई. मृतका के भतीजे किशोर कुमार ने बताया कि मृतका के पति मुम्बई में कार्यरत हैं. वे दो दिन पूर्व ही मुम्बई से थाम अपने घर आए थे. शनिवार दोपहर 3 बजे पती पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ. जिसके बाद महिला घर से लापता हो गईं. रविवार की सुबह जब गांव के कुछ लोग शौच के लिए निकले तो मृतका के घर से करीब 200 सौ मीटर की दूरी पर एक मैदान के पास उसका शव देखा गया.घटनास्थल पर ग्रामीण व मृतका के पति भी घटनास्थल पर पहुंचे. इसके बाद इसकी सूचना चंदवारा पुलिस को दी गई.

## एक नजर



### चौपारण टाउन हॉल के पास गंदगी का अंबार, लोग परेशान

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चौपारण टाउन हॉल के सामने और पीछे गंदगी का अंबार जमा हो गया है, जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं. टाउन हॉल, जहां आम जनता के कार्यक्रम और प्रशासनिक बैठकें होती हैं, उसके समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय और सामुदायिक स्वच्छता परिसर जर्जर और उपेक्षित स्थिति में हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि यह शौचालय परिसर केवल कागजों पर ही चालू है, जबकि वास्तविक स्थिति में वहां बदबू, गंदगी और जाम नालियों की भरमार है. सूचना बोर्ड नहीं होने और नियमित सफाई की व्यवस्था के अभाव में लोग शौचालय का उपयोग भी नहीं कर पाते.डेली मार्केट के पीछे का क्षेत्र भी सड़ांध और कचरे से बेहाल है, जिससे सुबह ब्लॉक मैदान में टहलने आने वाले लोगों को कठिनाई होती है. पूर्व बीडीओ सह सीओ सिमा कुमारी के कार्यकाल में साफ-सफाई को लेकर बनाई गई व्यवस्था उनके स्थानांतरण के बाद ठप पड़ गई.ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमित सफाई, मॉनिटरिंग और जनजागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता बहाल की जाए.

### सीसीएल चरही के सभी विभागों में भ्रष्टाचार : नीरज सिंह

**चरही (हजारीबाग)।** सीसीएल हजारीचाग एरिया चरही में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. यहां पर कार्यरत सभी अधिकारी और पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं. प्रबंधन के कमजोरी के कारण चोरी और हेराफेरी के साथ-साथ हर विभाग के टेबल पर बिना कमीशन के कोई काम नहीं होता है. सीसीएल के कोई अधिकारी-पदाधिकारी किसी को सुनने वाला नहीं है. उक्त बातें यूनाइटेड कोल वर्कर्स के क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा.उन्होंने आगे कहा कि सीसीएल हजारीबाग एरिया के सिविल,सेल्स, ई एण्ड एम, फाइनेंस, एक्सेवेशन सहित कई ऐसे विभाग हैं, जहां पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है.सीसीएल में कार्यरत कर्मचारियों की मौत होने के बाद उसके आश्रितों को नौकरी,मुआवजा और क्वार्टर भी बिना कमीशन के नहीं मिलता है. संवेदनशील पर वर्षो से लोग जमे हैं. बीते दिन परेज कोल परियोजना में फेटल एक्सीडेंट हुआ था.जिसको लेकर डीजीएमएस घटना को जानकारी लेने परियोजना पहुचें. लेकिन प्रबंधन के द्वारा किसी तरह की जांच और कार्यवाही नहीं हुई. बार-बार प्रबंधन को इन सभी बांतों से अवगत करवाने पर प्रबंधन टाल मटोल करते रहे .उनका पर्दाफाश करने की जरूरत है ताकि भविष्य मे किसी मजदूर के साथ अन्याय नहीं हो सके. मजदूर नेता ने मांग किया है कि इसकी जांच सीबीआई से कराई जाए.

### केशर-ए-हिंद और आम गैरमजरूवा भूमि पर अवैध कब्जा

**चरही (हजारीबाग)।** चरही मौजा अंतर्गत केशर-ए-हिंद, खास और आम गैरमजुरूआ भूमि पर अवैध कब्जे और बंदोबस्ती का मामला सामने आया है. दर्जनों प्लॉटों पर कई लोगों ने न सिर्फ कब्जा किया है, बल्कि बंदोबस्ती करा कर एकरारनामे पर भूमि की बिक्री भी कर दी है, जबकि ऐसी सरकारी भूमि का बंदोबस्त कानूनी रूप से संभव नहीं है.भूमि खाता संख्या 49 और 50 के अंतर्गत कुल 30 से अधिक प्लॉटों में से कई पर लोगों ने घर बना लिए हैं. जानकारी के अनुसार, चुरचू के पूर्व अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह के कार्यकाल में भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना मिलने पर मापी कराई गई थी और संबंधित लोगों को नोटिस भी जारी किया गया था.हालांकि उनके तबादले के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया. उन्होंने यह भी कहा था कि यदि बंदोबस्ती हुई है तो वह पूर्व के अंचलाधिकारी के कार्यकाल में हुई होगी, जिसकी जांच कर दोषियों पर कारवाई की जाएगी. फिलहाल भूमि भू-माफियाओं के कब्जे में है और प्रशासनिक हस्तक्षेप की जरूरत है.

### विहिप- बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग शुरू



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के पावरहाउस डंडाडीह में विहिप और बजरंग दल का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग रविवार को शुरू हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, विभाग संगठन मंत्री कौलेशवर टुडु, विभाग मंत्री अनुप यादव और जिला मंत्री पंकज दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. प्रणव उच्चारण, एकात्मकता मंत्र और विजय मंत्र के साथ वर्ग की शुरुआत हुई. प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला. विभाग संगठन मंत्री कौलेशवर टुडु ने मंत्र और वर्ग गीत का अभ्यास कराया, जबकि विभाग मंत्री अनुप यादव ने कार्यकर्ताओं की भूमिका और संगठन विस्तार पर चर्चा की.मौके पर बजरंग दल विभाग संयोजक प्रशांत सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, रामस्वरूप यादव, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, सत्संग प्रमुख दिगंबर पांडेय, खंड कार्यवाह सुनील कुमार, शंकर दयाल पांडे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

### पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस सह जलसे का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के थाना मोहल्ला गौसिया मस्जिद के परिसर में अल हुसैनी फाउंडेशन के बैनर तले पैग़ाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन किया गया. बड़ी तादाद में लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया. इस मौके पर इल्म, अख़लाक़ और इस्लामी तालीमात को आम करने का मजबूत संदेश दिया गया.मुख्य वक्ता के रूप में मौलाना मुफ्ती शमशुद्दीन मकराना ने कर्बला की कुर्बानी को इंसानियत के लिए एक बेमिसाल पैग़ाम बताया. उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने ज़ुल्म के सामने झुकने के बजाय शहादत को गले लगाना पसंद किया, ताकि आने वाली नस्लों को यह समझाया जा सके कि हक़ और इंसाफ़ के रास्ते पर चलना ही असल कामयाबी है. अपने संबोधन में मुफ्ती साहब ने तालीम (शिक्षा) की अहमियत पर खास जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में मुसलमानों को दुनियावी और दीन दोनों तरह की तालीम को अपनाना चाहिए. मौलाना मकराना ने कहा कि आज के दौर में मुसलमानों को सिर्फ मजहबी रस्मों तक महदूद नहीं रहना चाहिए, बल्कि किरदार और अख़लाक़ से भी इस्लाम की तालीम को पेश करना चाहिए. जलसे की अध्यक्षता कौसरुल कादरी जबकि संचालन सब्बीर रजा औरंगाबादी ने किया. मौके पर शायर नदीम रजा फैजी, सहित अन्य मौजूद थे.

### पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-जयनगर रोड के लोहासीकर मोड़ के समीप रविवार दोपहर करीब 3 बजे पिकअप वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूपसे घायल हो गया. मृतक की पहचान बेकोबार निवासी 26 वर्षीय संदीप कुमार, पिता राजू रजक के रूप में की गई है. जबकि घायल युवक की पहचान बेकोबार निवासी 23 वर्षीय रंजन कुमार, पिता सोभा रजक के रूप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक आपस में चचेरे भाई हैं. दोनों युवक अपने घर बेकोबार से मोटरसाइकिल से जयनगर से कोडरमा की ओर आ रहे थे. इसी बीच कोडरमा-जयनगर मुख्य मार्ग के लोहासीकर के समीप जयनगर की ओर से आ रहे एक पिकअप वैन ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां ईलाज के दौरान संदीप कुमार की मौत हो गई. जबकि रंजन का फिलहाल सदर अस्पताल में ईलाज जारी है. बताते चलें कि मृतक गुजरात में रहकर कमाई करता था. अभी कुछ दिनों पहले ही वह अपने घर बेकोबार आया हुआ था.

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध खनन के विरोध में प्रदर्शन कल

**गुमला ।** बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति गुमला के तत्वाधान में 14 जुलाई 2025 को दिन सोमवार को दिन के 11 बजे से जिला मुख्यालय स्थित कचहरी हड़ताली वृक्ष के समीप एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा. धरना प्रदर्शन में बॉक्साइट व पत्थर बालू की हो रही अवैध खनन और तस्करी के विरोध कार्रवाई की मांग की जाएगी. उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अवैध खनन पर कार्रवाई करेन तथा बॉक्साइट पत्थर व बालू के अवैध कारोबार में लगे माफियाओं से विभाग अधिकारियों की मिलीभगत की भी जांच करने की मांग की जाएगी. यह जानकारी मजदूर समिति सचिव सह किसान नेता आदित्य सिंह ने दी.

### सिसई बाईपास से माल लदा पिकअप की लूट

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे में सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रोड में रविवार की रात मां लद्दाख पिकअप वाहन को लूटेरा ने हाईजैक कर लिया. पिकअप मालवाहक मेन रोड निवासी दुर्गा गुप्ता की बताई जा रही है . जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी रांची से किराना सामान लोड कर गुमला आ रही थी. पिकअप मालवाहक में लगभग दो लाख का माल होने की बात बताई जा रही है. रांची से गुमला आने के दौरान शनिवार की रात लगभग 8:30 बजे सिसई बाईपास के पास लुटेरों ने माल सहित पिकअप वाहन को लूट लिया और गाड़ी लेकर फरार हो गए हैं. लुटेरों ने ड्राइवर के साथ मारपीट भी किया है.चालक के अनुसार लुटेरों ने बोलरो वाहन से पीछा कर गाड़ी को रूकवाया और उसके साथ मारपीट करने लगा. चालक को वहां से उतर दिया और वाहन लेकर फरार हो गया.

### वज्रपात से एक की मौत आधा दर्जन लोग घायल

**गुमला.** भरनो प्रखंड क्षेत्र में रविवार को बारिश के साथ हुई बज्रपात की अलग अलग घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई,जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं.कई लोग घायल हो गए हैं।पहला घटना प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जौली गाँव में हुआ जिसमें इस गांव के निवासी सुका उराँव (50)की बज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गई।जबकि वहीं इसी गांव के गन्दूर मुंडा (50)गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार रविवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे सुका और गन्दूर अपने खेत मे धान रोपनी का कार्य कर रहे थे, इस क्रम में अचानक जोरदार बारिश होने लगी और बारिश के साथ बज्रपात हुआ, फलस्वरूप दोनों बज्रपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल होकर मूर्छित हो गए, आनन फानन में उनके परिजनों द्वारा दोनों को रेफरल हॉस्पिटल सिसई पहुंचाया गया. जहां गंभीर रूप घायल से सुका उराँव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. परंतु अस्पताल पहुंचते ही सुका को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.जबकि गन्दूर मुंडा सिसई रेफरल में इलाजरत है।वहीं भरनो के खटको गांव में बज्रपात की दूसरी घटना घटी इस गांव निवासी गोबरा उराँव का एक बैल की बज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गई।गोबरा अपने बैल को खेत मे चारा डालकर छोड़ दिया था।इस क्रम में बज्रपात होने से बैल की मौत हुई।बज्रपात की तीसरी घटना भरनो के नहर डीपा निवासी छोटन दास के घर के ऊपर बज्रपात होने से छोटन दास समेत उनके 10 वर्षीय पुत्र रॉनी दास और 8 वर्षीय पुत्र रॉकी दास और उसकी पत्नी घायल हो गए.वे 15 मिनट तक सभी बेहोश होकर पड़े थे.

गुमला से पलायन रोकने के दिशा में डीसी का अनूठा पहल

# प्रवासी श्रमिकों को मिला निःशुल्क बीज व कृषि उपकरण

शुभम संदेश ।गुमला

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने पलायन को रोकने के दिशा में प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और उनकी आर्थिक पुनर्वास एवं आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में त्वरित कार्रवाई की है. जिसका परिणाम शनिवार को गुमला जिला के 32 श्रमिकों के बीच कृषि विभाग से बीज और कृषि उपकरण निःशुल्क दिए गए. जानकारी के अनुसार रांची स्थित एक ईंट भट्ठा में कार्यरत मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं मिलने पर वापस गुमला लौटे और उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याएं साझा कीं. उपायुक्त ने प्रवासी मजदूरों की समस्या को गंभीरता से लिया और जिला श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज को



श्रमिकों का निबंधन कराने का निर्देश दिया गया. जिला श्रम अधीक्षक के अनुसार निबंधित सभी मजदूर कृषक परिवारों से आते हैं तथा उनके पास कृषि योग्य भूमि उपलब्ध है. पलायन की स्थिति को नियंत्रित करने एवं श्रमिकों को स्थायी आजीविका से जोड़ने की पहल हुई. उपायुक्त के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर ने सभी श्रमिकों के बीच मक्का, उड़द एवं अरहर बीज का निःशुल्क वितरण किया.

## श्रमिकों के पंजीयन के लिए चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**गुमला ।** श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग गांव-गांव में विशेष श्रम निबंधन एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. यह अभियान 25 जुलाई तक चलेगा. इस अभियान के तहत श्रम विभाग की टीम प्रतिदिन प्रखंड, पंचायत एवं निर्माण कार्य स्थल पर भी श्रमिकों से संपर्क कर निबंधन की प्रक्रिया की जाएगी. 11 जुलाई को आरंभ इस अभियान में अब तक 58 श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है. जिला श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने स्वयं पाट क्षेत्र में पहुंचकर श्रमिकों से सीधा संवाद कर उन्हें श्रमिक कार्ड से मिलने वाले लाभ की जानकारी दे रहे हैं. अधिक से अधिक श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं. जिला श्रम अधीक्षक ने बताया कि श्रमिक निबंधन के लिए श्रमिकों को अपना आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, पासपोर्ट साइज फोटो एवं नामांकित व्यक्ति के नॉमिनी का आधार, फोटो और बैंक खाता संख्या पंजीकृत कराना होगा. यह पंजीकरण की प्रक्रिया गुमला जिला के किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर, पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय, जिला श्रम कार्यालय या विशेष शिविरों में पूरी की जा सकती है.

# 7.750 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार,जेल भेजा

शुभम संदेश ।लोहरदगा

जिले के कुडू थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से कुल 7.750 किलोग्राम अवैध गांजा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और नकद 1350 रुपये बरामद किए गए हैं.

रविवार को कूडू थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम लापुर निवासी मो खुर्शीद अपने मोटरसाइकिल की डिक्की में अवैध गांजा छिपाकर पण्डरा स्थित अजय ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ा है. सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान सादिक़ अहमद रिज़वी के निर्देश पर



एक टीम गठित की गई. टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, थाना प्रभारी मनोज कुमार, दिनेश कुमार, कुंदन कुमार रवानी, सअनि प्रेम प्रकाश एवं कुडू थाना के सशस्त्र बल द्वारा मौके पर छापेमारी की . छापेमारी के दौरान लापुर गांव निवासी मो० खुर्शीद की मोटरसाइकिल से 1.050 किग्रा गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में उसने बताया कि यह गांजा सुजीत कुमार का है. इसके बाद पुलिस ने सुजीत कुमार के घर पर छापा मारा, जहां से 6.700 किग्रा गांजा बरामद किया गया. 7.750 किग्रा गांजा, एक मोटरसाइकिल , दो मोबाइल फोन और 1350 रुपये नकद बरामद हुआ है. दोनों आरोपितों के खिलाफ कांड संख्या (78/25) एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## लोहरदगा में संपन्न हुआ सिलंबम प्रशिक्षण शिविर



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला सिलंबम एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को ललित नारायण स्टेडियम स्थित मार्शल आर्ट क्लब में एक दिवसीय सिलंबम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का नेतृत्व संघ के सचिव एवं राष्ट्रीय मास्टर श्रवण साहू ने किया, जबकि मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नेशनल मास्टर ऐश्वर्या साहू उपस्थित रहीं.ऐश्वर्या साहू ने खिलाड़ियों को वेलकम्बु वीचु (भाला तकनीक) की मूलभूत विधियां, अटैक, ब्लॉक और लेसन-1 के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया. उन्होंने बताया कि उन्होंने हाल ही में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में आयोजित पांच दिवसीय मास्टर ट्रेनिंग कैंप में भाग लिया है और उसी अनुभव को साझा कर रही हैं.उन्होंने बताया कि सिलंबम भारत का प्राचीन स्वदेशी मार्शल आर्ट है, जिसे भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की मान्यता प्राप्त है और यह खेलो इंडिया.इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में शिल्पा खेश, बिनोद उरांव, अजय कुमार, रमेश मिश्रा, रोहित कुमार, संजीव मित्तल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

## शांति देवी आंगनबाड़ी सहायिका चयनित हुईं

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटैया के ग्राम कटैया टोला दसकठवा के मिनी आंगनबाड़ी केंद्र (कोड संख्या 171) में सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया. पंचायत के मुखिया नरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहायिका पद के लिए कुल चार अभ्यर्थियों ने अपना आवेदन पत्र जमा किया. अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप तथा पर्यवेक्षिका माधुरी सिंह के द्वारा किया गया. चारों अभ्यर्थियों में शामिल विमला देवी, सोना देवी, शांति देवी तथा सुनीता देवी के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच के पश्चात शांति देवी का चयन सर्वसम्मति से किया गया. मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा मुखिया नरेश प्रसाद यादव की उपस्थिति में चयनित अभ्यर्थी शांति देवी को औपबंधिक प्रमाण पत्र सौंपा गया. मौके पर कमेटी सदस्य उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटैया की प्रधानाध्यापिका किरण तिर्की के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## पिपरवार में ददई दुबे के सम्मान में शोकसभा

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे स्मृति भवन में रविवार को एक भावपूर्ण शोकसभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता आरसीएमएस के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव सतीश कुमार पांडेय ने की. कार्यक्रम में विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.सभा की शुरुआत पूर्व मंत्री एवं इंटक के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना से हुई. सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वर्गीय दुबे के जीवन संघर्ष एवं कोयला मजदूरों के हित में उनके योगदान को याद किया. मंच से कहा गया कि चंद्रशेखर दुबे ने कोयलांचल क्षेत्र के कोयला उद्योग में मजदूरों के अधिकारों के लिए अथक संघर्ष किया और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता.इस मौके पर ललन सिंह, विद्यापति सिंह, दिलीप गोस्वामी, बैजनाथ पांडेय, ओमप्रकाश प्रजापति, अभय सिंह, मुद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह, कामेश्वर राम, गुंजन कुमारी सिंह, पिंकी सिंह, रीना देवी, एसके दुबे, दिलीप दुबे, शशि पांडेय, बाबूलाल राम, अनिल चौबे, भीम प्रसाद मेहता, इकबाल अहमद, इम्तियाज आलम, सिद्धार्थ शेखर, आबिद हुसैन और शकीरउद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे का निधन झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे कोयलांचल के लिए अपूरणीय क्षति है.

## विस्थापित ग्रामीणों ने 22 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा

**पिपरवार।** सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में न्यू बिजैन पुर्नवास केंद्र के विस्थापित ग्रामीणों ने रविवार को अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात कर एक 22-सूत्री मांग पत्र सौंपा है. ग्रामीणों ने जमीन, नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं की बहुप्रतीक्षित मांगों को प्रमुखता से उठाया है.सत्यापित जमीन पर लंबित नौकरी एवं मुआवजा का भुगतान,पुर्नवास स्थल में पार्क, स्टेडियम, मंदिर, मंच, विवाह भवन व सामुदायिक भवन निर्माण,सड़क, नाला, पुलिया, टावर लाइट, स्ट्रीट लाइट, चौड़ाई, डिवाइड, चाहरदीवारी एवं समतलीकरण,स्वास्थ्य उप-केंद्र, शुद्ध पेयजल (जल मीनार), पुस्तकालय, सिलाई सेंटर की स्थापना,सभी जर्जर पोल बदलना, बढ़ते खाली स्थानों में फलदार पौधे लगाना, फिक्स राशि का प्लॉट मुआवजा,फ्लॉट व मैला टांड़ में भूमि सुंदरीकरण व समतलीकरण कार्य,रैयतों के बाकी बचे नौकरी, पेड़ों का मुआवजा आदि की तत्काल भुगतान आदि मांग शामिल है.ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रंथु गंझु, राहुल राम, बाबूलाल राम, कुलदीप राम, पच्चु गंझु, सुरेंद्र राम, संतोष कुमार गंझु, अजीत कुमार मुंडा, चर्का गंझु, राजू मुंडा, सोनू कुमार गुप्ता, संजय गंझु, देवनारायण राम सहित अन्य विस्थापित ग्रामीण शामिल थे.

## भाकपा टंडवा अंचल समिति का 19वां सम्मेलन सम्पन्न

**पिपरवार.** पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित एटक कार्यालय में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की टंडवा अंचल समिति का 19वाँ सम्मेलन आयोजित हुआ.सम्मेलन की अध्यक्षता मोहम्मद रहमतुल्ला और संचालन रामनाथ महतो ने किया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चतरा जिला मंत्री कामरेड बनवारी साहू ने झंडोतोलन कर सम्मेलन की शुरुआत की.बाद में भाकपा हजारीबाग जिला मंत्री अनिरुद्ध ने सम्मेलन का उद्घाटन किया.टंडवा अंचल मंत्री रामकिशोर यादव ने पिछले तीन वर्षों की गतिविधियों की विस्तृत कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर पांच सदस्यों ने चर्चा की और उसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया।सम्मेलन में सदस्यता वृद्धि, प्रखंड स्तर पर किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलनों की योजना, और टंडवा–सिमरिया मार्ग पर बेलगाम ट्रांसपोर्ट विरोधी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।भाकपा जिला परिषद सदस्य अरविंद शर्मा, जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, और जिला परिषद सदस्य चिंतामणि साव ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर जोर दिया।सम्मेलन में सेवक गंझु, राज कुमार, भरत नोनिया, मनोज राम, ठेसलाल राम, सफीक मियां, रामकुमार साव, राजमुनि देवी, पुष्नी देवी, बंटी मोदी, महेश्वर गंझु, मोहम्मद समसुद्दीन, सीटू भुइयां, तालेश्वर साव आदि शामिल थे.

## हज़ारीबाग से निकली भव्य कांवर यात्रा

**हज़ारीबाग ।** क्रेक बम मंडली ने बुढ़वा महादेव मंदिर, ग्वाल टोली चौक श्री हरि हनुमान मंदिर और कैलाश धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए कांवर यात्रा को रवाना हुआ . ढोल - नगाड़ों की गूंज और बोल बम,ॐ नमः शिवाय,बाबा एक सहारा है जैसे गगनभेदी नारों के बीच कांवरियों का उत्साह देखते ही बनता था. भक्ति के रंग में रंगे कांवरियों ने हज़ारीबाग की फिजाओं को बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान कर दिया. कांवरिया संघ में शामिल श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गाजे-बाजे के साथ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कूच किया. मंडली के सदस्यों ने बताया की वे पिछले कई वर्षों से लगातार सावन मास में यह यात्रा कर रहे हैं और बाबा नगरी पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. इस पावन अवसर पर सुनील सिंह, सुनील गुप्ता, अरुण यादव, संजय वर्मा, सुबोध सिंह, परमजीत वर्मा, वकील यादव, सुरेश चौधरी, बिट्टू यादव और शांतनु यादव यात्रा मंडली में शामिल है.

## आठ किसानों के बीच मछली बीज का वितरण

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार को झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा अनुदान पर प्रखंड के आठ किसानों के बीच मछली पालन के लिए मछली का जीरा बांटा गया्र. सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि प्रो करमा उरांव और मुखिया नीरज कुजूर ने जीरा का वितरण किया. सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव ने कहा कि प्रखंड के तालाब में मछली उत्पादन यहां के किसानों के लिए वरदान साबित होगा. उन्होंने मत्स्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की यह अच्छी पहल है. प्रो करमा उरांव ने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं.उन्होंने मत्स्य पालन के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी और कहा कि मछली पालन कर लोग अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं. मुखिया नीरज कुजूर ने कहा कि मछली पालन से महिलाओं और पुरुषों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. वहीं मत्स्य मित्र चरवा उरांव द्वारा किसानों को मत्स्य पालन के संबंध में जानकारी दी गई.

## एक नजर



### धार्मिक यात्रा में निकले चैती दुर्गा पूजा महापरिवार

**गुमला ।** श्री चैती दुर्गा पूजा समिति गुमला महा परिवार सावन के पहले रविवार को सोनमेर मंदिर और अंगराबरी मंदिर की धार्मिक यात्रा की. गुमल के देवी मंदिर परिसर से 45 सदस्यीय श्रद्धालुओं ने बस के माध्यम से सुबह सात बजे अंगरा बारी के लिए रवाना हुए. बस में भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए. धार्मिक यात्रा में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, पूर्व अध्यक्ष संजीव उर्वशी,सचिव सरजू प्रसाद साहू, रितेश कुमार, नितेश लाल, सुदेश सौरभ, अरुण केसरी, संजय कुमार, मोहित गुप्ता, महेश गुप्ता, राजीव कुमार ,जयंत मुखर्जी, दामोदर कसेरा विजय सोनी, डॉ अनुपमा कुमारी, रश्मि राज, सुषमा सिंह, चांदनी सिंह, मनमोहन केसरी, द्वारिका मिश्र सुमन, नितेश लाल, शंभू नारायण चौरसिया, दीपू खंडेलवाल,विजय सोनी, प्रेम सागर जायसवाल आदि महिलाओं में पूनम जायसवाल, सुषमा सिंह, विजय लक्ष्मी, उषा रानी, रश्मि राज, उषा चौरसिया, किरण केसरी, नम्रता, रीना साहू, सीमा कुमारी , सेल मिश्रा, अर्पिता मुखर्जी, डॉ अनुपम कुमारी शामिल हुए.

### एसएसबीएम में हर्षोल्लास के साथ मना स्थापना दिवस



**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी में विद्यालय के सफलतम 30 वर्ष पूरे होन पर हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया. मुख्य अतिथि पंसस सलगी बाबूलाल उरांव, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष लाल उपेंद्र नाथ साहदेव, संरक्षक लाल रविन्द्र नाथ साहदेव एवं अभिभावक गण के द्वारा भारत माता, सरस्वती माता एवं ॐ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन क़र कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया.विद्यालय की बहन कोमल कुमारी कक्षा दशम के द्वारा विद्यालय के 30 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को बताया गया. बहन आकांक्षा कुमारी एवं भैया अंकित उरांव की अगुवाई में भैया बहनों के द्वारा टैकवांडो, भैया अभय प्रजापति एवं सूर्यकान्त कुमार की अगुवाई में शारीरिक प्रदर्शन एवं बहन लवली कुमारी एवं अप्रिता वर्मा की अगुवाई में बहनों द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाचार्य रामशंकर प्रजापति की अगुवाई में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य आचार्या का पूरा योगदान रहा.

### गुमला में बेखौफ चल रहा है बालू का कारोबार

**गुमला ।** झारखंड राज्य में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी)10 जून से लागू है. इसका उद्देश्य वन पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है. गुमला में इस राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण का अनुपालन नहीं हो रहा है. यही कारण है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश के बावजूद नदियों से बालू का अवैध खनन और कारोबार जारी है. झारखंड के गुमला में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के जारी आदेश की धज्जियां उड़ रही है. बालू माफिया सरकारी आदेश को ताक में रखकर बालू का अवैध उत्खनन करा रहे हैं और ट्रैक्टर चालक निर्भिक होकर नदियों से अवैध बालू का उत्खनन कर बालू की ढुलाई कर रहे हैं. बालू का अवैध ढुलाई पालकोट रोड में प्रत्येक दिन के सुबह देखा जा सकता है. गुरुवार की सुबह भी पालकोट रोड में बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर बालू लेकर सरपट दौड़ रही थी. एनजीटी के आदेश के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा रोक टोक नहीं किया जाना और बालू माफियाओं का निर्भिक कारोबार किया जाना कानून व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवालिया निशान से इंकार नहीं किया जा सकता है. ज्ञात है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल 10 जून से पूरे झारखंड में लागू है जो 15 अक्टूबर तक रहेगा.

### वन विभाग की टीम ने जब्त की जेसीबी व ट्रक

**गुमला ।** चैनपुर अनुमंडल के कुरुमगढ़ वन क्षेत्र अंतर्गत कोठी लुचुतपाठ में वन विभाग ने अवैध बॉक्साइट खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में एक जेसीबी और एक बारह चक्का ट्रक को जब्त किया गया है. वन विभाग को सूचना मिली थी कि लुचुत पाठ में जेसीबी की मदद से अवैध बॉक्साइट की ढुलाई की जा रही है. इस सूचना के सत्यापन के लिए डीएफओ अहमद बेलाल और चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. इस टीम में कुरूमगाड़ वन क्षेत्र के वनकर्मी और डुमरी थाना के जवान शामिल थे. टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सत्यापन किया और पाया कि अवैध खनन हो रहा है. मौके से एक ट्रक और एक लोडर जेसीबी मशीन को जब्त कर कुरूमगढ़ वन कार्यालय, चैनपुर में रखा गया है. वन विभाग ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद किया है और अन्य अज्ञात लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है.

### संवेदक संघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में रविवार को पिपरवार संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता दिलीप साहू तथा संचालन सुरेश महतो ने किया. प्रारंभ में शोकसभा का आयोजन हुआ, जिसमें आरसीएमएस अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे और बिहार कोलियरी कामगार यूनियन अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई.बैठक में संवेदकों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई. बैठक में सभी संवेदकों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की गई. बैठक में संघ अध्यक्ष संजय पासवान, सचिव दिलीप साहू, उमेश सिंह, मोनू सिंह, भीम सिंह यादव, अरुण सिंह, कमलजीत सरदार, प्रमोद प्रजापति, विनय सिंह, महावीर रजवार सहित अनेक संवेदक उपस्थित थे.

### चोर गिरोह धराया, सात बाइक बरामद, चार गिरफ्तार



**लोहरदगा।** पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर 12 जुलाई की संध्या की गई.पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि कृषि बाजार, लोहरदगा के पास कुछ युवक चोरी की बाइक बेचने की फिराक में थे. सूचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें अफरोज और सईदुल अंसारी को दो बाइक के साथ पकड़ा गया. पूछताछ में दोनों ने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम बताए, जिसके बाद मकबूल और अफताब अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया.इनकी निशानदेही पर गुमला से पांच और बाइकें बरामद की गईं. बरामद वाहनों में एक सीडी डीलक्स, चार पैशन प्रो और दो स्प्लेंडर प्लस शामिल हैं. गिरोह मुख्यतः रांची, गुमला और लोहरदगा जिलों के भीड़भाड़ वाले इलाकों को निशाना बनाकर चोरी करता था. पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़े आपराधिक नेटवर्क पर नकेल कसने में सफलता मिली है.

बैठक — छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन

# कलिंद्र साहू बने तेली समाज के जिला अध्यक्ष

शुभम संदेश।गुमला

गुमला के डीएसपी रोड स्थित रामकृष्ण ओहदार के आवास में रविवार को छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला कार्यकारी समिति का पुनर्गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त अधिकारी कलिंद्र साहु को अध्यक्ष और कौशल कुमार साहु को युवा अध्यक्ष चुना गया. चुनावी बैठक मुख्य संरक्षक हीरा साहू की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में तत्कालीन जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया और कमेटी भंग करने की घोषणा की. संरक्षक हीरा साहु ने नई कार्यसमिति के चयन प्रक्रिया की घोषणा की.



जिसमें नाम प्रस्ताव के साथ ही कलिंदर साहु के नाम पर सहमति बनी.कलिंद्र साहू छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के दसवें जिला अध्यक्ष चुने गए. युवा अध्यक्ष के लिए कौशल कुमार साहू का नाम पर सहमति दी गई.नव चयनित अध्यक्ष व युवा अध्यक्ष को संरक्षक हीरा साहु ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी.

नए अध्यक्ष कलिंद्र साहू ने कहा कि तेली समाज का संस्कृति एवं परंपरा हमेशा से गौरवशाली रहा है.समाज अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे भी संघर्ष करता रहेगा. समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और एकता जरूरी है.सभी के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा.बैठक में संरक्षक मुनेश्वर साहू, राधामोहन साहू, भूपेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू, महासचिव शिवचरण साहू, रामकृष्ण ओहदार ,दिनेशवर प्रसाद, नीलांबर साहू, केंद्रीय अध्यक्ष उदासीन नाग, सिमडेगा जिला अध्यक्ष जगदीश साहू, खूंटी जिला अध्यक्ष शिव नारायण साहू, महिला अध्यक्ष प्रमिला साहू, बसंती साहू, सुशीला साहू, मेनका साहू, अंजना साहू, रेखा देवी, रानी कुमारी, सरस्वती देवी आदि शामिल थे.

## चान्हो में नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**चान्हो।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन अंसारी मुहल्ला बलसोकरा के एक प्रतिनिधिमंडल ने गांव में बढ़ते नशा को रोकने के लिए थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से गांव में नशा बेचने और करनेवालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई.अंजुमन के सदस्यों ने कहा कि युवाओं को नशे की लत लगती जा रही है, जिससे सामाजिक बुराइयों में इजाफा हो रहा है. स्कूल और कॉलेज के छात्र तक इस बुरी आदत की चपेट में आ रहे हैं. थाना प्रभारी ने अंजुमन को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि आमजन सहयोग करें तो नशे को जड़ से समाप्त किया जा सकता है. प्रतिनिधिमंडल में रहमतुल्लाह अंसारी, अफरोज अंसारी, इश्तियाक अंसारी, हाजी तफज्जुल अफजलूर रहमान, मेराज अंसारी, इफ्तिखार अंसारी आदि शामिल थे.

मंथन

# ददई दुबे के निधन से एक युग का अवसान

कांग्रेस और इंटक के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन न केवल झारखंड की राजनीति बल्कि सामाजिक चेतना के एक सशक्त अध्याय का अंत है. रांची से पलामू तक की सड़कों पर उमड़ी भीड़, कांग्रेस कार्यालय में गूंजती श्रद्धांजलियां और वाराणसी के मणिकर्णिका घाट की ओर बढ़ता पार्थिव शरीर यह दर्शाता है कि ददई दुबे जनता के नेता थे- ज़मीन से जुड़े, संघर्षशील और कर्मठ. बिश्रामपुर से चार बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके ददई दुबे ने राजनीतिक जीवन में अपने विचारों की स्पष्टता और जनसंवाद की ताकत से पहचान बनाई. उन्होंने 1985 में पहली बार विधानसभा में प्रवेश किया और 2000 में बिहार सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री बने. 2014 में धनबाद से सांसद निर्वाचित होकर उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में भी कदम रखा. उनका जीवन ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर जनता की सेवा तक का प्रेरणादायी उदाहरण है. चाहे विधानसभा हो या लोकसभा, उन्होंने हमेशा पिछड़े वर्ग, श्रमिकों और युवाओं के मुद्दों को मुखरता से उठाया. उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड को अपूरणीय क्षति हुई है. राजनीतिक मतभेदों से परे, उनका सम्मान सभी दलों में था. आज जब उनकी अंतिम यात्रा में हज़ारों लोग शामिल हो रहे हैं, यह स्पष्ट है कि ददई दुबे का नाम केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक जननायक के रूप में याद किया जाएगा. उनके आदर्श और संघर्ष भावी पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे. राज्य ने एक कर्मठ सपूत खोया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के शोक संदेश में भी इन्हीं बातों का गहरा उल्लेख है.

नजरिया

# धौनी झारखंड में खेल और पर्यटन को दिलाएंगे बढ़ावा!

झारखंड के खेल एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और महेंद्र सिंह धौनी के बीच मुलाकात सिर्फ एक औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि संभावनाओं के नए द्वार खोलने वाली बड़ी पहल है. क्रिकेट की दुनिया में भारत का सिर ऊंचा करने वाले कैप्टन कूल धौनी यदि अपने गृह राज्य की ब्रांडिंग और विकास में भागीदार बनते हैं, तो यह झारखंड के लिए गर्व का विषय होगा. धौनी की पहचान सिर्फ एक खिलाड़ी के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत और विश्वसनीय चेहरे के रूप में है. यदि उन्हें झारखंड पर्यटन का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाता है, तो राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त करने में बड़ी मदद मिलेगी. पर्यटन स्थलों की पहचान, प्रचार-प्रसार और निवेश आकर्षित करने के लिहाज से यह कदम गेमचेंजर साबित हो सकता है. खेल के क्षेत्र में भी धौनी की भागीदारी से नई ऊर्जा आ सकती है. झारखंड जैसे राज्य, जहां प्रतिभा की कमी नहीं, वहां मार्गदर्शन और संसाधनों की जरूरत हमेशा महसूस की गई है. धौनी का अनुभव, नेटवर्क और प्रेरणादायक नेतृत्व युवाओं को दिशा देने में सहायक होगा. मंत्री सुदिव्य कुमार की पहल इस बात का संकेत है कि सरकार अब खेल और पर्यटन को विकास के प्रमुख घटक मानकर रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना चाहती है. उम्मीद की जानी चाहिए कि यह मुलाकात औपचारिकता से आगे बढ़ कर ठोस योजनाओं में तब्दील होगी और झारखंड के विकास में मील का पत्थर बनेगी.

# अब फिर बदलने लगे पाकिस्तान के सुर

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**बिलावल भुट्टो का दिया गया हाल का बयान यही दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की हेकड़ी अब निकल चुकी है, वह अब भारत के सामने घुटनों पर आने को तैयार हो रहा है. निश्चित ही इसे भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जाना चाहिए.**

**मानसून के मौसम में भी पाकिस्तान में घोर जल संकट का दौर चल रहा है.**




आतंकवाद को संरक्षण देने में जिस देश का दुनिया भर में नाम बदनाम हो, यदि वह भारत के गुनहगार आतंकियों को भारत को सौंपना स्वीकार कर ले और इस तरह की मांग जनता एवं राजनेताओं के बीच से आने लगे तो समझ लिया जाए कि पाकिस्तान की हालत लगातार बद से बदतर होती जा रही है. सोचनेवाली बात यह है कि अब जब मानसून का दौर चल रहा है, नदियां उफान पर हैं, तब पाक में पानी का संकट गहराता दिख रहा है. ऐसे में जब तेज गर्मी का मौसम होगा, तब क्या हालात होंगे इसका सहज अंदाजा ही लगाया जा सकता है.वस्तुतः 22 अप्रैल को जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में लश्कर से जुड़े आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकी हमले के बाद भारत ने पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था. इसके बाद ब्रह्मोस की मार से घायल पाकिस्तान को आखिर में 10 मई को भारत के साथ शांति समझौता करने के लिए विवश होना पड़ा. वहीं, भारत की ओर से पाकिस्तान पर जो बैन लगाए गए, वह अब भी निरंतर हैं.

ऐसे में पाक के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान की ओर से विश्वास बहाली के उपाय के रूप में जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं होने की बात कही है, वह बहुत ही गौर करने लायक है.पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल का कहना है कि लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में विचार किया जा सकता है. पाकिस्तान हाफिज और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, लेकिन जरूरी यह है कि इसके लिए दिल्ली का पूरा सहयोग मिले.यहां बिलावल यह दावा करते हुए भी दिखे कि पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा. राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर और जैश दोनों को पाक ने बैन कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है. कहना होगा कि भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक अजहर का नाम भारत में कई बड़े हमलों से जुड़ा है, जिसमें 2001 का संसद हमला, 26/11 का मुंबई हमला, 2016 का पठानकोट एयरबेस हमला और 2019 का पुलवामा हमला शामिल है. इसके अलावा भी अन्य कई हमलों में उसका एवं उसके संगठन का नाम सामने आया है, उसे 2019 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था. इसके बाद भी पाक का इस आतंकवादी पर नर्म रुख लगातार देखने को मिला है. दूसरी ओर भारत का रुख पहले दिन से साफ है, इसलिए ही पाकिस्तान से उसके संबंध तभी से तनावपूर्ण बने हुए हैं, भारत मांग कर रहा है कि सभी आतंकियों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ वह उन सभी को भारत को सौंपा जाए.

इतना होने के बाद भी भारत ने बीच-बीच में हर संभव प्रयास किया कि पाक के साथ पड़ोसी धर्म निभाया जाए, वह एक बड़े भाई की भूमिका में भी नजर आया. संबंध सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किए गए, यहां तक कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर, 2015 को ही अचानक पाकिस्तान पहुंचने में संकोच नहीं किया, उस दिन वे तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ की पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे. उन्होंने नवाज़ शरीफ को अफगानिस्तानी स्टाइल का गुलाबी साफा भी तोहफे में दिया था, जिसे शरीफ पहने हुए भी नजर आए थे. कूटनीति की मेज पर शांति बहाली के प्रयास किए गए, पर हर बार पाक आतंकियों ने भारत के विश्वास को तोड़ा. जिसके बाद भारत सरकार का यह साफ मत बना है कि वह पाकिस्तान के साथ आगे की कोई भी चर्चा केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ही करेगा. भारत ने आज पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करने के साथ ही अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग बंद करना, आयात-निर्यात को पूरी तरह से रोकना, अपना हवाई क्षेत्र बंद करने जैसे कई प्रतिबंध आतंकवाद के विरोध में भारत ने पाक पर लागू किए हैं. ऐसे में स्वाभाविक है कि बिलावल भुट्टो जो आज कह रहे हैं, वह बहुत अहम हो जाता है, क्योंकि इस बात को अभी एक माह भी नहीं हुआ है, जब उन्होंने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला था. बिलावल भारत को चेतावनी दे रहे थे कि अगर पाकिस्तान का पानी रोकने की कोशिश की गई तो देश के लिए युद्ध ही एकमात्र विकल्प रह जाएगा.

यहां तक कि बिलावल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय पाकिस्तानी संसदीय दल भारत के साथ संघर्ष करने की बात कहने के बाद अपने देश का पक्ष रखने के लिए वाशिंगटन, न्यूयॉर्क और लंदन पहुंचा था. यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में भारी बेइज्जती के बाद यूरोपीय यूनियन के नेताओं को बरगलाने के लिए ब्रसेल्स भी पहुंचा. जहां अमेरिका की तरह ही यूरोप में कई सांसदों और जिम्मेदार पदाधिकारियों ने पाकिस्तान से आए इस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष आतंकवाद का साथ छोड़ने और आतंकवादियों को भारत प्रत्यर्पित करने को कहा था. भारत ने भी दुनिया को यह साफ संदेश दे दिया है कि पाकिस्तान के साथ पानी और खून एक साथ नहीं बहाए जा सकते. भारत ने पहले भी कई बार पाकिस्तान को सिंधु जल संधि की समीक्षा करने का अनुरोध किया था, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया. अब भारत को इस सिंधु जल संधि को सतत बनाए रखने का कोई कारण नजर नहीं आता है. कुल मिलाकर कर बिलावल भुट्टो का दिया हाल का बयान यही दर्शा रहा कि पाकिस्तान की हेकड़ी अब निकल चुकी है, वह अब भारत के सामने घुटनों पर आने को तैयार हो रहा है. निश्चित ही इसे भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जाना चाहिए.

## आज का इतिहास

- **1636:** मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया.
- **1850:** मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन.
- **1927:** हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू.
- **1940:** द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की.
- **1951:** सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण.
- **1969:** अमेरिका ने 500, 1,000, 5,000 और 10,000 डॉलर के नोटों को बंद किया.
- **1991:** इराक़ से ब्रितानी फ़ौज की वापसी.
- **2008:** नेपाल की संसद ने पीएम के निर्वाचन वाले संविधान संशोधन को मंजूरी दी.
- **2014:** इंग्लैंड के चर्च ने महिलाओं को भी बिशप बनाने के पक्ष में वोट किया.
- **2015:** नासा का न्यू होराइजन प्लूटो पर जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना.

## छोटा कर्मचारी भी कर सकता है समस्या का समाधान

चिंतन

मैनेजमेंट की शिक्षा ले रहे छात्रों को प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स डेवलप करने के बारे में बताया जा रहा था. कुछ देर पढ़ाने के बाद प्रोफेसर ने बच्चों को एक केस स्टडी सोल्व करने को दी. जापान की एक साबुन बनाने वाली कंपनी क्वालिटी के लिए जानी जाती थी. पर उनके सामने एक अजीब समस्या आ खड़ी हुई, उन्हें कम्प्लेंट मिली की एक कस्टमर ने जब साबुन का डिब्बा खरीदा तो वो खाली था. कंप्लेंट की जांच हुई तो पता चला चूक कंपनी की तरफ से ही हुई थी, जब साबुन डिलीवरी को भेजे जा रहे थे तब एक डिब्बा खाली ही चला गया.

इससे कंपनी की किरकिरी हुई. कम्पनी के अधिकारी परेशान हुए कि आखिर ऐसा कैसे हो गया. तुरंत गहन चर्चा हुई, और आगे ऐसा ना हो इसके लिए उपाय मांगे गए. बहुत विचार के बाद निश्चय हुआ कि असेंबली लाइन के अंत में एक एक्स-रे मशीन लगायी जाए, जो एक मॉनिटर से जुड़ी होगी. मॉनिटर के सामने बैठा व्यक्ति देख लेगा कि डिब्बा खाली है या भरा. कुछ ही दिनों में ये सिस्टम लागू कर दिया गया, पर जब एक छोटी रैंक के कर्मी को इसका पता चला तो उसने इसका हल एक बड़े ही आसान तरीके से निकाल दिया. ऐसा तरीका जिसमे ना लाखों की मशीन खरीदने का खर्च था और ना ही किसी आदमी को रखने की ज़रूरत. उस आदमी ने एक बड़ा फैन खरीदा व असेंबली लाइन के सामने लगा दिया, अब हर एक डिब्बे को पंखे की तेज हवा के सामने से होकर गुजरना पड़ता और जैसे ही कोई खाली डिब्बा सामने आता हवा उसे उड़ा कर दूर फेंक देती.


दोस्तों, इस तरह के सोल्युशन को हम आउट ऑफ़ द बॉक्स या क्रिएटिव थिंकिंग कहते हैं. और सबसे अच्छी बात ये है कि इसका किताबी ज्ञान से कोई लेना-देना नहीं होता. हममें से हर एक व्यक्ति अपनी समस्याओं को सरल तरीकों से सुलझा सकता है पर शायद हम सबसे पहले दिमाग में आने वाले हल को ही पकड़ कर बैठ जाते हैं. आइए इस केस स्टडी से प्रेरणा लेते हुए हम भी अपनी समस्याओं के नए-नए समाधान ढूंढ़ें और इस जीवन को सरल बनाएं. कभी-कभी छोटा कर्मचारी भी बड़ी-बड़ी समस्या का हल चुटकियों में कर देता है.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #DMKSocialinjusticeGovt
2. #KotaSrinivasaRao
3. #SpiritualSunday
4. Om Shanti
5. Rajya Sabha
6. #TNDemandsJustice
7. #SaveAshram
8. Compassion In Action
9. Serving Humanity
10. Bhandara Sewa

# बहुरंग



## हिंदी-मराठी भाषा विवाद पर अजय देवगन बोले- सभी पक्ष बैठकर इस मुद्दे पर बातचीत करें



अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज़ हुआ है. इस एक्शन-कॉमेडी ड्रामा में अजय के साथ मृणाल ठाकुर और रवि किशन जैसे शानदार कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अजय देवगन मीडिया से सामने आये और सिर्फ फिल्म के बारे में ही नहीं, बल्कि कई समसामयिक और विवादित मुद्दों पर भी बेझिझक अपनी राय रखी. उनका बेबाक अंदाज़ एक बार फिर दर्शकों और प्रशंसकों को प्रभावित कर गया.

जब मीडिया ने अजय देवगन से दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' और उससे जुड़े विवादों को लेकर सवाल किए, तो उन्होंने इस पर संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया दी. गौरतलब है कि फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट किए जाने को लेकर खासा विवाद हुआ है, खासकर हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद. इसी को लेकर फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने दिलजीत पर बैन लगाने की मांग भी की थी. इस पर अजय देवगन ने कहा, मैं यह तय नहीं कर सकता कि कौन सही है और कौन गलत. हर किसी का अपना नजरिया होता है. बेहतर यही होगा कि सभी पक्ष बैठकर इस मुद्दे पर शांतिपूर्वक बातचीत करें और कोई समाधान निकालें. मैं किसी पर आरोप लगाना नहीं चाहता और न ही किसी को दोषी ठहराना चाहता हूं. मेरा मानना है कि किसी भी विवाद को टकराव से नहीं, संवाद से सुलझाया जा सकता है.

**हिंदी बनाम मराठी विवाद पर अजय ने कहा :** हाल ही में महाराष्ट्र में मराठी और हिंदी भाषा को लेकर छिड़े विवाद ने काफी तूल पकड़ लिया है. स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कई लोगों ने सवाल उठाए हैं. जब इसी मुद्दे पर अजय देवगन से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपने मशहूर 'सिंघम' अंदाज में मुस्कराते हुए जवाब दिया, आता माझी सटकली. उनके इस जवाब पर वहां मौजूद कई फैन्स हंस पड़े और थोड़ी देर के लिए माहौल हल्का हो गया. पूरे कार्यक्रम के दौरान अजय देवगन ने बेहद संयम और शांति के साथ अपनी बात रखी. उन्होंने किसी पर आरोप लगाने से बचते हुए यही सुझाव दिया कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों को बातचीत के ज़रिए सुलझाया जाना चाहिए. फैन्स को उनका शांत और परिपक्व रवैया काफी पसंद आया और सोशल मीडिया पर भी उनके इस व्यवहार की तारीफ की जा रही है.

अगर फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' की रिलीज़ की बात करें तो यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 25 जुलाई 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है. इस बार फिल्म में एक दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा, जहां पहले भाग में सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में थीं, वहीं सीक्वल में उनकी जगह मृणाल ठाकुर नजर आएंगी, जो अजय देवगन के साथ नई जोड़ी के तौर पर स्क्रीन पर दिखाई देंगी.

## पत्नी के साथ छुट्टियां मना रहे आयुष्मान खुराना



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियों का मजा ले रहे हैं. उनके साथ उनके बच्चे विरुष्का और विराजवीर भी हैं. रविवार को ताहिरा कश्यप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं.

**ताहिरा ने दिखाई स्विट्जरलैंड की झलक :** ताहिरा कश्यप ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें स्विट्जरलैंड की झलक देखी जा सकती है. एक तस्वीर में आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप एक पेड़ के नीचे पोज दे रहे हैं. ताहिरा कश्यप ने नारंगी रंग का टॉप और क्रीम कलर की पैंट पहनी है. वहीं आयुष्मान ने ब्लैक जिपर और मैचिंग पैंट पहनी है. एक वीडियो में ताहिरा कश्यप एक फूल उड़ा रही हैं. एक और तस्वीर में दोनों सड़क पर पोज दे रहे हैं.

**यूजर्स को पसंद आ रहीं तस्वीरें :** तस्वीरें शेयर करते हुए ताहिरा ने कैप्शन में लिखा है 'मैं कामना करती हूं कि आप सभी अपने सपने पूरे करें.' ताहिरा कश्यप की तस्वीरों पर कई फैंस ने कमेंट किया है. अभिनेता गजराज राव ने उनकी तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा है 'बहुत सुंदर तस्वीरें हैं.' एक फैन ने लिखा है 'ऐसा लगता है कि यह परफेक्ट वेकेशन है.' एक और यूजर ने लिखा है 'यह कौन सी जगह है जहां पर आसमान इतना नीला है.'

इसी साल अप्रैल में ताहिरा ने बताया था कि शुरुआती निदान के सात साल बाद, उनका स्तन कैंसर फिर से उभर आया है.

**आयुष्मान खुराना को मिला निमंत्रण :** इस बीच, आयुष्मान खुराना को ऑस्कर पुरस्कारों के प्रतिष्ठित संगठन, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज में शामिल होने का निमंत्रण मिला है. वह दक्षिण के दिग्गज अभिनेता कमल हासन, एरियाना ग्रांडे, सेबेस्टियन स्टेन और जेरेमी स्ट्रॉन्ग के साथ 534 लोगों के एक ग्रुप का हिस्सा हैं.

**आयुष्मान खुराना का वर्कफ्रंट :** आयुष्मान खुराना रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म 'थामा' में नजर आने वाले हैं. यह फिल्म अक्टूबर 2025 में रिलीज होगी. इसके अलावा, आयुष्मान, सारा अली खान के साथ एक अनटाइटल्ड स्पाई कॉमेडी फिल्म में भी काम कर रहे हैं. इसका निर्माण करण जौहर और निर्देशन आकाश कौशिक कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर 'मालिक' के आगे फीकी पड़ी 'आंखों की गुस्ताखियां

राजकुमार राव की 'मालिक' और विक्रांत मैसी की 'आंखों की गुस्ताखियां' एक ही दिन 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुईं. दोनों फिल्मों को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर हालात कुछ और ही रहे. कमाई के मामले में 'मालिक' ने स्पष्ट बढ़त बनाई, जबकि 'आंखों की गुस्ताखियां' पहले ही दिन कमजोर साबित हुई और दूसरे दिन तक हालात और बिगड़ गए. फिल्म की रफ्तार इतनी धीमी रही कि महज दो दिनों में ही इसकी स्थिति लगभग पटरी से उतर गई. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार 'मालिक' ने रिलीज़ के दूसरे दिन अच्छी छलांग लगाई. पहले दिन जहां फिल्म ने 3.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी, वहीं दूसरे दिन इसकी कमाई बढ़कर 5.25 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. इस तरह फिल्म ने दो दिनों में कुल 9 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. वीकेंड की शुरुआत फिल्म के लिए फायदेमंद रही, और अब नजरें रविवार की कमाई पर टिकी हैं, जहां कारोबार में और इजाफे की उम्मीद जताई जा रही है. बता दें, 'मालिक' का कुल बजट करीब 54 करोड़ रुपये बताया गया है, ऐसे में फिल्म को हिट की राह पर टिके रहने के लिए आने वाले दिनों में मजबूत कमाई करनी होगी. विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर 'आंखों की गुस्ताखियां' की बॉक्स ऑफिस पर स्थिति बेहद कमजोर नजर आ रही है. शुरुआती आंकड़े देख कर यही कहा जा सकता है कि फिल्म सुपरफ्लॉप की राह पर है. पहले दिन महज 30 लाख रुपये की कमाई करने वाली इस फिल्म की दूसरे दिन की रिपोर्ट भी खास उत्साहजनक नहीं रही.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-3-6-9

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. स्वविवेक से कार्य करें. समय का लाभ लें. शुभांक-4-7-9

**मिथुन :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. मनोरथ सिद्धि का योग है. शुभांक-4-6-8

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-1-5-7

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-1-3-5

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. शुभांक-4-6-8

**तुला :** अपने काम पर नजर रखिए. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-4-6-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. यात्रा से लाभ. शुभांक-3-5-6

**मकर :** आत्मविश्वास बढ़ेगा. पारिवारिक विवाद टालें. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा. शुभांक-3-4-6

**कुंभ :** खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. आय के योग बनेंगे. यात्रा का योग है. शुभांक-3-5-6

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. आलस्य का त्याग करें. पुरुषार्थ का सहारा लें. कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-3-5-6

शुभम संदेश
रांची, सोमवार 14 जुलाई, 2025



# धान की उन्नत खेती और सही पैदावार के लिए अपनाएं यह तरीका



**धान की उन्नत खेती और सही पैदावार के लिए अपनाएं यह तरीका ङ्क एक अच्छी पैदावार लेने के लिए भूमि का अच्छी तरह से तैयार किया जाना अति आवश्यक है। अच्छी तरह से तैयार की गयी खेती योग्य भूमि से खरपतवार दूर रहते हैं तथा भूमि में पाए जाने वाले जैव तत्व अच्छी तरह से तैयार हो जाते हैं। इसके साथ ही पौध रोपण के लिए आवश्यक नरम भूमि प्राप्त हो जाती है तथा सीधे बिजाई के लिए उपयुक्त समतल भूमि भी प्राप्त की जा सकती है।**

धान की खेती योग्य भूमि को तैयार करने के लिए सामान्यत- 2 तरीके अपनाए जाते हैं, जिसमे zero tillage और minimum tillage मत्वपूर्ण है। इस प्रक्रिया से ना केवल भूमि की असमानता कम होती है बल्कि इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए जो कीचड़ प्रक्रिया अपनाई जाती है उससे भूमि संरचना काफी हद तक खराब हो जाती है।

## मुख्यत- धान की खेती के लिए भूमि को तैयार करने के 4 चरण होते हैं

पहले चरण में खेत की जुताई के लिये गहरी जुताई का उपयोग किया जाता है।



दूसरे चरण में मिट्टी को उलट-पलट कर मिलाया जाता है। इसके उपरान्त मिट्टी के बड़े ढेलों को तोड़ने के लिए हैरोइंग का इस्तेमाल किया जाता है।

तीसरे चरण में खेत में मौजूद खरपतवार और फसलों के अवशेष को अच्छी तरह से भूमि में मिला दिया जाता है और इसके बाद खेत में अच्छी तरह से सिंचाई कर कीचड़ बनाया जाता है। जिससे की जमीन में नमी बन जाए तथा अंतिम चरण में पाटा लगाकर भूमि को समतल बना दिया जाता है। पिछले फसल के कटाई के उपरांत कुछ समय के लिए भूमि को खेती के लिए उपयोग में नहीं लाया जाता है। लेकिन अगली फसल के लिए खेत को उपयोग में लाने से पूर्व उपरोक्त प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिससे की खरपतवार को नियन्त्रित किया जाता है साथ ही भूमि की उर्वराशक्ति को भी बढ़ावा मिलता है। इन सारी प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए कम से कम 3 से 4 सप्ताह लग जाते हैं।

## भूमि तैयार करने की प्रक्रिया

जुताई, मिट्टी के ढेलों की कटाई, ढेलों की तुड़ाई तथा मिट्टी को अलट-पलट करने से काफी हद तक या कुछ हद तक पौध रोपण के लिए खेत की तैयारी हो जाती है। गहरी जुताई से कृषकों को एक अच्छे संरचना वाली खेती योग्य भूमि मिल जाती है जिससे की पानी को सोखने की क्षमता के साथ भूमि में ऑक्सीजन का सुगम परिचालन हो जाता है। इसके अलावा जुताई से खरपतवार, कीट पतंगा का भी नाश हो जाता है। किसानों के लिए बाजार में जुताई के लिए विभिन्न प्रकार के मशीन मौजूद हैं लेकिन स्टिल कंपनी ने पावर वीडर रू॥ (710) अलग- अलग जुताई के पुर्जों के साथ किसानों के लिए उपलब्ध करवाया है जो कि ऊपर वर्णित प्रक्रियाओं को आसान बनाने में किसानों मदद करता है। हैरोइंग एक उथली-गहराई वाली माध्यमिक जुताई तकनीक है जो मिट्टी को महीन और चूर्ण करने के साथ-साथ खरपतवारों को काटने और मिट्टी के साथ मिलाने का काम करता है। खेत में खरपतवार, फसल अवशेष और खरपतवार बीजों को भी नष्ट करने में मदद करता है। यह प्रक्रिया तभी काम आती है जब मिट्टी के ढेलों में नमी की मात्रा कम हो जाती है। इस जटिल प्रक्रिया को कम समय में सफलतापूर्वक करने के लिए स्टिल पावर वीडर रू॥ (710) के साथ डीप टाइम अटैचमेंट के द्वारा आसानी से किया जा सकता है। धान की खेत में रोपाई से पूर्व कीचड़ बनाने की प्रक्रिया अत्यंत जटिल एवं मेहनतकश प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के लिए सबसे पहले देशी हल से जुताई की जाती है, इसके बाद खेत में 5-10 सेमी पानी से भर दिया जाता है। जिससे मिट्टी के ढेले गलकर कीचड़ में परिवर्तित हो जाते हैं। इसके उपरान्त खेत में पाटा लगाकर खेत को रोपाई के लिए समतल बनाकर तैयार किया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया अत्यंत उबाऊ और जटिल होती है। इसके लिए स्टिल कंपनी पावर वीडर रू॥ (710) के साथ पोडलिंग व्हील अटैचमेंट एक अत्यंत आधुनिक पेशकश है। जिससे ना केवल धान के पौध रोपण के लिए खेत तैयार होती है बल्कि पौध रोपण के लिए उपयुक्त भूमि भी तैयार हो जाती है। ऐसा माना जाता है कि भूमि को समतल बनाने से ना केवल भूमि की उपयोगिता बढ़ती है बल्कि भूमि के समतल करने से, भूमि के सिंचाई के दौरान पानी की कम खपत होती है तथा एक सार पानी पूरे खेत में फैल जाता है। इस प्रक्रिया को अपनाने से ना केवल पानी के बहाव और फैलाव को नियंत्रित किया जाता है बल्कि इससे भूमि का कटाव भी रुकता है और इसके साथ-साथ पौध प्रस्थापना भी बेहतर होती है।



## धान की खेती के लिए भूमि की तैयारी क्यों आवश्यक है

कीचड़ पद्धति द्वारा एक असामान्य खेत को समतल बनाया जाना चाहिए।

खेत में पानी की सामान्य गहराई को बनाए रखने के लिए।

असामान्य भूमि को समतल बनाकर पानी की दक्षता को बढ़ाना।

पानी की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए भूमि का समतली करण अतिआवश्यक है।


एक अच्छी जुताई से खेती योग्य भूमि में ऑक्सीजन की उपलब्धता बन जाती है।

इस मौसम में धान की बेहतर उपज प्राप्त करने के लिए स्टिल के कृषि उपकरणों का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए आप उनके आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं तथा उनके ऑफिशियल Id:info@stihl.in, संपर्क सूत्र 9028411222 का उपयोग अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।



# केले की खेती के लिए अभी है सही समय

## वैज्ञानिक विधि अपनाकर किसान कर सकते हैं अधिक कमाई



सामान्य तौर पर किसान पारंपरिक तरीके से केले की खेती करते हैं. अगर वे वैज्ञानिक तरीका अपनाएं तो उन्हें काफी फायदा हो सकता है. उनकी कमाई तीन गुना तक बढ़ सकती है. केले की खेती के लिए अभी है सही समय, वैज्ञानिक विधि अपनाकर किसान कर सकते हैं अधिक कमाई वैज्ञानिक विधि से केले की खेती कर किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं. भारत में केले की लगभग 500 किस्मों की खेती होती है. केले की खेती से जुड़े किसान अभी तैयारियों में जुटे हुए हैं. यह अभी केले की खेती के लिए सबसे उपयुक्त समय है. सामान्य तौर पर किसान पारंपरिक तरीके से केले की खेती करते हैं. अगर ये वैज्ञानिक तरीका अपनाएं तो उन्हें काफी फायदा हो सकता है. उनकी कमाई तीन गुना तक बढ़ सकती है. वैसे तो अपने देश में पूरे साल केले की खेती होती है. लेकिन उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से और बिहार में अब इसके लिए उपयुक्त मौसम आ रहा है. देश में हरेक प्रदेश और भौगोलिक दशा के लिए केले की प्रजाति मौजूद है. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किसान वैज्ञानिक विधि अपनाकर किन किस्मों की खेती कर अधिक से अधिक पैदावार लें. फल वैज्ञानिक डॉ एसके सिंह TV- Digital के जरिए देश के किसानों को कुछ टिप्स दे रहे हैं. डॉक्टर सिंह के मुताबिक, वाटर संकर चौड़ी पत्तियों वाले होते हैं. सकर सदैव स्वस्थ व उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों के पौधों से ही लेना चाहिए, जिसमें रोग एवं कीड़ों का प्रकोप बिल्कुल न हो. दो तीन माह पुराना ओजस्वी सकर प्रवर्धन हेतु उत्तम होता है. केले के प्रकन्द से ही नए पौधे तैयार हो सकते हैं. जल्द बहुत अधिक पौधे तैयार करने के लिए पूरा प्रकन्द या इसके टुकड़े काटकर प्रयोग में लाते हैं. इनसे पौधा बनने में थोड़ा अधिक समय अवश्य लगता है परन्तु पहली फसल के पौधे अधिक समरूप होते हैं.

## खुद भी तैयार करें

प्रकन्द का औसत वजन लगभग एक से डेढ़ किलोग्राम होना चाहिए. सकर की खुदाई और उसकी सफाई के बाद उसका कार्बेन्डाजीम (0.1 प्रतिशत) मोनोक्रोटोफास (0.2 प्रतिशत) के जलीय घोल में 90 मिनट तक डालकर शोधन करते हैं. इसके बाद सकर को 7 दिन तक धूप में रखकर उसके जीवाणु या फफूंद विहीन कर देते हैं. जहां सूत्रकृमि की समस्या हो, वहां पर सकर को गाय के गोबर मे डूबोने के पश्चात नीम आधारित कीटनाशक से शोधन के पश्चात नीम की खली प्रति 2-3 किलोग्राम या गड्ढा प्रयोग करना चाहिए. रोपण हेतु सकर के चयन मे विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि रोपण सामग्री के समान नहीं होने की वजह से केला की फसल भी एक समान नहीं होती है, जिससे उसकी कटाई के समय में भारी अंतर आता है और फसल का प्रबंधन कठिन हो जाता है.



## टिशू कल्चर वाला पौधा

पॉलीथिन थैले में 8-10 इंच ऊंचाई के उत्तक संवर्धन द्वारा तैयार पौधे रोपण हेतु उपयुक्त होते हैं. पॉलीथिन के पैकेटों को तेज चाकू या ब्लेड से काटकर अलग कर देते हैं और पौधों को निकाल लेते हैं. ध्यान यह देना चाहिए कि मिट्टी की पिंडी न फूटने पाए. पहले से भरे गए गड्ढे के बीचो-बीच मिट्टी के पिंडी के बराबर छोटा सा गड्ढा बनाकर पौधे को सीधा रख देना चाहिए. पौधे की जड़ों को बिना हानि पहुचाएं पिंडी के चारों ओर मिट्टी भरकर अच्छी प्रकार दबा देना चाहिए ताकि सिंचाई के समय मिट्टी में गड्ढे न पड़ें. बहुत अधिक गहराई में रोपण कार्य नहीं करना चाहिए. केवल पौधे की पिंडी तक ही मिट्टी भरनी चाहिए.

## रोपण में दूरी

रोपण के दौरान पौधे से पौधा एवं पंक्ति से पंक्ति की दूरी विभिन्न कारकों द्वारा प्रभावित होती है जैसे, केला की किस्म, खेती करने की विधि, मृदा की उर्वरता इत्यादि. केला की परंपरागत खेती में विभिन्न किस्मों के लिए रोपण की दूरी भी भिन्न-भिन्न निर्धारित की गई है जो इस प्रकार है।

### क्राउली-गिल विवाद पर इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी ने भारतीय कप्तान पर साधा निशाना ,कहा

# गिल ने भी कई बार बैटिंग के दौरान चोट देने की रणनीति बनाई

**एजेंसियां। लंदन**

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे टेस्ट के तीसरे दिन का अंतिम ओवर काफी मनोरंजन से भरपूर रहा. दरअसल, भारत के ऑलआउट होने के बाद इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए आई और ज्यादा ओवर का खेल न हो सके, इसके लिए उसके बल्लेबाज चोट लगने का ड्रामा करने लगे. इससे भारतीय टीम नाराज हो गई थी, खासतौर पर कप्तान शुभमन गिल, जिन्होंने 'इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट' का इशारा कर क्राउली को रिप्लेस करने को कहा था और इंग्लैंड टीम पर चुटकी भी ली थी.

अब यह मामला चर्चा का विषय बन चुका है और दुनिया भर के क्रिकेटर्स और फैंस इस पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं.
इसी कड़ी में इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का भी इस पर बयान आया है. उन्होंने भारतीय कप्तान शुभमन गिल पर निशाना साधा है और कहा कि गिल ने भी कई बार बैटिंग के दौरान इस तरह के चोट की रणनीति बनाई. साउदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन गिल मैदान पर पता नहीं मसाज (मालिश) क्यों ले रहे थे. वहीं, केएल राहुल ने कहा कि भारतीय फील्डर्स और घरेलू टीम के सलामी बल्लेबाजों के बीच हुई तीखी बहस टेस्ट क्रिकेट में एक कठिन मुकाबले का सार थी.

**क्या है पूरा मामला:** खासतौर पर स्ट्राइक पर मौजूद रहे जैक क्राउली की तरफ से खूब ड्रामा हुआ. क्राउली जसप्रीत बुमराह के रन अप के बाद स्ट्राइक से हट गए थे. बुमराह ने अंपायर से इसकी शिकायत भी की. फिर क्राउली ने अगली गेंद को सीधे बल्ले से खेलने के बावजूद अंगुली में



चोट का नाटक किया. इस पर भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया. कुछ खिलाड़ियों ने क्राउली की इस हरकत पर ताली बजाई, तो भारतीय कप्तान शुभमन गिल ताली बजाते हुए उनके करीब पहुंचे और इम्पैक्ट सब का इशारा करते हुए क्राउली से वापस जाने को कहा. इस पर क्राउली भी बौखला गए और कुछ-कुछ कहने लगे. फिर गिल ने क्राउली को अंगुली दिखाकर चेतावनी भी दी. इस पर बेन डकेट भी गिल के पास पहुंचे और कुछ कहते दिखाई दिए. गिल ने उनका भी मुंहतोड़ जवाब दिया. ओवर की आखिरी गेंद पर क्राउली बीट हुए तो बिना कुछ बोले पवेलियन की ओर लौट पड़े.

**टिम साउदी ने क्या कहा:** टिम साउदी ने इस पर बयान देते हुए कहा, यह अच्छा है. अंत में दोनों टीमों की तरफ से जोश देखना हमेशा रोमांचक होता है. दूसरे दिन के खेल के बीच में जब गिल मालिश करवाने के लिए बीच मैदान में लेटे हुए थे, तो पता नहीं वह किस बात की शिकायत कर रहे थे. यह स्पष्ट रूप से खेल का हिस्सा है. दिन के अंत में, यह दिन खत्म करने का एक रोमांचक तरीका है. क्राउली की चोट के बारे में पूछे जाने पर, साउदी ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया. उन्होंने कहा, हां, क्राउली की रात भर जांच की जाएगी. उम्मीद है कि वह चौथे दिन खेलने के लिए ठीक होंगे और बल्लेबाजी के लिए आएंगे.

**राहुल ने क्या कहा :** राहुल ने कहा कि क्राउली की रणनीति उन्हें समझ में आती है क्योंकि वह खुद एक सलामी बल्लेबाज हैं. उन्होंने कहा, तीसरे दिन के अंत में जो हुआ वह अब खेल का हिस्सा है. मैं एक सलामी बल्लेबाज के नजरिए से समझता हूं. मुझे ठीक-ठीक पता है कि क्या हो रहा था और सभी को ठीक-ठीक पता है. लेकिन एक सलामी बल्लेबाज पूरी तरह समझ जाएगा कि आखिरी पांच मिनट में क्या हुआ. गिल भी जोश में थे और स्टंप माइक से आए ऑडियो में उनकी भावनाएं झलक रही थीं. राहुल ने कहा, मैंने उन्हें कई बार जोश में देखा है, लेकिन जाहिर है कि यहां हम दो ओवर फेंकना चाहते थे. छह मिनट बचे थे और इसमें दो ओवर कोई बड़ी बात नहीं है. कोई भी टीम छह मिनट में दो ओवर फेंक लेगी.
राहुल ने कहा, 'अंत में मैच थोड़ा नाटकीय था.

हम सभी उत्साहित थे क्योंकि हम जानते हैं कि जब आप पूरे दिन मैदान पर रहे हों तो बल्लेबाज के लिए दो ओवर बल्लेबाजी करना कितना मुश्किल होता है। हमें उम्मीद थी कि हम वहां एक विकेट ले पाएंगे और दिन के खेल के अंत में एक विकेट हमारे लिए एकदम सही होता.' इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 387 रन बनाए .जवाब में भारत की पहली पारी भी 387 रन पर समाप्त हुई. इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए दो रन बना लिए हैं. मैच रोमांचक मोड़ पर है और दो दिन का खेल बाकी है. फिलहाल तीनों नतीजे संभव हैं.

## न्यूजीलैंड ने कॉनवे को टीम में किया शामिल

**नयी दिल्ली।** जिम्बाब्वे में होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को टी20 स्क्वाड में शामिल किया है. उन्होंने फिन एलन की जगह ली है, जो मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे. न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने एक बयान में कहा कि हम फिन के लिए वाकई बहुत दुखी हैं. मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं. हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पा रहे हैं. इसके अलावा न्यूजीलैंड ने माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र की चौकड़ी के अतिरिक्त कवर के रूप में मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन को भी टीम में शामिल किया है. त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत कल यानी सोमवार से हो रही है. श्रृंखला का फाइनल मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा. न्यूजीलैंड अपना पहला मुकाबला 16 जुलाई को साउथ अफ्रीका से खेलेगी.

## अवंतिका ने कैटरीना लागनो और दिव्या देशमुख ने थेओडोरा इंजाक को हराया

**बटुमी (जॉर्जिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अवंतिका अग्रवाल और दिव्या देशमुख ने यहां 691250 डॉलर पुरस्कार वाले फिडे विश्व महिला शतरंज कप में क्रमशः रूस की कैटरीना लागनो और सर्बिया की थेओडोरा इंजाक के खिलाफ तीसरे दौर का पहला गेम जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली.इस नॉकआउट प्रतियोगिता में अब सिर्फ 32 प्रतिभागी बचे हैं. वंतिका ने ऊंची रैंक वाली लागनो को हराकर भारतीय महिलाओं के बीच अपनी तेजी से बढ़ती प्रतिष्ठा का एक और संकेत दिया है. खिताब की दावेदार दिव्या अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए काले मोहरों से थेओडोरा को हराया. भारत की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त कोनेरू हम्पी को इस बीच पोलैंड की कुलॉन क्लॉडिया के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा. सफेद मोहरों के साथ यह परिणाम थोड़ा निराशाजनक था, क्योंकि उनसे जीत की उम्मीद की जा रही थी. डी हरिका भी जीत हासिल नहीं कर सकीं और उन्होंने त्सोलाकिदौ स्टावरौला के साथ ड्रॉ खेला. आर वैशाली ने अमेरिका की कैरिसा यिप के साथ ड्रॉ खेला.

### विम्बलडन में रचा इतिहास, पहली बार जीता महिला एकल खिताब

# विम्बलडन 2025 की नयी क्वीन बनीं पोलैंड की इगा स्वियातेक




**एजेंसियां। लंदन**

पोलैंड की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को विम्बलडन 2025 के महिला एकल फाइनल में इतिहास रचते हुए अपने करियर का पहला विम्बलडन खिताब जीत लिया है. 24 वर्षीय स्वियातेक ने अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा को महज 26 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर टेनिस जगत में एक नया अध्याय जोड़ दिया.यह जीत न केवल स्वियातेक के लिए भावनात्मक रूप से खास रही, बल्कि उन्होंने पोलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया है जिन्होंने विम्बलडन का खिताब अपने नाम किया है.

**स्वियातेक की ऐतिहासिक उपलब्धियां :** यह इगा स्वियातेक का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है. इससे पहले वे चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार यूएस ओपन जीत चुकी हैं. खास बात यह है कि उन्होंने अब तक खेले सभी छह ग्रैंड स्लैम फाइनल मुकाबले जीते हैं, यानी उनका फाइनल में जीत का रिकॉर्ड शतप्रतिशत है.

**अमांडा एनिसिमोवा पूरी तरह बिखरीं :** 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा के लिए यह फाइनल किसी दुःस्वप्न से कम नहीं रहा. वे पूरे मुकाबले में एक भी गेम नहीं जीत सकीं. स्वियातेक के आक्रामक अंदाज और बेजोड़ नियंत्रण ने उन्हें कोर्ट पर टिकने नहीं दिया. इस तरह की एकतरफा जीत विम्बलडन जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में विरले ही देखी जाती है.

**क्ले से ग्रास तक: स्वियातेक का सफर :** स्वियातेक को अब तक क्ले कोर्ट स्पेशलिस्ट माना जाता था, खासकर राफेल नडाल की तरह. लेकिन इस बार उन्होंने ग्रास कोर्ट पर भी अपनी बादशाहत साबित कर दी है. अब वे हर प्रमुख सर्फेस पर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो चुकी हैं.जैसे ही स्वियातेक ने मैच का अंतिम पॉइंट जीता, उन्होंने भावुक होकर कोर्ट पर बैठकर जीत का जश्न मनाया. यह क्षण टेनिस प्रेमियों के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा. उल्लेखनीय है कि महिला प्रोफेशनल टेनिस की शुरुआत 1926 में हुई थी, और 99 वर्षों बाद 2025 में, पोलैंड की किसी महिला खिलाड़ी ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी उठाई. यह उपलब्धि खुद में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने योग्य है.

**छठा ग्रैंडस्लैम जीता :** महिलाओं में पूर्व नंबर एक स्वियातेक ने अब तक कभी विंबलडन का खिताब नहीं जीता था. महिला एकल वर्ग में यह उनका छठा ग्रैंडस्लैम खिताब है. इससे पहले उन्होंने चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार यूएस ओपन का खिताब जीता था. स्वियातेक ने 2020, 2022, 2023, 2024 में फ्रेंच ओपन और 2022 में यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था.

**शुरुआत से सहज नहीं दिखीं अमांडा :** स्वियातेक ने महज 57 मिनट में खिताबी मुकाबला अपने नाम किया. यह 114 साल में पहली बार हुआ है जब टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के फाइनल में कोई खिलाड़ी एक भी गेम अपने नाम नहीं कर सकी है. स्वियातेक का इसके साथ ही बड़े खिताबी मैचों में रिकॉर्ड 6-0 हो गया है. अमांडा शुरुआत से ही मुकाबले में सहज नजर नहीं आईं और उन्होंने 28 बेजां भूलें की.

**ग्रैंडस्लैम में दर्ज की 100वीं जीत:** स्वियातेक की यह करियर ग्रैंडस्लैम में 100वीं जीत है. उन्होंने 2019 में ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में डेब्यू किया था और तब से उनका ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में रिकॉर्ड 100-20 का हो गया है. स्वियातेक 2022, 2023 और 2024 में ज्यादातर समय डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब में वह आठवीं वरीयता खिलाड़ी के तौर पर उतरी थीं.
23 साल की एनिसिमोवा का किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट का यह पहला फाइनल था. वह 2019 में 17 साल की उम्र में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए ब्रेक लिया था. एनिसिमोवा के लिए यह बड़ी हार है. एनिसिमोवा अपने प्रदर्शन से काफी निराश दिखीं और मैच के बाद अपने आंसू नहीं रोक सकीं.

## खिताबी हैट्रिक से एक कदम दूर कार्लोस

स्पेन के कार्लोस अल्कारेज विंबलडन में खिताबी हैट्रिक लगाने से एक कदम दूर हैं.अल्कारेज का वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में सामना यानिक सिनर से होगा.सिनर ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है.अल्कारेज लगातार दो बार विंबलडन का खिताब जीत चुके हैं और अब उन्हें सिनर की चुनौती मिलेगी.

**पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे सिनर:** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे.इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्कारेज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी.अल्कारेज ने सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए थे.

**फ्रेंच ओपन के फाइनल में अल्कारेज को मिली थी हार:** फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद सिनर और अल्कारेज फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे.फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा.अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है.अल्कारेज का ग्रैंडस्लैम फाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है.सिनर के नाम पर तीन ग्रैंडस्लैम खिताब हैं.अल्कारेज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे.इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्कारेज ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं.अल्कारेज ने हालांकि इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पिछले पांचों मुकाबले जीते हैं.

### ऋषभ पंत के रन आउट पर राहुल ने कहा

# 'यह हम दोनों के लिए काफी निराशाजनक था'




**एजेंसियां। लॉर्ड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के रन आउट होने पर केएल राहुल ने कहा कि यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था. उन्होंने कहा कि कोई भी अपना विकेट इस तरह नहीं गंवाना चाहता.

साथ ही राहुल ने बताया कि वह लंच से पहले अपना शतक पूरा करना चाहते थे. ऋषभ पंत उस समय बल्लेबाजी करने आए थे जब भारत ने 107 के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल के रूप में तीसरा विकेट गंवा दिया था. इसके बाद पंत ने राहुल के साथ शतकीय साझेदारी की. दोनों बल्लेबाज मैच के तीसरे दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन लंच से ठीक पहले पंत रन आउट हो गए. पंत ने 122 गेंदों पर 72 रन बनाए थे. केएल राहुल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुछ ओवर पहले पंत से बातचीत हुई थी. मैंने उनसे कहा कि अगर हो सका तो लंच से पहले मैं अपना शतक पूरा कर लूंगा. लंच से पहले बशीर ने आखिरी ओवर फेंका, तो मुझे लगा कि शतक बनाने का अच्छा मौका है, लेकिन, हां, बदकिस्मती से मेरी गेंद सीधे फील्डर के हाथ में चली गई. यह ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका लगा सकता था. राहुल ने कहा कि वह बस स्ट्राइक रोटेट करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि क्या वह मुझे वापस स्ट्राइक पर ला सकते हैं लेकिन, हां, ऐसा नहीं होना चाहिए था. उस समय एक रन आउट ने वास्तव में खेल की गति बदल दी. राहुल ने कहा कि यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था. जाहिर है, कोई भी अपना विकेट इस तरह नहीं गंवाना चाहता.

राहुल ने लंच के बाद अपना शतक पूरा किया, लेकिन तुरंत बाद वह आउट हो गए. राहुल ने 177 गेंदों पर 100 रन बनाए. राहुल ने कहा कि जाहिर है थोड़ी निराशा हुई. हम वाकई अच्छी स्थिति में थे. मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों आउट हो गए. वह लंच से ठीक पहले आउट हो गए और मैं लंच के ठीक बाद. यह आदर्श नहीं था.

## लॉर्ड्स टेस्ट में तीसरे दिन का खेल खत्म

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है. तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 2 रन बना लिए हैं. इस टेस्ट मैच की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि दोनों टीमों ने अपनी पहली पारी में समान 387 रन बनाए, जिससे मुकाबला अब पूरी तरह से संतुलित हो गया है. तीसरे दिन भारत ने 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया. केएल राहुल और ऋषभ पंत ने भारतीय पारी को मजबूती प्रदान करते हुए चौथे विकेट के लिए 141 रनों की साझेदारी की. इस दौरान राहुल ने अपने टेस्ट करियर का दसवां शतक जड़ा. वह 100 रन बनाकर आउट हुए. वहीं पंत ने तेजतर्रार अंदाज में 74 रन बनाए, लेकिन एक लापरवाह रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए. भारत ने 254 रन तक अपने पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद रवींद्र जडेजा (72) और नितीश कुमार रेड्डी (34) ने छठे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी कर टीम को आगे बढ़ाया. नितीश के आउट होने के बाद जडेजा और वाशिंगटन सुंदर (23) ने सातवें विकेट के लिए 50 रन जोड़े. हालांकि भारत ने 376 रन पर अपना सातवां विकेट गंवाया, और उसके बाद सिर्फ 11 रनों के भीतर शेष तीन विकेट भी गंवा दिए. भारत की पूरी पारी 387 रनों पर समाप्त हुई.

**फ्रीस्टाइल मुक्केबाजी** | अमेरिका का बेताज बादशाह बना डब्ल्यूडब्ल्यूई का ये रेसलर

# सोलो सिकोआ ने जीत के लिए सभी हथकंडे अपनाए

**एजेंसियां। लास बेगास**

डब्ल्यूडब्ल्यूई में यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियनशिप के लिए एक रोमांचक मुकाबला हुआ. इस मुकाबले में सोलो सिकोआ ने जिमी उसो को हराया. सोलो सिकोआ ने जैकब फातू को हराकर यह टाइटल जीता था. अब उन्होंने पहली बार इस टाइटल को जिमी उसो के खिलाफ डिफेंड किया. स्मैकडाउन में पहले हुई एक लड़ाई के बाद दोनों भाइयों के बीच यह मुकाबला और भी रोमांचक हो गया था. इस मैच में तल्ला टोंगा की वजह से जिमी उसो हार गए. मैच के बाद जैकब फातू ने भी एंट्री की, जिससे कहानी में एक नया मोड़ आ गया है. सोलो सिकोआ और जिमी उसो के बीच यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियनशिप के लिए मुकाबला हुआ. यह मुकाबला काफी धमाकेदार रहा. सोलो सिकोआ ने हाल ही में जैकब फातू को हराकर यह टाइटल अपने नाम किया था. 11 जुलाई को स्मैकडाउन में जिमी उसो ने सोलो सिकोआ को हराया था. इस हार के बाद सोलो सिकोआ अपने भाई से बदला लेना चाहते थे.
जिमी उसो और ला नाइट से हारने के बाद सोलो सिकोआ और भी ज्यादा गुस्से में थे. उन्होंने अपने भाई को हराने की ठान ली थी. दोनों भाइयों के बीच की यह लड़ाई दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव रही. सोलो सिकोआ ने एमएफटी के साथ एंट्री की, जबकि जिमी उसो पहले से ही रिंग में उनका इंतजार कर रहे थे. स्मैकडाउन में हुई लड़ाई के बाद हर कोई इस बड़े मुकाबले को देखने के लिए उत्साहित था.
यह जिमी उसो का डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहला सिंगल्स चैंपियनशिप मैच था. वहीं, सोलो सिकोआ पहली बार किसी टाइटल को डिफेंड कर रहे थे. मैच की शुरुआत में ही दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे पर जोरदार हमले किए. जिमी उसो लगभग जीतने ही वाले थे, जब उन्होंने टॉप रोप से सोलो पर छलांग लगाई, लेकिन सोलो ने उन्हें ठीक समय पर किक मार दी. मैच में ज्यादातर समय जिमी उसो का पलड़ा भारी रहा. सोलो सिकोआ ने कई बार वापसी करने की कोशिश की, लेकिन जिमी उसो ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया. दुर्भाग्य से, एमएफटी और खासकर तल्ला टोंगा, जिमी उसो की हार का



कारण बने. जब ऐसा लग रहा था कि सोलो हारने वाले हैं, तभी उन्होंने पूरा सीन बदल दिया. जिमी ने टॉप से पूरे ग्रुप पर कार्क स्क्रू किया, लेकिन तल्ला टोंगा ने ध्यान भटका दिया. जब जिमी उसो दूसरों पर हमला करने की कोशिश कर रहे थे, तभी सोलो ने इस मौके का फायदा उठाया और जिमी को रोल करके पिन कर दिया. तल्ला टोंगा ने भी अपने पैरों से सोलो को टिकाए रखने में मदद की, जिससे सोलो को जीत मिल गई. सोलो सिकोआ ने जिमी उसो को पिन करके हरा दिया.

### कोई बल्लेबाज 50+ नहीं बना पाया, शमार जोसेफ को चार विकेट

# दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट:पहली पारी में 225 रन पर सिमटा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी ।जमैका**

शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए. वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया.स्टार्क 100 टेस्ट मैच की उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं.

दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग आठ रन, जबकि कप्तान रोस्टन चेज तीन रन बनाकर खेल रहे थे. वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है.ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर चार विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर तीन विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई.

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सैम कोन्सटास (17) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर 50 रन बनाए. उन्हें ग्रीव्स ने पगबाधा किया.दूसरे सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (23) और कैमरन ग्रीन (46) के विकेट गंवाकर स्कोर तीन विकेट पर 138 रन तक पहुंचाया. ख्वाजा को जोसेफ ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया, जबकि ग्रीन को सील्स ने बोल्ड किया.

तीसरा सत्र हालांकि वेस्टइंडीज के नाम रहा और उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सात विकेट 68 रन पर चटकाए. स्टीव स्मिथ 48 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे. वहीं, हेड 20 रन, ब्यू वेबस्टर एक रन,

एलेक्स कैरी 21 रन और कप्तान पैट कमिंस 24 रन बनाकर आउट हुए. मिचेल स्टार्क खाता नहीं खोल सके, जबकि हेजलवुड चार रन बनाकर आउट हुए. बोलैंड पांच रन बनाकर नाबाद रहे.

## ब्रीफ न्यूज

### मुंगेर में 26.61 करोड़ की लागत से पुल का होगा निर्माण: सम्राट

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुंगेर जिले में 26 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से एक महत्वपूर्ण पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि जमालपुर जीएन बांध से झौआ बहियार हरिणमार्ग-अथहसिया-गोगरी बांध रोड में चैनेज 12+890 पर 8×21.00 मीटर आकार का उच्चस्तरीय आरसीसी पुल बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 2661.00 लाख (26 करोड़ 61 लाख) रुपये की लागत आएगी। सम्राट चौधरी ने रविवार को बयान जारी कर कहा- पुल निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित बनेगा। वर्तमान में इस मार्ग पर बरसात के दिनों भारी जलजमाव की स्थिति में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नए पुल के निर्माण से यह समस्या स्थायी रूप से हल होगी और आसपास के गांवों तथा बाजारों में संपर्क स्थापित होगा.

### सावन की पहली सोमवारी आज, मंदिरों में गूंजेंगे हर -हर महादेव

**सहरसा ।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान,डॉ रहमान चौक सहरसा बिहार के संस्थापक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है की कल सावन की पहली सोमवारी है.इस बार सावन मे चार सोमवारी लगे हैं.सभी मंदिरो मे महादेव के नाम का गूंज वातावरण मे नये ऊर्जा का संचार पैदा करेगा. मिथिलांचल में नव विवाहिता के लिए मधुश्रावणी की शुरुआत श्रावण मास कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से होती है.जबकि समापन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को होती है. इस बार इसकी शुरुआत 15 जुलाई मंगलवार को और समापन 27 जुलाई रविवार को होगी.कोशी क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी के अनुसार,मिथिला की परंपराओं मे मधुश्रावणी के दौरान महिलाएं रोजाना बगीचों से फूल और पत्ते चुनती हैं और उससे विषहारा, मतलब नाग और शिव-पार्वती की पूजा करती हैं.फूल चुनने के क्रम में उनके गीतों से माहौल गमक उठता है.

### नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुहरचक गांव में हुई वारदात

# अधेड़ की चाकू से गोद कर हत्या

**संवाददाता । नालंदा**

नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुहरचक गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान चुहरचक निवासी स्वर्गीय रामेश्वर यादव के 58 वर्षीय पुत्र किशोरी यादव के रूप में हुई है. यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है, जब किशोरी यादव खेत की पटवन (सिंचाई) के लिए बोरिंग पर गए हुए थे.

रविवार सुबह जब ग्रामीणों ने उनका शव सड़क किनारे पड़ा देखा, तो इलाके में सनसनी फैल गई. परिजनों के मुताबिक, किशोरी यादव की गाल, सिर और गले में धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है. मृतक के भतीजे ने आरोप लगाया है कि



हत्या के पीछे गांव के ही सकलदेव यादव और उसके सहयोगियों का हाथ है.

**2022 की होली पर हुआ था विवाद :** परिजनों के अनुसार, वर्ष 2022 में होली के दिन किशोरी यादव और सकलदेव यादव के परिवार के बीच विवाद हुआ था. उस समय दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर केस दर्ज करवाया था. परिजनों का कहना है कि तभी से सकलदेव यादव लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहा था और धमकियां दे रहा था. इसी रंजिश में हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है.

**पुलिस की कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. सदर डीएसपी वन नुरुल हक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है.

घटनास्थल से एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम ने कई अहम सुराग एकत्र किए हैं. डीएसपी के अनुसार, मृतक का परिवार फिलहाल ननिहाल में रह रहा था. वहीं सकलदेव यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है. गांव में तनाव का माहौल है, लेकिन स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है.

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नालंदा ।** नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सड़क हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. यह दुर्घटना सिलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास उस समय हुई, जब दोनों किशोर बाइक से राजगीर की ओर घूमने जा रहे थे. मृतक सोहसराय थाना क्षेत्र के महुआ टोला निवासी मोहम्मद नसरुद्दीन के 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नदीम है. वहीं, हादसे में घायल किशोर मोहम्मद अरमान को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिजन ने बताया कि मोहम्मद नदीम और उसका दोस्त मोहम्मद अरमान बाइक से राजगीर की सैर पर निकले थे. सिलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एक तीव्र मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दूसरी लेन में चली गई, जहां सामने से आ रहे ट्रैक्टर के डाले से जोरदार टक्कर हो गई.हादसे के वक्त अरमान ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई, हालांकि उसे कई गंभीर चोटें आईं.

### प्रेमी की दगाबाजी से आहत प्रेमिका ने लगाई फांसी

**नालंदा।** जिले के सिलाव थाना अंतर्गत एकसारी गांव में रविवार की सुबह प्रेमी की दबाबाजी से आहत हो प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी. युवक ने प्रेमिका को फोन कर कहा कि शादी के लिए पापा से दो बीघा जमीन रजिस्ट्री कराओ या जान दे दो. प्रेमी की बात से आहत युवती ने इहलीला समाप्त कर ली. मृतका की पहचान एक सारी गांव निवासी निरंजन महतो की 19 वर्षीया पुत्री विद्या भारती के रुप जमें हुई है. मृतिका के पिता ने बताया कि वह गुजरात में रहते हैं. बेटी गांव में रहकर पार्ट वन में पढ़ाई कर रही थी. बेटी का गांव के युवक छोटू से प्रेम-प्रसंग चल रहा था. वह बेटी की खुशी के लिए छोटू के घर शादी की बात करने गए थे. युवक के पिता शादी के लिए राजी हो गए जबकि, मां शादी के विरोध में थीं. लड़के वालों की नजर उनकी संपत्ति पर थी.छोटू के घर से लौटने पर युवक बेटी के मोबाइल पर कॉल कर कहा- पापा से दो बीघा जमीन लिखाओ नहीं तो खुदकुशी कर लो मैं तुमसे शादी नहीं करने वाला हूं. युवक की बात सुन बेटी सदमे में आ गई. इसी बात से आहत हो बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी. घटनाक्रम कि जानकारी सिलाव थाना पुलिस को दी गयी. पुलिस घटनास्थल पर जाकर मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है.

## सड़क हादसे में कपड़ा व्यवसायी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**संवाददाता . रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दढ़ाव गांव के समीप शनिवार की देर रात एक सड़क दुर्घटना में कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई. मृतक की पहचान कोचस नगर पंचायत के वार्ड संख्या-5 निवासी लगभग 30 वर्षीय ओमप्रकाश गुप्ता के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश गुप्ता अपने व्यवसाय के सिलसिले में बाइक से दिनारा प्रखंड स्थित दढ़ाव गांव जा रहे थे. इसी दौरान किसी अज्ञात और अनियंत्रित वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में कोचस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक के पिता सुरेंद्र शाह ने बताया कि उनका बेटा कपड़े का व्यवसाय करता था और हमेशा की तरह व्यवसायिक कार्य से दढ़ाव गांव जा रहा था, लेकिन दुर्भाग्यवश सड़क हादसे का शिकार हो गया.

## सीतामढ़ी में दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, आक्रोशित भीड़ ने की सड़क जाम

**संवाददाता । सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी शहर के मेहसौल चौक के पास प्रॉपर्टी डीलर वसीम खान उर्फ पुटू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई. हमलावरों ने उन्हें उनके ही घर के पास गली में तीन गोलियां मारीं, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है. हत्या की इस घटना के बाद शहर में तनाव का माहौल है. स्थानीय लोग और मृतक के परिजनों ने शनिवार रात शव को मेहसौल चौक पर रखकर सड़क जाम कर दिया. भीड़ ने सरकार और पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की. जाम हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी. एसपी अमित रंजन खुद मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया, लेकिन रविवार सुबह दोबारा गुस्साई भीड़ ने चौक को फिर दो घंटे के लिए जाम कर दिया. स्थानीय निवासी तौकीर अहमद उर्फ सिकंदर ने कहा कि अपराधियों को जल्द चिन्हित कर उनका एनकाउंटर किया जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि अपराधी खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि ₹तुम्हें घर के पास मारेंगे₹, जो पुलिस प्रशासन के लिए सीधी चुनौती है. वहीं सदाम हुसैन नामक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि जिस चौक के चारों ओर पुलिस थाने और चौकियां हैं, वहां इस तरह की घटना पुलिस की नाकामी को उजागर करती है.

बताया गया कि मृतक वसीम खान प्रॉपर्टी डीलिंग के अलावा अपने भाइयों के साथ पांच दुकानों का संचालन भी करते थे. उनका परिवार मेहसौल चौक स्थित उसी इलाके में रहता है जहां यह घटना हुई. इस वारदात के बाद कारोबारी वर्ग में भारी दहशत है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और कमजोर व्यवस्था के चलते अपराधी बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं.

### पटना में शराबी पिता की हैवानियत

## बेटे की पीट-पीटकर हत्या

**संवाददाता । पटना**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करविगहिया स्थित एक होटल में एक पिता ने शराब के नशे में अपने 6 वर्षीय बेटे की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है. जानकारी के अनुसार, मृतक बच्चे का नाम सन्नी कुमार है और उसकी उम्र 6 वर्ष थी. परिवार लखीसराय से रोज़ी-रोटी की तलाश में पटना आया था. मृतक की मां करुणा देवी ने बताया कि वे पिछले कुछ महीनों से पटना जंक्शन के आसपास रह रहे थे और समय-समय पर होटल में सफाई का काम करते थे.

शनिवार की शाम लगभग 4 बजे परिवार ने होटल में एक कमरा लिया ताकि कुछ समय शांति से गुजार सकें. इस दौरान पिता शराब के नशे में होटल पहुंचा और बेहोशी की हालत में सो गया. जब वह सोकर उठा, तो भूख लगने पर पत्नी से खाना न मिलने को लेकर विवाद शुरू हो गया. विवाद इस कदर बढ़ा कि पिता ने आपा खो दिया और गुस्से में आकर अपने ही मासूम बेटे को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया. घटना के बाद दंपती बच्चे को इलाज के लिए एक नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सन्नी को मृत घोषित कर दिया. इस घटना की सूचना होटल संचालक ने पुलिस को दी.

## पूर्णिया में पत्नी ने सोते पति का काटा गला

**संवाददाता । पूर्णिया**

पूर्णिया जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने पति की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी. घटना के बाद महिला मौके से फरार हो गई, लेकिन 10 वर्षीय बेटे की बहादुरी और गवाही से हत्या का राज खुल गया. पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है. यह वारदात धमदाहा थाना क्षेत्र के दमगड़ा रमोवतार चौक की है. मृतक की पहचान 42 वर्षीय बालो दास के रूप में हुई है, जो दमगड़ा पंचायत वार्ड संख्या 11 के रहने वाले आनंदी दास के पुत्र थे. परिवार के मुताबिक, शनिवार रात बालो दास मजदूरी करके घर लौटे थे और पत्नी उषा देवी से भोजन मांगा. इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद बालो दास खाना खाए बिना आंगन में सो गए. उनका बेटा शैलेन्द्र दास भी पास ही सोया हुआ था. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## पोखर के किनारे मिला किशोर का गला कटा शव

**संवाददाता । समस्तीपुर**

समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवा दक्षिण पंचायत के खुद एकटर गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक पोखर के किनारे 14 वर्षीय किशोर का रक्तरंजित शव बरामद किया गया. मृतक की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के नौआचक पंचायत निवासी अमरजीत राय के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है.

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. ग्रामीणों के अनुसार, मृतक प्रिंस अपने पिता का बड़ा बेटा था और मंगलवार दोपहर 2 बजे क्रिकेट खेलने के लिए निकला था, लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं लौटा. परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. बुधवार सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीणों को पोखर के किनारे एक किशोर का गला कटा शव मिला, जिसकी पहचान प्रिंस कुमार के रूप में की गई.

घटनास्थल के पास ही उसकी साइकिल भी बरामद हुई है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि हत्या के बाद शव को वहीं फेंका गया. ग्रामीणों का शक है कि यह हत्या किसी पुराने जमीन विवाद को लेकर की गई है. फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. इस जघन्य हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल है.



### लैपटॉप, स्मार्टफोन, टीवी सहित कई उत्पादों पर अतिरिक्त 10 % की छूट

**नयी दिल्ली ।** टाटा समूह के इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल ब्रांड क्रोमा ने जुलाई महीने में ग्राहकों के लिए जबरदस्त ऑफर लेकर 'एक्स्ट्रा डील डेज़' की शुरुआत कर दी है. इस खास ऑफर में सोमवार से शुक्रवार तक हर दिन अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक पर एक्सक्लूसिव डील्स मिल रही हैं. ग्राहक लैपटॉप, स्मार्टफोन, टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज और पर्सनल गैजेट्स पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक की छूट और चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर बड़ा कैशबैक पा सकते हैं.थीम के मुताबिक सोमवार को एसी, मंगलवार को वाशिंग मशीन और फ्रिज, बुधवार को टीवी, गुरुवार को स्मार्टफोन और शुक्रवार को लैपटॉप व गैजेट्स पर खास ऑफर दिए जा रहे हैं.जबरदस्त डील्स में सैमसंग 9 किलो वाशिंग मशीन 33,500 रु.में 20% कैशबैक, एलजी 17,000 रु. में 5% कैशबैक और ओपन टीवी पर 50% तक की छूट दी जा रही है.

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी96 5जी

**एजेंसी ।** मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया भर में मशहूर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड ने रविवार को मोटो जी96 5जी को लॉन्च किया. यह इस साल का पहला जी-सीरीज फोन है और पिछले साल के सबसे लोकप्रिय ₹20,000 से कम कीमत वाले फोन मोटो जी85 5जी का अगला संस्करण है. इस फोन में ₹20,000 से कम कीमत में शानदार फीचर्स दिए गए हैं. इसमें सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 144एचजेड 3डी कर्व्ड पोलेड एफएचडी प्लस डिस्प्ले है, जो आईपी68 वाटरप्रूफ सुविधा के साथ आता है. साथ ही, 50एमपी ओएस सोनीलाइटा 700C कैमरा है, जो मोटो एआई और सभी लेंसों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है. फोन में स्नैपड्रैगन® 7एस जेन 2 प्रोसेसर है, जो 650के तक का एनटूटू स्कोर देता है. यह फोन प्रीमियम वीगन लेदर डिज़ाइन में आता है, और बेहद हल्का एवं पतला है.

### रूस से कच्चे तेल की खरीदी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर

# भारत बना दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत ने जून 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दी है. अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार, इस्राइल-ईरान युद्ध की आशंका और आपूर्ति सुरक्षा को लेकर भारत के रिफाइनर्स ने बड़ी मात्रा में रूसी तेल का भंडारण किया. इस महीने रूस से भारत की तेल आयात 2.08 मिलियन बैरल प्रतिदिन रही, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे ज्यादा है. वैश्विक एनर्जी थिंक टैंक सीआरईए और किप्लर के मुताबिक, भारत की कुल तेल आयात जून में 6% घटी, लेकिन रूस से आयात में 8% की वृद्धि दर्ज हुई. अब रूस भारत की कुल तेल आपूर्ति में 40% हिस्सेदारी रखता है. तीन बड़ी रिफाइनरियों ने अकेले ही इस तेल का बड़ा हिस्सा आयात किया, जो जी7+ देशों को प्रोसेस्ड प्रोडक्ट भी निर्यात करती हैं.



**पारंपरिक आपूर्तिकर्ताओं से दूरी :** मध्य पूर्व के पारंपरिक तेल आपूर्तिकर्ताओं से भारत की निर्भरता कम होती जा रही है. जून में भारत ने इराक से 8.93 लाख बैरल प्रतिदिन तेल मंगाया, जो पिछले महीने की तुलना में 17% कम है. सऊदी अरब से लगभग 5.81 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात हुआ, जो लगभग स्थिर रहा. यूएई से आयात 6.5% बढ़कर 4.90 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया.

**दूसरे देशों से भी बढ़ा रुझान :** रूस के बाद भारत का रुझान अमेरिका और ब्राजील की ओर भी बढ़ रहा है. एसऐंडपी ग्लोबल के अनुसार, 2025 के पहले छह महीनों में अमेरिका से भारत का कच्चे तेल का आयात 51% बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया. वहीं ब्राजील से तेल आयात 80% बढ़ा है, जो दर्शाता है कि भारत ओपीईसी से बाहर के देशों की ओर अपना झुकाव बढ़ा रहा है.

**राजनीतिक और कूटनीतिक रणनीति का असर :** भारत की यह रणनीति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी है. अमेरिका में नई सरकार के साथ रिश्ते सुधारने और तेल स्रोतों में विविधता लाने की नीति के तहत, अमेरिका और ब्राजील से आयात बढ़ाया जा रहा है. इसके साथ ही, भारत रूसी छूट वाली आपूर्ति का भी फायदा उठा रहा है, जिससे रिफाइनिंग कंपनियों की लागत कम होती है.

**चीन के बाद भारत बना दूसरा सबसे बड़ा खरीदार :** सीआरईए के अनुसार, जून में चीन ने रूस से 47% तेल खरीदा, जबकि भारत ने 38% हिस्सा लिया. यूरोपीय यूनियन और तुर्की ने क्रमशः 6-6% तेल खरीदा. भारत ने जून में रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य के फॉसिल फ्यूल आयात किए, जिसमें 80% यानी 3.6 अरब यूरो सिर्फ कच्चे तेल के आयात पर खर्च हुए. इससे स्पष्ट है कि भारत अब न केवल रूस का रणनीतिक साझेदार बन चुका है,



### सितंबर में महंगी होंगी मर्सिडीज बेंज की कारें

**नयी दिल्ली।** मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपनी गाड़ियों की कीमत में 1 से 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रही है. कंपनी के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया कि यूरो के मुकाबले रुपये की कमजोरी के चलते यह फैसला लिया गया है. यह इस साल की तीसरी कीमत बढ़ोतरी होगी. इससे पहले जनवरी और जुलाई में कीमतें बढ़ाई जा चुकी हैं. अय्यर ने कहा कि ईएमआई पर गाड़ी खरीदने वाले ग्राहकों पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि ब्याज दरों में कुछ राहत मिली है. कंपनी की 80 प्रतिशत कारें फाइनेंस के जरिए बेची जाती हैं. उन्होंने यह भी बताया कि रेयर अर्थ मैग्नेट सप्लाई को लेकर फिलहाल कोई संकट नहीं है और स्टॉक पर्याप्त है. हालांकि, उन्होंने माना कि जियोपॉलिटिकल हालातों की वजह से इस साल कंपनी की ग्रोथ स्थिर रह सकती है.

### भारत में इन्फिनिक्स एचओटी 60 5 जी + लॉन्च हुआ

## वन टैप एआई बटन के साथ एक नया गेमिंग-रेडी स्मार्टफोन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने अपना लेटेस्ट एचओटी 60 5 जी + लॉन्च किया है. जबरदस्त फीचर्स वाला यह स्मार्टफोन उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो बहुउपयोगिता, स्पीड और लंबे समय तक शानदार परफॉर्मेंस चाहते हैं. एचओटी 60 5G+ में इस उद्योग के कई अग्रणी फीचर्स दिए गए हैं. इसमें कस्टमाईज़ेबल वन टैप एआई बटन, मीडियाटेक डायमेंसिटी 7020 प्रोसेसर, 500,000 से अधिक एंटुटू स्कोर, 6जीबी एलपीडीडीआर5एक्स रैम, 90एफपीएस गेमिंग सपोर्ट और आईपी64-सर्टिफाईड स्लिम 5 जी डिज़ाईन हैं. इतनी सारी खूबियों के बाद भी लॉन्च के दिन इस स्मार्टफोन की कीमत केवल 9,999 रुपये (प्रिपेड ऑफरों के साथ) होगी. यह डिवाईस फ्लिपकार्ट और रिटेल स्टोर्स पर तीन रंगोंः शैडो ब्लू, टुंड्रा ग्रीन और स्लीक ब्लैक में उपलब्ध होगी, जो अपने परफॉर्मेंस डीएनए के अनुसार प्रीमियम अपील प्रदान



करेगी.वन टैप एआई बटनः एआई पॉवर आपकी उंगलियों पर एचओटी 60 5 जी + में इस उद्योग का पहला कस्टमाईज़ेबल वन टैप एआई बटन दिया गया है.

यह स्मार्टफोन के डिज़ाईन में इंटीग्रेट होकर दैनिक कामों का आसान नियंत्रण प्रदान करता है. दो बार प्रेस और लंबा प्रेस के ड्युअल फंक्शन के साथ यह फीचर 30 से अधिक ऐप्स और एक्शंस के लिए कस्टमाईज़ किया जा सकता है, जिससे दैनिक टास्क ज्यादा तेज व प्रभावशाली बन जाते हैं. चाहे तेजी से टाईपिंग करना हो, या गेमिंग और आवश्यक टूल्स तुरंत शुरू करने हों, वन टैप एआई बटन हर काम को बहुत आसान बना देता है. लंबा प्रेस करने पर तुरंत इन्फिनिक्स का बिल्ट-इन एआई असिस्टैंट फॉलेक्स एक्टिवेट हो जाता है.

### टाटा डिजिटल और जोमैटो की साझेदारी, नेउ कार्ड से फूड ऑर्डर पर रिवॉड्र्स

**नयी दिल्ली ।** लाखों भारतीयों के लिए फ़ूड ऑर्डरिंग अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, लोकप्रिय फ़ूड डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्म ज़ोमैटो ने टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी की है. इस गठबंधन के तहत, टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड (नेउकार्ड) से ज़ोमैटो पर ऑर्डर पेमेंट करने वाले ग्राहकों को विशेष रिवॉड्र्स मिलेंगे. इस नए डिस्काउंट प्रोग्राम में, नेउकार्ड यूज़र्स को ज़ोमैटो मनी के रूप में हर ऑर्डर पर 10 फीसदी तक कैशबैक मिलेगा. यह सुविधा 99 रूपये या उससे अधिक के हर फ़ूड ऑर्डर पर उपलब्ध है. इसके साथ ही ग्राहक हर ट्रांजैक्शन पर नेउकॉइन भी कमा सकते हैं, जिसे टाटा नेउ ऐप पर विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की ख़रीदारी में इस्तेमाल किया जा सकता है. ज़ोमैटो के वाइस प्रेसिडेंट (प्रोडक्ट) राहुल गुप्ता ने कहा, 'हम ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाने और उन्हें अधिक वैल्यू देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं. टाटा नेउ के साथ हमारी साझेदारी इसी दिशा में एक सार्थक कदम है.' टाटा डिजिटल के प्रेसिडेंट (फाइनेंशियल सर्विसेस) गौरव हज़रती ने कहा, 'ज़ोमैटो के साथ हमारा सहयोग ग्राहकों को स्वादिष्ट भोजन के साथ शानदार रिवॉड्र्स देने का अवसर है.

### पार्क का उद्घाटन — भारत में पहली बार एक्वा टेक पार्क, मछली उत्पादन को बढ़ावा

# असम में युवाओं को पर्याप्त कमाई के अवसर मिलेंगे

**एजेंसी । असम**

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने सोनापुर में भारत के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य मछली उत्पादन को बढ़ावा देना और राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करना है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इससे संबंधित पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि भारत का पहला एक्वा टेक पार्क असम के सोनापुर में उद्घाटन किया गया । यह मछली उत्पादन को काफी बढ़ावा देगा और असम में युवाओं को पर्याप्त कमाई के अवसर प्रदान करेगा।



**केंद्र ने 2015 से मत्स्य पालन क्षेत्र में 38,572 करोड़ रुपये का निवेश किया :** पीआईबी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 2025-26 की बजट घोषणा रणनीतिक रूप से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, सीमा शुल्क को कम करके किसानों पर वित्तीय बोझ को कम करने और समुद्री मत्स्य पालन के विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। केंद्र सरकार ने 2015 से मत्स्य पालन क्षेत्र में संचयी रूप से 38,572 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके परिणामस्वरूप देश में मछली उत्पादन दोगुना हो गया है।

**मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए सरकार की योजनाएं :** सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं भी शुरू की हैं। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) की परिकल्पना 2020 में की गई थी ताकि मछुआरों, मछली किसानों और अन्य हितधारकों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। यह 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पाँच वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि के लिए लागू है। यह पहल अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में मजबूती से उतरती है। उत्पादन बढ़ाने और मजबूत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है।

**कृषि क्षेत्र में असम ने दिखाई मजबूती :** कृषि क्षेत्र में, असम ने खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2024-25 के दौरान लगभग 7 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद करके धान खरीद में एक नया रिकॉर्ड बनाया. सम के माजुली जिले के किसानों ने पश्चिम एशिया और यूरोपीय संघ के बाजारों में 267 मीट्रिक टन लाल चावल का निर्यात किया। असम के नदी द्वीप जिले माजुली ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है क्योंकि इसके स्वदेशी जैविक लाल बाओ धान ने वैश्विक बाजार में अपनी शुरुआत की है।.

## स्क्रीन एकेडमी का शुभारंभ, उभरते सितारों को तराशने का शानदार मंच

**एजेंसियां । एजेंसी**

मुंबई. इंडियन एक्सप्रेस समूह और स्क्रीन ने भारतीय सिनेमा की उभरती प्रतिभाओं को संवारने और उन्हें रचनात्मक मंच देने के उद्देश्य से बुधवार को 'स्क्रीन अकेडमी' की शुरुआत की. यह गैर-लाभकारी पहल न सिर्फ उभरते फिल्मकारों को शिक्षा व मेंटरशिप देगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर फेलोशिप भी प्रदान करेगी. इस पहल से ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा, कान ग्रां प्री विजेता पायल कपाड़िया, ऑस्कर विजेता साउंड डिज़ाइनर रेसुल पुकुट्टी, प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सुभाष घई और आरएसवीपी फिल्म्स के संस्थापक रॉनी स्क्रूवाला जैसे फिल्म जगत के दिग्गज जुड़े हैं.लोढ़ा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक अभिषेक लोढ़ा के सहयोग से बनी स्क्रीन अकेडमी देश के प्रतिष्ठित फिल्म संस्थानों- एफटीआईआई (पुणे), एसआरएफटीआई(कोलकाता) और व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (मुंबई) के विद्यार्थियों को फेलोशिप देगी. उन छात्रों को अवसर मिलेगा, जो प्रतिभाशाली तो हैं लेकिन आर्थिक कारणों से औपचारिक फिल्म शिक्षा से वंचित रह जाते हैं. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल मुंबई फिल्म उद्योग के लिए प्रासंगिक और समयानुकूल है. 'यह अकेडमी भारतीय सिनेमा को नई पीढ़ी के फिल्म निर्माताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी.

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली के वसंत विहार इलाके में फुटपाथ पर सो रहे पांच को रौंदा

**नयी दिल्ली ।** वसंत विहार इलाके में शनिवार देर रात नशे में धुत एक तेज रफ्तार ऑडी कार चालक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया. घटना को अंजाम देने के बाद चालक कार समेत भागने की कोशिश की, लेकिन उसकी कार एक ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस ने कार चालक शेखर (40) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इसी बीच घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया. मामले की जांच के दौरान ही पुलिस को पता चला कि एक ऑडी कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी.

### श्रीलंकाई नौसेना ने सात भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया : संघ

**नयी दिल्ली ।** रामेश्वरम मछुआरा संघ ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह सात भारतीय मछुआरों को दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा पार कर कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया. एसोसिएशन के अनुसार, सुबह 5 बजे, श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम के थंगाचिमादम के वी इसाक पॉल की मछली पकड़ने वाली नाव के चालक दल को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में पकड़ लिया, एएनआई ने बताया. रामेश्वरम मछुआरा संघ के अनुसार, रामेश्वरम मछली पकड़ने के बंदरगाह से परमिट प्राप्त करने के बाद शनिवार को कुल 456 मछली पकड़ने वाली नौकाएं समुद्र में उतरीं. गिरफ्तार मछुआरों की पहचान पी तुथर (40), पी एडिसन (51), शनमुगम (50), शक्तिवेल (47), जगदीश (48), दल्विन राज (46) और मंथोप के अंबाझगन के रूप में की गई है.

### जयपुर के रामगंज में दो समुदायों के बीच पथराव, माहौल तनावपूर्ण

**जयपुर ।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के संवेदनशील माने जाने वाले रामगंज इलाके में शनिवार को दो समुदायों के बीच अचानक पथराव हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया. यह घटना बाबू का टीका इलाके में उस समय हुई जब एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक समुदाय के कुछ युवकों पर आरोप है कि उन्होंने क्षेत्र की एक महिला के साथ अशोभनीय व्यवहार किया, जिसके बाद दूसरा पक्ष मौके पर पहुंचा और बहस शुरू हो गई. यह बहस जल्द ही झगड़े में बदल गई और दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर पथराव किया.

### विदेश मंत्री एस जयशंकर आज से चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर

**नयी दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज रविवार से चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं. वे वहां तियानजिन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे. यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद यह जयशंकर की पहली चीन यात्रा है. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अक्टूबर 2023 में रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई थी. यह पिछले लगभग पांच वर्षों में पहली उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बातचीत थी.

### राजा रघुवंशी हत्याकांड : सोनम के आरोपी को मिली जमानत

**शिलांग ।** इंदौर के चर्चित व्यापारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां इस हत्याकांड से जुड़े दो सह-आरोपियों लोकेन्द्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार को स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है. लोकेन्द्र सिंह तोमर वही व्यक्ति हैं जिनके फ्लैट में सोनम ने हत्या के बाद कुछ समय के लिए शरण ली थी. वहीं बलबीर अहिरवार उस फ्लैट का सुरक्षा गार्ड है. दोनों पर आरोप था कि इन्होंने मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की और जांच में बाधा डाली. लेकिन उनके वकील ने बताया कि दोनों ने पुलिस जांच में पूरा सहयोग किया और उन पर सिर्फ जमानती धाराएं लगी थीं. इसी आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) की अदालत ने शुक्रवार को उन्हें जमानत दे दी.

### तमिलनाडु : मालगाड़ी में लगी भीषण आग पर काबू पाया गया

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के तिरुवल्लुर के पास रविवार सुबह एक मालगाड़ी में भीषण आग लग गई, जिसे दमकलकर्मियों के काफी प्रयासों के बाद करीब दो घंटे बाद बुझाया जा सका. हादसे के कारण चेन्नई-अरक्कोणम रेलमार्ग पर सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं. खतरे को देखते हुए आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया. हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. आग तिरुवल्लुर-एगट्टूर खंड में लगी, जो चेन्नई सेंट्रल से 43 किमी दूर है. रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े चार बजे एक मालगाड़ी में अचानक आग भड़क गई, जो तेजी से पांच वैगनों तक फैल गई. यह मालगाड़ी एननोर से 45-52 डीजल टैंकर ले जा रही थी.



## कैलाश मानसरोवर यात्रा, श्रद्धालु खुश

### तीसरा दल पिथौरागढ़ से धारचूला रवाना, 46 श्रद्धालुओं में 12 महिलाएं

**पिथौरागढ़ ।** कैलाश मानसरोवर यात्रा का तीसरा दल, जिसमें 34 पुरुष और 12 महिला श्रद्धालु शामिल हैं, रविवार को टनकपुर से पिथौरागढ़ के कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) पहुंचा. यहां से भोले बाबा के जयकारों के साथ दल धारचूला के लिए रवाना हुआ. केएमवीएन में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया. यात्रियों ने प्रशासन और केएमवीएन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए. दल में उत्तर प्रदेश (11) और गुजरात (7) के सबसे अधिक यात्री हैं. 19 वर्षीय शिवम पोरवाल (दिल्ली) सबसे युवा यात्री हैं. इस दल के लाइजनिंग ऑफिसर अरुणव लारूविया और हरीश भाई मगनलाल हैं. इस दल में उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, चण्डीगढ़, पंजाब, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों के श्रद्धालु शामिल हैं.

**चौथा दल 5 अगस्त को पिथौरागढ़ पहुंचेगा :** कैलाश मानसरोवर यात्रियों का चौथा दल पांच अगस्त को पिथौरागढ़ पहुंचेगा. आज नाभीढांग में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के दूसरे दल का मेडिकल चेक अप किया गया. इस दौरान यात्रियों की ओर से लगे हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट में यात्रियों ने उत्पादों की जानकारी लेने के साथ ही विभिन्न उत्पादों की भी खरीदारी की. कैलाश मानसरोवर यात्रियों ने हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों की भी खरीदारी की. इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, तहसीलदार विजय गोस्वामी, आदि उपस्थित रहे.

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई ने शुरू किया आंदोलन

# 20 कार्यकर्ताओं को किया गया गिरफ्तार

एजेंसी । लाहौर

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर अनौपचारिक रूप से एक आंदोलन शुरू किया है. इसे 'इमरान खान को आजाद करो' (फ्री इमरान खान मूवमेंट) दिया गया है. पार्टी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल हो रहे कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है. पार्टी ने पांच अगस्त तक आंदोलन करने की घोषणा की है.

अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं इमरान खान खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पीटीआई नेता अली अमीन गांडापुर शनिवार देर रात पार्टी के अन्य नेताओं के साथ लाहौर पहुंचे और उन्होंने इमरान खान को रिहा कराने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की. क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान (72 वर्षीय) अगस्त 2023 से जेल में हैं, जहां उन पर कई मामलों में मुकदमे चल रहे हैं.

**पांच अगस्त तक आंदोलन की योजना :** पीटीआई पांच अगस्त तक देशभर में एक बड़े आंदोलन करने की तैयारी कर रही है, ताकि शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार और सेना पर इमरान खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके. गंडापुर और पार्टी के प्रमुख नेता लाहौल के रायवंड इलाके में एक फार्म हाउस में ठहरे हैं और अपने प्रदर्शन की योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं. यह फार्म हाउस शरीफ परिवार के आवास के पास ही है.

**पीटीआई के 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार :** इस बीच, खबर है कि पुलिस ने लाहौर में विभिन्न जगहों पर अपने नेताओं का स्वागत करने आए 20 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है. पीटीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब पुलिस ने उनके कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से पुलिस पंजाब खासकर लाहौर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी कर रही है, ताकि उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने से रोका जा सके. हालांकि, पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी से इनकार किया है.



**लाहौर से सफल होता है कोई भी आंदोलनः गंडापुर :** हालांकि, पुलिस सूत्रों ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया को बताया कि लाहौर और अन्य जगहों पर 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं. लाहौर में पार्टी नेताओं से बात करते हुए गंडापुर ने कहा, लाहौर से शुरू हुआ कोई भी आंदोलन कामयाब होता है और यह आंदोलन भी देशभर में सफल होगा. उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पांच अगस्त तक आंदोलन को चरम पर ले जाएं.

**'सेना को नहीं मार्शल लॉ लगाने का पछतावा' :** उन्होंने कहा, सेना कई दशकों से पाकिस्तान पर शासन कर रही है और कई बार मार्शल लॉ लगा चुकी है, जिससे देश को नुकसान हुआ है. इस बार सेना ने एक नई तरह का मार्शल लॉ लगाया है, जिसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है, लेकिन हर तरह की ताकत औ दबाव की नीति चल रही है. उन्होंने इससे देश को तबाह हुआ है, लेकिन दोषियों को अब भी पछतावा नहीं है. गंडापुर ने कहा, पीटीआई के नेता और कार्यकर्ता हजारों प्राथमिकियों (एफआईआर) का सामना कर रहे हैं.

**दमन कर रही पंजाब सरकारः गौहर अली खान :** वहीं, पीटीआई के अंतरिम अध्यक्ष गौहर अली खान ने कहा कि पंजाब सरकार बीते दो वर्षों से उनकी पार्टी के लोगों का दमन कर रही है. उम्मीद है कि उन्हें समझ आएगी और मरियम नवाज (पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री) सरकार सही फैसले लेगी.

### पाकिस्तान की प्राइवेट एयरलाइन को युवक ने भेजा लीगल नोटिस

**कराची ।** पाकिस्तान में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. लाहौर के एक युवक शाहजैन ने कराची जाने के लिए फ्लाइट पकड़ी थी, लेकिन वह गलती से सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया. शाहजैन ने एक प्राइवेट एयरलाइन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उसने कहा कि टिकट चेक करवाने के बावजूद एयर होस्टेस ने उसे गलत फ्लाइट में बैठने से नहीं रोका. शाहजैन ने बताया कि घरेलू टर्मिनल के गेट पर दो फ्लाइट खड़ी थीं. वह बिना किसी जानकारी के जेद्दा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में चढ़ गया. लगभग दो घंटे बाद, जब विमान कराची नहीं पहुंचा, तब जाकर उसे अपनी गलती का एहसास हुआ. उसने बताया कि उस वक्त क्रू पैनिक में आ गया और उल्टा उसी को दोष देने लगे. न पासपोर्ट, न वीजा, फिर भी पहुंच गया सऊदी : शाहजैन का कहना है कि उसके पास न पासपोर्ट था और न ही सऊदी अरब के लिए वीजा. इसके बावजूद वह जेद्दा पहुंच गया. एयरलाइन की इस लापरवाही की वजह से उसे विदेश में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा. वहां एफआईए के अधिकारियों ने पूछताछ की और दो से तीन दिन तक उसे कराची लाने की प्रक्रिया में समय लगा.

**कानूनी नोटिस भेजा, मुआवजे की मांग :** इस पूरे मामले को लेकर शाहजैन ने अब एयरलाइन को कानूनी नोटिस भेजा है. उसने कहा है कि एयरलाइन की गलती की वजह से उसे भारी मानसिक और आर्थिक नुकसान हुआ है. वह मुआवज़े की मांग कर रहा है.

### के कविता पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस एमएलसी के कार्यालय पर हमला, कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़



**नयी दिल्ली ।** तेलंगाना में कांग्रेस एमएलसी चिंतापंडु नवीन के कार्यालय में रविवार को उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की. चिंतापंडु नवीन को लोग तीनमार मल्लन्ना के नाम से भी जानते हैं. तेलंगाना जागृति कार्यकर्ताओं पर कार्यालय पर धावा बोलने और तोड़फोड़ करने का आरोप है. बताया जा रहा है कि कार्यकर्ता तीनमार मल्लन्ना की ओर से बीआरएस एमएलसी के. कविता पर की गई टिप्पणी को लेकर नाराज थे. **तीनमार मल्लन्ना पर हमला करने का इरादा था :** इस बीच चश्मदीद होने का दावा करने वाले फसीउद्दीन ने कहा कि मैं कार्यालय के अंदर मौजूद था और बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर नियमित रूप से एमएलसी तीनमार मल्लन्ना के कार्यालय आते हैं. तेलंगाना जागृति कार्यकर्ताओं के 15-20 लोगों ने कार्यालय पर हमला किया. उनका इरादा एमएलसी तीनमार मल्लन्ना पर हमला करने का था.

### यूक्रेन के साथ तनाव में रूस को मिला किम जोंग का समर्थन, बोले- रणनीतिक मुद्दों पर समान सोच

**शियोल ।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस को बिना शर्त समर्थन देने की बात पर जोर दिया. रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात में किम जोंग ने रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को बिना शर्त समर्थन देने की बात दोहराई. उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच रणनीतिक मुद्दों पर समान सोच है और दोनों देशों का गठबंधन मजबूत होता जा रहा है. बता दें कि यह मुलाकात उत्तर कोरिया के पूर्वी शहर वोन्सान में हुई, जहां लावरोव ने किम को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुभकामनाएं भी दीं. किम ने कहा कि उनकी सरकार रूस की तरफ से उठाए गए सभी कदमों का समर्थन और प्रोत्साहन करती है.

**रूस ने अमेरिका दक्षिण कोरिया और जापान को दी चेतावनी :** किम से मुलाकात के दौरान रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया के खिलाफ कोई सैन्य गठबंधन न बनाएं. उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आपसी रणनीतिक और सामरिक सहयोग और बढ़ाना चाहिए. लावरोव ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु हथियारों की दिशा में बढ़त को रूस समझता है और इसका सम्मान करता है. उन्होंने दावा किया कि उत्तर कोरिया की तकनीक उसके अपने वैज्ञानिकों की मेहनत का परिणाम है.

### लंदन में प्रतिबंधित संगठन 'पैलेस्टाइन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन,40 से अधिक लोग गिरफ्तार

**लंदन, ।** ब्रिटेन सरकार द्वारा 'पैलेस्टाइन एक्शन' को आतंकी संगठन घोषित किए जाने के खिलाफ शनिवार को लंदन के केंद्रीय हिस्से में हुए प्रदर्शन में 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया. यह प्रदर्शन उस निर्णय के विरोध में था, जिसमें समूह को ₹टेररिज्म एक्ट 2000₹ के तहत प्रतिबंधित किया गया है. मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि इन गिरफ्तारियों में से अधिकांश प्रतिबंधित संगठन का समर्थन करने के आरोप में की गईं. इसमें नारे लगाना, कपड़े पहनना, झंडे या प्रतीक दिखाना जैसी गतिविधियां शामिल थीं. एक व्यक्ति को सामान्य हमले (कॉमन असॉल्ट) के आरोप में गिरफ्तार किया गया. यह लगातार दूसरा सप्ताह था जब प्रदर्शनकारियों ने 'पैलेस्टाइन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन किया. पिछले सप्ताह भी इसी तरह के प्रदर्शन में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था.

### गुवाहाटी : उल्फा (आई) ने म्यांमार स्थित अपने शिविरों पर ड्रोन हमलों का किया दावा, भारत ने नहीं की पुष्टि

- सूत्रों का दावा, उल्फा (स्वा) के दूसरे प्रमुख स्वयंभू कमांडर नयन असम और स्वयंभू कर्नल प्रदीप असम मारे गए

**गुवाहाटी ।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम ने दावा किया है कि भारतीय सेना ने रविवार की रात में म्यांमार स्थित उसके शिविरों और ठिकानों पर बड़ा ड्रोन हमला किया है. भारतीय सेना की इस सीमा पार कार्रवाई में उसके संगठन के दो कमांडर समेत कई उग्रवादी मारे गए हैं. हालांकि, भारतीय रक्षा मंत्रालय और म्यांमार के अधिकारियों की ओर से ऐसे किसी हमले की पुष्टि नहीं की गयी है. उल्फा (स्वायत) का दावा है कि सुरक्षा बलों द्वारा म्यांमार में पूर्वोत्तर के प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा-इंडिपेंडेंट), एनएससीएन (के) और पीएलए के शिविरों पर ड्रोन हमले किए गए हैं. सीमा पार की गयी कार्रवाई में उल्फा (स्वा) के दूसरे प्रमुख स्वयंभू कमांडर नयन असोम और स्वयंभू कर्नल प्रदीप असोम समेत उसके संगठन के कई सदस्यों (उग्रवादियों) की मौत हो गयी है.

### हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भूस्खलन के कारण हाईवे समेत 227 सड़कें बंद



**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चेतावनी दी है कि 14 से 17 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है. इस दौरान कांगड़ा और सिरमौर जिलों में 14 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि मंडी, शिमला और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है. 15 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा का येलो अलर्ट रहेगा. 16 जुलाई को लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी सभी 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा. वहीं 17 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर में फिर से येलो अलर्ट जारी किया गया है. 18 और 19 जुलाई को हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है, लेकिन इन दिनों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है. रविवार को मानसून की रफ्तार कुछ धीमी रही और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ बना रहा.

**एकता पर जोर** | अमेरिका में जेफ्री एपस्टीन केस में खुलासों की उम्मीदों पर फिर गया पानी

# राष्ट्रपति ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी का किया बचाव

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका में जेफ्री एपस्टीन की मौत के मामले में लोगों के बीच अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के खिलाफ बढ़ती नाराजगी के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बॉन्डी का बचाव किया. पाम को इन दिनों एपस्टीन की मौत और उससे जुड़ी जांच को लेकर ट्रंप समर्थकों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में ट्रंप ने बॉन्डी का समर्थन कर अपने प्रशासन में एकता बनाने की बात पर जोर दिया.

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि बॉन्डी शानदार काम कर रही हैं, और उनके खिलाफ हो रहे विरोध पर उन्हें आपत्ति है. उन्होंने कहा कि कोई एपस्टीन की परवाह नहीं करता, अब इस पर समय बर्बाद करने का कोई मतलब नहीं.



**एपस्टीन केस में ट्रंप ने साफ किया रुख :** राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के बाद यह साफ है कि वे बॉन्डी को लेकर अपनी प्रशासन में एकजुटता बनाए रखना चाहते हैं. ट्रंप ने अपने ही समर्थकों टीम से सवाल किया है कि वे अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के खिलाफ क्यों हो रहे हैं.

उन्होंने लिखा कि मेरे ही लोग बॉन्डी के खिलाफ हो रहें हैं, जबकि बॉन्डी शानदार काम कर रही हैं. उन्होंने कहा कि हम सब एक ही टीम में हैं मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और जो हो रहा है मुझे पसंद नहीं आ रहा. साथ ही ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि वह बॉन्डी के समर्थन में हैं और अपनी टीम में एकता बनाए रखना चाहते हैं.

### एफबीआई को एपस्टीन नहीं, बल्कि चुनाव की जांच में लगना चाहिए : ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया भर में चर्चा में है, लेकिन कुछ स्वार्थी लोग इसे नुकसान पहुंचा रहे हैं, और वह भी एक ऐसे इंसान के लिए जिसकी किसी को परवाह नहीं. उन्होंने कहा कि बार-बार एपस्टीन के मामले में समय और ऊर्जा बर्बाद करना बेकार है. ट्रंप ने कहा कि अब ध्यान 2020 के धांधली भरे चुनाव पर होना चाहिए, जिसमें वे जो बाइडेन से हार गए थे. उन्होंने कहा कि एफबीआई को एपस्टीन नहीं, बल्कि चुनाव की जांच में लगना चाहिए.

### मणिपुर में सुरक्षा बलों के अभियान में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल ।** सुरक्षा बलों द्वारा मणिपुर के विभिन्न जिलों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. इन अभियानों के दौरान 11 और 12 जुलाई को मणिपुर के इम्फाल पूर्व, थौबल और बिष्णुपुर ज़िलों में चलाए गए त्वरित, खुफिया-आधारित अभियानों में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया. मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि इम्फाल पूर्व में थौबल डैम पुलिस स्टेशन के अंतर्गत लाईखोंग गांव से कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के दो उग्रवादियों को पकड़ा गया. आरोपितों की पहचान इथम ममांग लेइकाई निवासी, सगोलशेम, ललित मैतेई और इथम वांगमा, लेइकाई निवासी अहोंगशांगबाम तोम्बा सिंह के रूप में हुई है.







स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)